सामान्यतः ध्वनि का अर्थ व्यङ्ग्य है। पारिभाषिक शब्दावली में ध्वनि को 'वाच्यातिशायिनि व्यङ्ग्ये ध्वनिः' कहकर परिभाषित किया जा सकता है। अतः वाच्य से अधिक रमणीय व्यङ्ग्य को ध्वनि मानकर ध्वनि के अनेक भेद किये गये हैं। अभिनवगुप्त ने आनन्दवर्धन के मन्तव्य को प्रस्तुत करते हुए ध्वनि के मूल दो भेद अविवक्षितवाच्यध्वनि तथा विवक्षितान्यपरवाच्यध्वनि के नाम से स्वीकार करके कुल 35 भेदों का स्पष्ट संकेत किया है-

अविवक्षितवाच्यो विवक्षितान्यपरवाच्य इति द्वौ मूलभेदौ।.. पञ्चत्रिंशद्भेदाः।[19]

काव्यालङ्कारसारसंग्रह के व्याख्याकार आचार्य इन्दुराज ने ध्वनि को प्रमुख दशवर्गो में विभाजित किया है।[20] आचार्य मम्मट ने तो ध्वनि के प्रमुख इक्यावन भेद बताकर कुल 10455 भेद स्वीकार किये है।[21] अतः ध्वनि के असंख्यभेद सम्भावित होने के कारण उनका एकैकशः निरूपण क्या नामोल्लेख भी अप्रासङ्गिक होगा। अतः सम्प्रति ध्वन्यालोक में निर्दिष्ट भेदद्वयाश्रित पैंतीस भेदोपभेदों में यहाँ अविवक्षितवाच्यध्वनि अर्थात् लक्षणामूलक तथा विवक्षितान्यपरवाच्यध्वनि अर्थात् अभिधामूलक ध्वनिद्वय का सभेद दिग्दर्शन करके सन्तोष करना ही उचित है।

सन्दर्भ –

1. काव्यालङ्कार
2. ध्वन्यालोक 1.4 लोचन
3. तदेव 1.13 लोचन
4. तदेव 1.1
5. तदेव 1.5 लोचन
6. तदेव 1.2 लोचन
7. तदेव-मङ्गलाचरण
8. तदेव - लोचन
9. तदेव लोचन
10. तदेव लोचन
11. तदेव 1.21 लोचन
12. तदेव 1.1 लोचन
13. तदेव लोचन
14. तदेव लोचन
15. तदेव 1.4
16. तदेव 1.2 लोचन
17. तदेव 1.6
18. तदेव लोचन
19. ध्वन्यालोक 2.1 लोचन पृ.281
20. काव्यालङ्कारसारसंग्रहटीका पृ.91
21. काव्यप्रकाश 5.47, पृ 224

संस्कृत साहित्य में जलविचार

(वृहत्संहिता के आलोक में)

· डॉ. मैत्रेयी कुमारी*

शोधसार –

जल प्राणीमात्र के जीवन का आधार है। वैदिक साहित्य से लेकर आधुनिक साहित्य तक संस्कृत भाषा साहित्य में जल के संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु अनेक ग्रन्थों का प्रणयन किया गया है। प्रस्तुत लेख वराहमिहिर प्रणीत वृहत्संहिता ग्रन्थ में प्रतिपादित जल सम्बन्धी विचारों की समीक्षा प्रस्तुत की गयी है। यहाँ जल के प्रारम्भिक रूप से लेकर वर्षाजल, नदी जल, कूप एवं सरोवर आदि जलीय स्रोतों के जलों की शुद्धि एवं संरक्षण का विचार किया गया है।

बीजशब्द – आपो, अप्सर्, अम्भ, अम्भस्, सलिलम्, आप्य, वायव्य, सौम्य, सुवृष्टि, अतिवृष्टि, अप्, वायु और सोम आदि।

गोस्वामी तुलसीदास जी ने कहा है- **क्षितिजल पावक गगन समीरा, पंचरचित यह अधम शरीरा।** हमारा शरीर इन्हीं पाँच तत्वों (क्षिति अर्थात् पृथ्वी, जल, पावक (अग्नि), गगन (आकाश) और समीर (वायु) से निर्मित है। प्राणीमात्र की आवश्यकताएं एवं अपेक्षाएं इन्हीं पाँच महाभूतों से है। अथर्ववेद (18/1/17) में जल, वायु और पृथ्वी पर उगने वाली औषधियों को तीन छन्द पदार्थ बताया गया है जो सृष्टि के आदि से प्राणियों पर उपकार के लिए इस भुवन में स्थापित है। छंद नाम से पर्यावरण में सर्वत्र उपलब्ध उन पदार्थों की महत्ता को आज समझने और उनके संरक्षण की महती आवश्यकता है। जल पृथ्वी पर्वत, नदियां, समुद्र, वृक्ष, वनस्पतियां, वायु आदि जिस प्रकार प्रकृति की सम्पदा है उसी प्रकार प्राणी जगत् की भी हैं। जैसे प्राकृतिक तत्व एक-दूसरे के संरक्षण में सहायक है वैसे ही मनुष्य को भी उनका संरक्षक होना चाहिए।

'जल' को संस्कृत में आपो, अप्सर्, अम्भ, अम्भस्, सलिलम् इत्यादि कहा गया है। वेदवीथीपथिक पण्डित मोतीलाल शास्त्री कहते हैं कि भगवान् स्वयम्भू से सबसे पहले वायुमय जल उत्पन्न हुआ। जल सत्यस्वरूप स्वयम्भू का पहला अवतार है। श्रुति कहती है- **'तदयत् सत्यमपरापतत्। आपो ह वै सत्यम्। तस्माद् येनापोयानी तत् सत्यस्य रूपमित्याहुः। अपरा वास्य सर्वस्याग्रमकुर्वन्। तस्माद् यदैवापोयान्ति अथेदं सर्वं जायते यदिदं किञ्च इति।** (3/3/1/6) सत्य का वास्तविक रूप जल ही है। **'तत्-तत्र तदुक्तं विधं यत्, सत्यम् आप एव अर्थात् पूर्वाधिप्रकरणे आप सत्यमेव सत्यपदेनोक्तम्।**[1]

*एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, कमला नेहरू कालेज (D.U) नई दिल्ली-49

आपो ह वै सत्यम्।

यह जल जिस ओर बहकर जाता है उस मार्ग को सत्य का रूप कहा जाता है। महर्षिगण जल के स्थान को सत्य का स्थान बताया करते थे। **'तस्माद् यदैव (येन मार्गेण) आपो यन्ति (गच्छन्ति) तत् स्थानं सत्यस्य (उदकात्मकस्य) सत्यस्य ब्राह्मणः रूपमित्याहुः ब्रह्मवादिनः।** श्रुति कहती है- सम्पूर्ण जगत् की सृष्टि के पूर्व देवताओं अर्थात् स्वयम्भूमण्डलस्थ ऋषि नाम के प्राण देवताओं ने जल ही उत्पन्न किया। जल के आगे बढने पर ही सारा प्रपञ्च उत्पन्न होता है जो दिखलाई पडता है। जड-चेतन सभी का आदि पितर जल है। वृष्टि के होने पर ही औषधि, वनस्पति, सारे भूत उत्पन्न होते हैं। अप् स्वरूप पुरुष के वीर्य और स्त्री के गर्भाशय से निःसृत जल के मेल से ही गर्भस्थिति होती है, सृष्टि होती है।

तस्माद् यदेवोपयन्ति अथेदं सर्वं जायते यदिदं किञ्च इति ।

हिरण्यगर्भ सूक्त में कहा गया है कि प्रारम्भ में सर्वत्र जल ही जल था। जिससे हिरण्यगर्भ की उत्पत्ति हुई जो समस्त सृष्टि का मूलभूत कारण था। **आपो ह यद् वृहतीर्विश्वमायन गर्भं दधाना...ततो देवानां समर्वता सुरेक ...।**[2] नासदीय सूक्त में भी कहा गया है- **सलिलं सर्वमा इदम्।**[3] शतपथ ब्राह्मण में भी इस तथ्य की पुष्टि की गई है- **आपो ह वा इदमग्रे सलिलमेवास।**

जल से सारमय पदार्थ उत्पन्न होते हैं। उससे अन्न की उत्पत्ति होती है और अन्न से अग्नि ऊर्जा का प्रादुर्भाव होता है। शुद्ध जल दीर्घायु और स्वास्थ्य प्रदाता होता है वह प्राणों का रक्षक और अमृतरूप है। यह अन्न, वनस्पति आदि का स्वामी है। यह मनुष्यों के लिए निवास देनेवाला और भैषज रूप है। **'ईशाना वार्याणां क्षयन्तीश्चर्षणी नाम अपो याचामि भेषजम्[4]। अप्सु सोमो अब्रवीदन्तर्विश्वानि भेषजा अग्निञ्च विश्वशंभुवमापश्च विश्वभेषजीः[5]।**

अप्, वायु और सोम- इन तीनों का समष्टि ही परमेष्ठि है। ये सूर्य के ऊपर सत्यपिंड रूप में अवस्थित है। सूर्य और स्वयम्भू के मध्य में अन्तरिक्ष में आपोमय, वायुमय एवं सोममय विष्णु नामक यज्ञक्षर है, वही परमेष्ठि कहलाता है। हम दैनन्दिन जीवन में जिस जल का उपयोग करते हैं वैसा जल उस परमेष्ठि में नहीं है अपितु वह वायुमय है। यह वायुमय आप् तीन प्रकार का है १. आप्य, २. वायव्य और ३. सौम्य। स्वयम्भू से नीचे स्थित परमेष्ठी वायु त्रिविध है। इसी पर स्वयम्भू के चित् का प्रतिबिम्ब पडता है। इस चित् के प्रतिबिम्ब अथवा चिदाभास को जीवात्मा कहते हैं। सारे ब्रह्माण्ड में चित् का प्रतिबिम्ब केवल जल, वायु और सोम पर पडता है। अतएव संपूर्ण ब्रह्माड में जीव भी तीन प्रकार के है। १.आप्य जीव- जल में रहने वाले मत्स्यादि। २. वायव्य जीव- हम मनुष्य पशु-पक्षी आदि। ३. सौम्य जीव- चन्द्रमा की चाँदनी में रहनेवाले जिसे देवता कहा जाता है।

जल नामक वायु से जल उत्पन्न होता है। वायु वायु ही रहता है और सोम नामक वायु से अग्नि प्रज्वलित होती है। दाह्य वायु का नाम सोम है जिसे ऑक्सीजन कहा जाता है। अग्नि में नहीं जलने वाला आप्य वायु जल है जिसे हाइड्रोजन कहा जाता है। ऑक्सीजन और हाइड्रोजन के मेल से ही पीने का स्थूल पानी (H20) उत्पन्न होता है। जो तीसरा वास्तविक वायु है वह नाइट्रोजन है। इसे शिव कहते है। इस परमेष्ठी में

एक चौथी चीज भी होती है जिसे अङ्गिरा कहते हैं। अङ्गिरा अर्थात् पृथ्वी में से निकलने वाली अग्नि- **इतरात् उदारूहन् दिवः पृष्ठान्यारुहत।**[6] अङ्गिरा को कार्बन कहा जाता है जो अग्नि-यम-आदित्य तीन प्रकार का है। सम्पूर्ण संसार में जल-वायु-अग्नि-सोम-यम-आदित्य ये छः पदार्थ ही व्याप्त हो रहे हैं। इनमें जो जल है, जिससे जल उत्पन्न होता है, उस वायु को अम्भः कहते हैं। **अदोम्भः परेण दिवि।** जो सोम वायु है उसे पवमान कहते हैं। सोम का काम है संसार में पवित्रता रखना फिल्टर करना।

पवित्रं ते विततं ब्रह्मणस्पते प्रभुर्गात्राणि पर्येषि विश्वसतः।
अतप्ततनूर्न तदामोऽश्नुते श्रृतास इद्वहन्तस्तत्समाशत।[7]

तीसरा तत्त्व वायु अर्थात् शिव (जिसे पौराणिक साम्ब सदाशिव कहते हैं) एक प्रकार की अग्नि है जो यमराज रूप है। सूर्यातप की प्रखरता के कारण यह वायु यमराज कहलाता है। यह परमेष्ठि के जल के सम्बन्ध से रूद्रभाव को छोडकर शान्त हो जाता है।

हमारा शरीर अनेक प्रकार के जल ग्रहण करता है और समयानुसार उसका उत्सर्जन भी करता है। जल प्राप्ति का मुख्य स्रोत वर्षा है। अन्य स्रोत जलाशय, नदी, बावडी (वापी), तालाब, कुआँ, नलकूप, बोरिंग (बोरवेल) इत्यादि हैं। इन सभी जलस्रोतों का सम्बन्ध भूगर्भ से है। भूमिगर्भ में जल-शिराएं चतुर्दिक् प्रसृत हैं जो हमें विभिन्न स्रोतों द्वारा जल उपलब्ध कराती हैं। भूगर्भस्थ और आकाश (वर्षा) सम्बन्धित जलज्ञान के प्राचीन सिद्धान्त जो हमारे पूर्वज त्रिकालज्ञ तत्त्वदर्शी ऋषि-मुनि एवं आचार्य द्वारा समय-समय पर दिया गया है वह आज भी प्राणीमात्र के लिए उपयोगी है।

आचार्य वराहमिहिर ने अपने ग्रन्थ वृहत्संहिता के वृष्टिगर्भलक्षणाध्याय में जल के स्वरूप, मात्रा, उत्पत्ति एवं गर्भधारण इत्यादि का विस्तृत रूप से वर्णन किया है। वृहत्संहिता के २१ वें अध्याय से लेकर तीसवें अध्याय तक मेघ (जल) का वर्णन मिलता है जैसा कि अध्याय के नाम से भी ज्ञात होता है। यथा- गर्भलक्षणविचार, गर्भधारण-निरूपण, प्रवर्षणनिरूपण इत्यादि। गर्भधारण एवं प्रवर्षण के विषय में वराहमिहिर कहते हैं कि चंद्रमा के जिस नक्षत्र में होने से गर्भ की स्थिति होती है, चन्द्र के 195वें दिन में अर्थात् साढे छह महीने बाद उस जल का प्रसव (वर्षण) होता है। जिस पक्ष, दिन या रात्रि कोण तथा दिशाओं में गर्भधारण होता है। प्रसव सामान्यतः उसके ठीक विपरीत पक्ष, दिन या रात्रि अथवा पूर्वादि दिशाओं एवं कोणों (आग्रेय, वायव्य, ईशान, नैऋत्य) में माना जाता है।

'वृहत्संहिता' में अल्पकालिक वर्षा, दीर्घकालिक वर्षा, सुवृष्टि, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, सुभिक्ष, दुर्भिक्ष इत्यादि का भी विचार किया गया है। इसके 'कुसुमलताविचार नामक 29वें अध्याय में वर्षा के कारण भिन्न-भिन्न धान्य पदार्थों का वर्णन प्राप्त होता है जिनसे पृथ्वी में जल संचय होता है। साथ ही यव, धान्य, तिल, माष, कपास, अलसी (तीसी), हाथी, बकरी, भेड, गाय, केशर, व्यापार आदि की वृद्धि वर्णित है। उदाहरणार्थ- आम से मनुष्य का कल्याण, मल्लातक से भय, पीलु से आरोग्य, खैर तथा शामली से दुर्भिक्ष, अर्जुन, नीम आदि से सुवृष्टि होती है। इसमें यह भी बताया गया है कि जिस देश में वृक्ष, गुल्म और लताओं के पत्ते चिकने और छिद्रहीन होते हैं अथवा दिखते हैं उस देश में अच्छी वृष्टि होती है। लेकिन यदि पत्ते रूक्ष और

छिद्रयुक्त हों तो अल्पवृष्टि होती है।

आधुनिक युग के मनीषी एवं वेदवीथीपथिक पण्डित मधुसूदन ओझा ने स्वग्रन्थ कादम्बिनी के सिंहावलोक नामक अध्याय में चान्द्रनाक्षत्रिकम् के अन्तर्गत प्रत्येक मास की विशेष परीक्षा करके वृष्टि, सुवृष्टि, अनावृष्टि, अतिवृष्टि का निर्देश अथवा पूर्वानुमान किया गया है[8]। उदाहरणार्थ-

विद्युन्न स्पन्दते चैत्रे वैशाखोपक्रमे जलम्। अत्युग्रस्तपति ज्येष्ठे, तदात्यन्तं सुवृष्टयः[9]।। **तथा च शैत्येन कम्पनं चैत्रे वैशाखे करकाझटो। ज्येष्ठे चेन्निर्मले व्योमं तदा वर्षा भविष्यति** ।।[10]

अर्थात् चैत्र में बिजली न चमके, वैशाख के प्रारंभ में जल बरसे और जेठ अधिक तपे तो अत्यंत सुवृष्टि होती है। यदि चैत्र में ठण्ड के कारण शरीर कांपने लगे, बैशाख में ओलों की झडी लगे और जेठ में आकाश निर्मल रहे तो समझना चाहिए कि वर्षा अच्छी होगी। जलस्रोत के विषय में वराहमिहिर बताते हैं कि यह स्वच्छ, गहरा, विस्तृत, निर्मल और खुला होना चाहिए। जल की निकासी के विषय में आचार्य कहते हैं **—द्वारं च नैर्वाहिकमेकदेशे कार्यं शिलासञ्चितवारिमार्गम्।**

कोशस्थितं निर्निवरं कपाटं कृत्वा ततः पांशुभिरावपेत्तम् ।।[11] अर्थात् बावडी के एक ओर पत्थरों से चुना हुआ, तली को समतल बनवाकर, लकडी के बिना छिद्रों वाले तख्ते से रोकने या बन्द करने की व्यवस्था से युक्त, मिट्टी से ढका हुआ पानी की निकासी का मार्ग बनवाएं। वृक्षायुर्वेदाध्याय में वृक्षारोपण के लाभ, उद्यान के योग्य भूमि, लगाने योग्य वृक्ष, तने में लगाने योग्य वृक्ष, वृक्ष लगाने की ऋतु पेड का स्थान परिवर्तन, रोपण विधि, सिंचाई के नियम, जलीय प्रदेशों के वृक्ष, पेडों में परस्पर अन्तर, दूरी का लाभ, पेडों के रोग एवं उनकी चिकित्सा, उत्तम फल लगाने के उपाय, अच्छी वृद्धि के लिए बीज संस्कार विधि, इमली लगाने की विधि, वृक्षारोपण के नक्षत्र इत्यादि का वर्णन किया गया है।

जलशुद्धि के विषय में वृहत्संहिता' में अनेक उपाय बताए गए है। उदाहरणस्वरूप- प्रथम विधि में कहा गया है कि अञ्जन, मोथा, खस, राजकोशातक (तोरई), आंवला, कतक (निर्मली) का चूर्ण समभाग में लेकर कूप (जलस्रोत) में डालना चाहिए। इससे गंदा, कडवा, नमकीन व बेस्वाद जल भी उत्तम, स्वादिष्ट, शुद्ध, स्वच्छ एवं सुगन्ध युक्त हो जाता है। साथ ही जल का खारापन भी दूर हो जाता है।[12] खारे पानी को शुद्ध एवं स्वच्छ करने के लिए दूसरी विधि यह बताई गई है—

क्षारं पयो यत्र च तत्र कूपे करोतिमिष्टं खदिरं चूर्णम्।
यत्राविलं तत्र पलाशभस्मक्षेपात्पय निर्मलतां प्रयाति ।।[13]

अर्थात् कूप में यत्र तत्र खैर का चूर्ण डालने से खारा पानी मीठा हो जाता है तथा गन्दे पानी में पलाश का भस्म डालने से जल स्वच्छ हो जाता है। आगे कहा गया है- **भवति ककुभमुस्तोशीरधात्रीफलानां कतकफलसमेत लोहराजादनानाम्। सलिलमपि च चूर्णे वापिकादी हि मुक्ते मलिनकटुकुगन्धमिष्टमच्छं सुगन्धम्** [14]।। अर्थात् ककुभ (अभ्रक), मोथा, खस, धायफल, कतकफल, लौह, राजादन का चूर्ण वापी आदि में डालने से मेला, कडवा और दुर्गंधयुक्त जल मीठा, स्वच्छ और सुगन्धयुक्त हो जाता है। साथ ही जलहरड, कूट, इलायची, कतकफल का चूर्ण, खैर का सार और श्रीफल

डालने से भी खारा व दुर्गन्धयुक्त जल मीठा और सुगन्धित हो जाता है।[15]

पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए प्रकृति और मानव के बीच पारस्परिक सन्तुलन अति आवश्यक है। शुद्ध हवा, जल, पृथ्वी, पेड-पौधों आदि के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। हजारों वर्ष पूर्व वैदिक ऋषियों ने इस सत्य को भली-भांति समझ लिया था। उन्होंने मन्त्रों द्वारा प्राकृतिक शक्तियों और तत्वों की देवताओं के रूप में स्तुति की है। यथा- **उतवात् पितासि नः**[16]। (हे वात। तुम हमारे पिता हो।) **शतं वो अम्बधामानि**[17]। (हे मातृरूप औषधियों तुम्हारे सैकड़ों जन्म स्थान हैं।) **माताभूमिः पुत्रोऽह पृथिव्याः**[18]। यो व शिवतमो रसस्तस्य भाजयतेह नः। उशतीरिव मातरः[19]।

संरक्षित एकत्रित जल का उपयोग लोग कृषि सिंचाई आदि विभिन्न क्षेत्रों में वर्ष भर किया करते थे। विशेष रूप से राजस्थान के जैसलमेर में आज भी जलचक्र को समझकर बरसात का पानी इकट्ठा कर भूजल भण्डार सुरक्षित कर लिया जाए तो पानी की समस्या बहुत हद तक हल हो सकती है। जल संरक्षण के लिये तैत्तिरीय आरण्यक में कहा गया है- **नाप्सुमूत्रपुरीषं कुर्यात्**[20]॥ मल-मूत्र त्याग, पशु को नहलाना, गंदे कपडे धोना, शव फेंकना, कल-कारखानों के अपशिष्ट एवं प्रदूषित पदार्थों आदि से जलस्रोतों को बचाना ही जल संरक्षण का मूलभूत सिद्धान्त है।

जलस्रोतों को प्रदूषित नहीं करना चाहिए क्योंकि सर्वप्रथम धार्मिक दृष्टि से ऐसा करना अनुचित है। भारतीय संस्कृति में नदियों और समुद्रों को देवी-देवताओं के रूप में पूजा गया है। ऋग्वेद में विश्वामित्र ऋषि नदियों से कहते हैं- **उद्व ऊर्मिः शम्या हन्त्वापो योक्त्राणि मुञ्चत। मादुष्कृतौ व्येनसान्यौ शूनमारताम्**[21]। हे नदियो तुम लोगों के ऐश्वर्य को बढाती रहो और स्वयं भी वेग से बहती रहो भरपूर प्रवाह से युक्त होकर तुम्हारी लहरें ऊर्ध्व यज्ञस्तम्भ से टकराती रहें अर्थात् तुम्हारे किनारों पर सदा यज्ञ होते रहे एवं कृषक सदा अच्छी खेती करने में संलग्न रहें। तुम पाप और मलिनता से रहित रहो। हमेशा कल्याणकारी कर्मों को सम्पादित करो और समृद्धि को प्राप्त होओ। तुम किसी प्रकार की हिंसा के अयोग्य हो।

नदी के जल का दुरुपयोग करना ही हिंसा है। जल के समुचित उपयोग में जन-समृद्धि एवं कल्याण निहित है- **आपः सर्वस्य भेषजीस्तास्ते कृण्वन्तु भेषजम्**[22]। प्रदूषित जल से बीमारियां होती है, संक्रमण फैलता है न केवल मनुष्यों अपितु पशु, जल में रहने वाले वत्तख एवं मत्स्यादि भी उससे आक्रान्त हो जाते हैं। ऐसे प्रदूषित जल के सेवन से मनुष्य एवं पशु रोगग्रस्त होते हैं। अतः स्वास्थ्य की दृष्टि से भी जल प्रदूषित करना अनुचित एवं हानिकारक है। पवित्र स्थलों पर गन्दगी फैलाने से जल प्रदूषण के साथ-साथ सामाजिक पर्यावरण भी प्रभावित होता है। अतः एव जल के संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु ऋषियों ने अनेक सूक्तों में बारम्बार प्रार्थनायें की हैं।

सन्दर्भ -

1. द्रष्टव्य - परमेष्ठीकृष्णरहस्य पंडित मोतीलाल शास्त्री, प्रथम संस्करण, पृष्ठ--22
2. ऋग्वेद 10/121/7
3. वही. 10/129/3

4. वही 10/9/5
5. वही, 1/23/20
6. द्रष्टव्य परमेष्ठीकृष्णरहस्य : पंडित मोतीलाल शास्त्री प्रथम संस्करण, पृष्ठ-18
7. वही, पृष्ठ 26
8. कादम्बिनी : पंडित मधुसूदन ओझा, अध्याय--सिंहावलोक, चान्द्रनाक्षत्रिकम्, श्लोक संख्या--592--600
9. वही श्लोक संख्या - 597
10. वही श्लोक संख्या --598
11. वृहत्संहिता : वराहमिहिर, दकार्गलाध्याय 54/120
12. वही 54/121
13. वृक्षायुर्वेद, जलाश्रयनिरूपणम्, 36
14. वृक्षायुर्वेदाध्याय, 37
15. वही 38
16. ऋग्वेद 10/186/2
17. वही, 10/97/2
18. अथर्ववेद. 12/1/
19. ऋग्वेद 10/9/2
20. तैत्तिरीय आरण्यक 1/26/7
21. ऋग्वेद, 3/33/13
22. ऋग्वेद, 10/137/6

समासगत उदात्तादिस्वर हेतुक अर्थभेद

· डॉ. करुणा आर्या*

शोधसार –

पाणिनीय अष्टाध्यायी के सूत्रों को जानकर ही हम वेद ज्ञान को सुगम बना सकते हैं। व्याकरण के स्वरविधान को अध्ययन-अध्यापन में लाकर वेदार्थ वास्तविक रूप से सार्थक होगा। स्वर के आश्रय बिना मन्त्रांशों को समझ पाना दुरूह है। संस्कृत व्याकरण में ऐसे अनेक उदाहरण हैं जिन्हें बिना स्वरार्थ समझे प्रयोग करने पर लाभ की अपेक्षा हानि की सम्भावना होती है। इन्दशत्रुः, स्थूलपृषती आदि उदाहरण स्वर भेद से अर्थ भेद को प्रकट करते हैं। प्रस्तुत शोधपत्र में समासगत उदात्तादि स्वरों के परिवर्त्तन से अर्थभेद की विवेचनात्मक समीक्षा की गयी है।

बीजशब्द – उदात्त, अनुदात्त, स्वरित, समास, तत्पुरुष, बहुव्रीहि, द्वन्द्व, अव्ययीभाव, पाणिनि, वेद, अर्थभेद, स्वर, वैदिक शब्द।

संक्षेप संक्षिप्तीकरण[1] को समास कहते हैं। प्रत्येक संक्षेप को समास नहीं कहा जाता है, किन्तु अर्थ की दृष्टि से दो अथवा दो से अधिक पद मिलकर जब एक हो जाते हैं तब वह समास कहलाता है। समास हो जाने पर उन समस्यमान पदों की अपनी- अपनी विभक्तियाँ प्रायः लुप्त हो जाती हैं। पुनः उस शब्द को प्रातिपदिक मानकर पुनः विभक्ति आती है जिससे समस्त पद की निष्पत्ति होती है[2]। स्वर[3]-प्रक्रिया में इस समस्त पद को एकपद मानकर ही उदात्तादि स्वर लगाये जाते हैं। काशिकाकार कहते हैं कि समास का प्रयोजन ही है कि एकपद और एकस्वर हो जाना। यथा- राजपुत्रः। राजपुरुषः। कृष्णश्रितः। हतमातृकः, उग्रबाहुः आदि।

उदात्त, अनुदात्त और स्वरित के भेद से स्वर तीन होते हैं[4]। उदात्तादि स्वर वर्ण[5] धर्म हैं। इनके उच्चारण प्रकार से भेद स्पष्ट होना चाहिए किन्तु आजकल इस प्रकार के उच्चारण में कुछ गिने चुने महाराष्ट्रीय वेदपाठी एवं दाक्षिणात्य वेदपाठी ही जो कि श्रोत्रिय परम्परा में पोषित एवं पल्लवित हैं वही समर्थ हैं। इन्हीं स्वरों का अर्थ के साथ साक्षात् सम्बन्ध होता है। नाम-आख्यात[6] की पहचान में स्वर अत्यन्त उपादेय हैं। यथा-– **स कर्ता॥ स कंर्ता॥** ये दोनों आकृतियाँ लिपि में एक जैसी हैं किन्तु यहाँ प्रथम **कर्त्ता,** तृन् प्रत्ययान्त पद आद्युदात्त होने से नाम सुबन्त है और द्वितीय कर्त्ता पद अन्तोदात्त तिङन्त आख्यात है। यहाँ 'न लुट्'[7] के नियम से तिङन्त सर्वानुदात्त नहीं होता है। तृच् प्रत्ययान्त कर्त्ता शब्द भी अन्तोदात्त ही होता है।

*सहाचार्या, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

भाषा का व्यवहार वाक्यों में होता है। वाक्य में नाम आख्यातादि पदों का प्रयोग होता है। प्रत्येक प्रकार के पद के लिये उदात्तादि स्वरों के नियम निर्धारित किये गये हैं। इन स्वरों के नियमों के आधार पर ही सस्वर पदों का उच्चारण करना चाहिये। अन्यथा स्वरदोष युक्त पदप्रयोग किस प्रकार घातक हो सकता है यह महाभाष्य के अधोलिखित प्रसङ्ग से समझा जा सकता है। यथा-**इन्द्रशत्रुर्वर्धस्व–** यह समासान्त शब्द है इसमें स्वर के अपराध से अर्थात् अशुद्ध स्वरोच्चारण के कारण यजमान का ही विनाश हो गया।[8] ब्राह्मण ग्रन्थों में 'आख्यायिका' है कि त्वष्टा नामक असुर ने देवों से पराजित होकर वृत्र नामक असुर को उत्पन्न किया। इन्द्रादि देवों से युद्ध के पूर्व वृत्र ने स्वरबलवृद्ध्यर्थ यज्ञ किया। यहाँ बहुव्रीहि समास (इन्द्र है शत्रु= शातयिता मारने वाला जिसका वह वृत्र बढे) मानने पर पूर्वपदप्रकृतिस्वर होने से पद आद्युदात्त होगा तथा पद में तत्पुरुष समास मानने पर (इन्द्र का शत्रु शातयिता = नाश करने वाला वृत्र बढे) पद 'समासस्य' सूत्र से अन्तोदात्त होगा। यहाँ होता की देवों से मिलीभगत होने के कारण इन्द्रशत्रुर्वर्धस्व मन्त्र से आहुति देते समय अन्तोदात्त उच्चारण के स्थान पर आद्युदात्त इन्द्रशत्रु पद का उच्चारण किया गया। जिससे मन्त्र का अर्थ यजमान की कामना के विपरीत हो गया। इस कारण इन्द्र ने वज्र के प्रहार से वृत्र को नष्ट कर दिया। इस आख्यायिका में अन्तोदात्त के स्थान पर पूर्वपदप्रकृतिस्वर तथा तत्पुरुष की जगह बहुव्रीहि का प्रयोग करने से शब्द घातक हो गया।

इससे ज्ञात होता है कि यज्ञों में सस्वर मन्त्रोच्चारण होता था। अन्यथा स्वर अशुद्ध होने से यजमान के नाश की चर्चा क्यों होती। पुराकल्प में यज्ञों में मन्त्रोच्चारण का सस्वरपाठ होने की चर्चा शतपथ ब्राह्मण में भी की गयी है –– **वाचि स्वरमिच्छेत। तया स्वरसम्पन्नयार्त्विज्यं कुर्यात्। तस्मात् स्वरवन्तं यज्ञे दिदृक्षन्त एव**[9], अर्थात् उस स्वर से सम्पन्न वाणी से ऋत्विग् कर्म करे। इसलिए प्रशस्त स्वरवाले को देखने की चाहना करते हैं।

'वीरपुरुषम्' इस समस्त पद का विग्रह भिन्न अर्थों की विवक्षा होने पर दो प्रकार से सम्भव हो सकता है अर्थात्- वीरपुरुषं गच्छ[10] - यहाँ भी समास भेद से दो प्रकार का स्वर होता है। बहुव्रीहि समास में वीरपुरुषाः यस्मिन् ग्रामे वसन्ति तं गच्छ अर्थात् वीर पुरुष जिस गाँव में हैं उसकी ओर जा तथा कर्मधारय तत्पुरुष में वीरश्चासौ पुरुषश्च अर्थात् वीरपुरुष को प्राप्त हो, ऐसा अर्थ होगा। यदि कोई व्यक्ति बहुव्रीहि समास मानकर पूर्वपदप्रकृतिस्वर उच्चारण के स्थान पर अन्तोदात्त स्वर उच्चारण करता है तो अर्थ का अनर्थ हो जायेगा। पातञ्जल महाभाष्य में वर्णन आया है कि अशुद्धोच्चारण और अशुद्ध स्वर लगाने पर खण्डिकोपाध्याय शिष्यों को चपेटिका लगाते हुए कहते थे कि अन्यथा उच्चारण करता है[11]।

लौकिक संस्कृत में समास 5 प्रकार के हैं - केवलसमास, अव्ययीभाव, तत्पुरुष, बहुव्रीहि और द्वन्द्व। वैदिक स्वर के सम्बन्ध में पाणिनि का सामान्य नियम है कि साधारण समास के अन्तिम अक्षर पर उदात[12] होता है और बहुव्रीहि समास[13] के पूर्वपद पर प्रकृति से उदात्त रहता है। यथा "राजपुरुषः", "कृष्णकम्बलः"। उच्चारण में स्वर भेद से समास भेद की प्रतीति होती है। जैसे स्थूलपृषती उदाहरण है- **स्थूला चासौ पृषती च स्थूलपृषती।** यह अन्तोदात्त होने से तत्पुरुष है।[14] **स्थूलानि पृषन्ति यस्याः सा स्थूलपृषती,** यहाँ

पूर्वपदप्रकृतिस्वर[15] होने से बहुव्रीहि समास माना जायेगा है। महाभाष्य में यह उदाहरण व्याकरणाध्ययन के प्रयोजन असन्देह के अन्तर्गत पठित है[16]। उत्तरपदप्रधान तत्पुरुष समास होता है, इस नियम से 'पृषती' के अर्थ की प्रधानता होगी अतः स्थूल का सम्बन्ध पृषती अनड्वाही 'गौ' से होगा न कि पृषती (काले धब्बों) के साथ। अर्थ हुआ काले धब्बों वाली गौ, न तु केवल पृषत् (धब्बे)। कर्मधारय तत्पुरुष होने पर स्थूल शब्द गौ की स्थूलता को बोधित करेगा। **स्थूलानि पृषन्ति यस्याः सा स्थूलपृषती,** यह बहुव्रीहि समास है इसमें पूर्वपदप्रकृति स्वर है। यह पद अन्यार्थ को लक्ष्य कर रहा है। यहाँ गौ की प्रधानता है, कि ऐसी गौ जिसके काले धब्बे हैं। इससे स्पष्ट हो जाता है कि स्वर भेद से भिन्न समास होने पर अर्थ भेद हो जाता है।

हतमाता-हतमातृकः - हता माता यस्य सः हतमातृकः (जिसकी माता मर गयी है वह) यहाँ नद्यृतश्च[17] सूत्र द्वारा बहुव्रीहि समास में उत्तरपद के ऋकारान्त मातृ शब्द से कप् प्रत्यय होकर **हतमातृकः** शब्द बनता है। यहाँ **कप्** पित् होने से अनुदात्तौ सुप्पितौ[18] द्वारा अनुदात्त है। किन्तु वेद में **ऋतश्छन्दसि**[19] सूत्र से कप् का निषेध होकर हतमाता यह रूप बनता है इसका अर्थ भी वही है। यदि बहुव्रीहि के स्थान पर तत्पुरुष की विवक्षा हो तो विग्रह **हता चासौ माता च इति** होगा। जिससे अर्थ परिवर्तित होकर मरी हुई माता, ऐसा हो जायेगा। निष्कर्षतः यदि समास परिवर्तित करते हैं तो अर्थ और स्वर भी परिवर्तित होंगे। वेद, उपनिषद्, ब्राह्मण आदि ग्रन्थों में हतस्वसा, हतभ्राता, सुहोता इस प्रकार के रूप प्राप्त होते हैं। वेद के **सप्तहोता**[20] पद में **सप्तहोतारः यस्मिन् स सप्तहोता यज्ञः** (सात होता विद्यमान हैं जिसमें) इस विग्रह द्वारा हतमाता की भाँति ही रूप बनता है। वहीं लोक में सप्तहोतृकः बनेगा। यदि लोक अथवा वेद में तत्पुरुष समास करेंगे तो सप्त चासौ होतारश्च (जो सात हैं और होता हैं) इस प्रकार विग्रह होने से अर्थ परिवर्तित हो जायेगा।

स्वर प्रक्रिया के अन्तर्गत समास के सूत्रों में पहला सूत्र **'समासस्य'** है जो सामान्यतः समास के पद को अन्तोदात का विधान करता है। बहुव्रीहि के सम्बन्ध में 'बहुव्रीहौ प्रकृत्या पूर्वपदम्' इसका प्रथम अपवाद (विशेष नियम) है। यहीं से इस प्रकरण के अपवाद सूत्रों का आरम्भ होता है। इसी प्रकरण में तीसरा सूत्र है **'तत्पुरुषे तुल्यार्थ तृतीया सप्तम्युपमानाव्यय-द्वितीयाकृत्याः**[21] **है।** तत्पुरुष समास में जो तुल्यार्थ, तृतीयान्त, सप्तम्यन्त उपमानवाची अव्यय, द्वितीयान्त और कृत्प्रत्ययान्त पूर्वपद हो, तो उसमें प्रकृति-स्वर हो, ऐसा यह सूत्र कहता है। यथा - तुल्यश्वेतः, तुल्यलोहितः, तुल्यमहान् आदि इनमें कर्मधारयतत्पुरुष समास हुआ है तुल्यार्थ शब्दों के साथ। तृतीया तत्पुरुष के उदाहरण है- शङ्कुलाखण्डः। किरिकाणः। उपमानवाची – घनश्यामः।

राजपुरुष के राज शब्द में कनिन् प्रत्यय होता है। औणादिक 'युवृषितक्षि'[22]... सूत्र से कनिन् नित् होने से आद्युदात्त है। इसी प्रकार पुरुष शब्द भी 'पुरः कुषन्' औणादिक से कुषन् प्रत्यय के नित्[23] होने से आद्युदात्त है किन्तु राज्ञः पुरुषः - राजा का पुरुष (ष.त.) राजा और पुरुष दोनों का समास होने पर पृथक् स्वर प्राप्त होता है। अतः पाणिनि ने नियम बना दिया कि समास में अन्तिम अक्षर पर उदात्त होता है। ऋसमासे अन्तः उदात्तः स्यात्ऋ समास में अन्तोदात्त होता है। किन्तु बहुव्रीहि में इसका अपवाद है। 'उदात्तस्वरितयोगे पूर्वपदं प्रकृत्या स्यात्' कि उदात और स्वरित स्वर के योग में पूर्वपदप्रकृति का हो, जो उसकी प्रकृति है वैसी ही रहे।

यथा -कृष्णो मृगः इति। कृष्णो मृगः तस्य विकारः कार्ष्णः, यहाँ प्राणिरजतादिभ्योऽञ्[24] से अञ् प्रत्ययान्त ञित् स्वर आद्युदात्त है। उत्तरपद अन्तोदात्त है क्योंकि बहुव्रीहि समास हुआ है जिससे पूर्वपद आद्युदात्त है ।निष्कर्षतः यह पद आद्युदात्त ही रहेगा। महाभाष्यकार पतञ्जलि भी निर्दिष्ट करते हैं– **यदि पूर्वपदप्रकृतिस्वरत्वं ततो बहुव्रीहिः, अथ समासान्तोदात्तत्वं ततस्तत्पुरुष इति**[25] अर्थात् यदि समस्त पद का पूर्वपद प्रकृतिस्वर है तो वह पद बहुव्रीहि समास वाला होगा और समस्त पद यदि अन्तोदात्त है तो वह तत्पुरुष समास वाला होगा।

शंकुलया खण्डः= सरौंते से किया गया टुकडा। यहाँ उत्तरपद टुकडे की प्रधानता है। यहाँ गुणवाचक शंकुलया इस तृतीयान्त का खण्ड इस समर्थ सुबन्त के साथ तृतीया तत्पुरुष समास हुआ है। शंकु उपपद रहते ला धातु से 'घञर्थ में कप्रत्यय ₹गतिकारकोपपदात् कृत्'[26] से उत्तरपद कृदन्त को प्रकृति स्वर से अन्तोदात्त होगा तब अर्थ होगा। किन्तु जब यहाँ समासान्त अन्तोदात्तत्व किया जायेगा तब अर्थ भिन्न होगा। शंकुलायाः खण्डः, शंकुलाखण्डः अर्थात् सरौंते के खण्ड। यहाँ तत्पुरुष तो होगा किन्तु वह षष्ठी तत्पुरुष होगा। अतः यह स्पष्ट है कि समासभेद से स्वरभेद और स्वरभेद से अर्थभेद हो जाता है।

घनश्यामः यह उपमानवाची पद 'मूर्तौघनः'[27] से 'अ'प्रत्ययान्त निपातित है। प्रत्यय के पित् होने से अनुदात्तौ[28] सुप्पितौ से अनुदात्त होकर धातु स्वर से उदात्त हुआ है। घन इव श्यामः घनश्यामः, यह उपमानवाची तत्पुरुष यहाँ अन्तोदात्त है। जब–जब बहुव्रीहि या अव्ययीभाव कोई अन्य समास करेंगे तब भिन्नार्थ होगा यथा घनश्चासौ श्यामश्च इति घनश्यामः। घन भी वही श्याम भी वही यहाँ स्वर वही रहेगा।

प्रहृतः – गतिरनन्तर से जो कर्मवाची क्तान्त उत्तरपद परे होने पर अनन्तर अर्थात् समीप गति हो तो वह प्रकृति स्वर हो। प्रहृतः में 'प्र' यह गतिसंज्ञक है। प्रादियों की गतिसंज्ञा होती है। हृतः में क्त प्रत्यय हुआ है। 'हृ' धातु के पूर्व में स्थित 'प्र' 'उपसर्गश्चाभिवर्जम् (फिट् सूत्र) से उदात्त है। अत एव प्रहृतः पद आद्युदात्त रहेगा। शीतभोजी, सोमयाजी आदि पद पूर्वपद आद्युदात्त के उदाहरण हैं। अष्टाध्यायी के सूत्र णिनि[29] - से णिनि प्रत्ययान्त उत्तरपद परे हो तो पूर्वपद- आद्युदात्त हो। भोजी में णिनि प्रत्यय हुआ है। अत एव पूर्वपद शीत का 'शी' उदात्त होकर यह पद आद्युदात्त हो गया है। इसी प्रकार द्वन्द्व, अव्ययीभाव, तत्पुरुष और इसके भेद के तथा बहुव्रीहि- द्विरुक्त समास, तथा शत्रन्तप्रधान समास के स्वर विधान हैं।

द्वन्द्व - में सामान्यतया अन्तिम अक्षर पर उदात्त रहता है। यथा- अजावयः, सत्यानृते, अहोरात्राणि, इष्टापूर्तम्। इसके अपवाद भी हैं। जैसे- देवताद्वन्द्वे च देवतावाची शब्दों के द्वन्द्वसमास में एक काल में दोनों शब्द प्रकृतिस्वर हों। यथा- 'मित्रावरुणौ, इन्द्रावरुणौ, द्यावापृथिव्यौ। इन सभी उदाहरणों में दोनों पदों में उदात्त लगा है। **मित्रा च वरुणश्च** इति मित्रावरुणौ यहां अर्थ हो रहा है **मित्रा और वरुण**। तत्पुरुष करेंगे तो मित्रस्य वरुणः यह विग्रह करेंगे तब अर्थ होगा मित्र का वरुण। द्वन्द्व समास में संख्यावाची पूर्वपद पर प्रकृति से उदात्त रहता है। यथा – एकादश।[31] अव्ययीभाव समास में सामान्यतया अन्तिम अक्षर पर उदात्त रहता है। यथा - अनुकामम्, अधियज्ञम्, यथास्थानम् आदि।

अपवाद - कतिपय उदाहरणों में पूर्वपद पर उदात्त मिलता है यथा - अधिरथम्[32] (ऋ.) "रथ पर"। यहाँ **अव्ययीभाव में अधि इति** विभक्त्यर्थ में ऐसा विग्रह होगा। यदि **तत्पुरुष समास** करेंगे तो **अधिकः**

रथः यह विग्रह करके अर्थ होगा अत्यधिक साधन सम्पन्न तथा सुसज्जित रथ। इसी प्रकार अधियज्ञ शब्द है– अधियज्ञम् = यज्ञ में, यज्ञ है अधिकरण यह – विभक्त्यर्थ में **अव्ययं विभक्ति**[33]..., सूत्र से अव्ययीभाव समास हुआ। जब **अधिकः यज्ञः** यह विग्रह करेंगे तब समानाधिकरण तत्पुरुष समास होकर अधिक यज्ञ ऐसा अर्थ होगा।

भाषा के सुव्यवस्थित एवं अनुशासित प्रयोग के लिए वर्ण, स्वर, मात्रा, बल इन सबका पाठक को भली-भाँति ज्ञान होना चाहिए। स्वर वर्णों का स्वाभाविक धर्म है। यह वक्ता की विवक्षा के अधीन है। कहीं वृत्ति परिवर्तन से अर्थभेद प्राप्त होता है तो कहीं स्वरभेद से। जैसे –कृत्वृत्ति में स्वरभेद है पर यह कृत्य प्रत्ययों के कारण है। कृ+तव्यत्= कर्तव्यम्। कृ+तव्य= **कर्तव्यम्।** एक **तव्यत्**[34] प्रत्यय है दूसरा **तव्य** है। 'करने योग्य' यही अर्थ है दोनों का। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि एक ही समस्त पद में स्वर भिन्नता होने पर भिन्नार्थ की प्रतीति होती है। वेद में इसका पालन आज भी होता है। किन्तु पाणिनीय अष्टाध्यायी के अवलोकन से यह भी स्पष्ट होता है कि कभी सामान्य बोलचाल में भी एक ही समस्त पद में स्वर भेद से अर्थभेद की प्रतीति होती थी।

सन्दर्भ –

1. समसनं समासः।
2. पदानां लुप्यते यत्र प्रायः स्वाः स्वाः विभक्तयः । पुनरेकपदी भावः समास उच्यते तदा॥
3. समासस्य प्रयोजनमैकपद्यमैकस्वर्यञ्च (काशिका)
4. उच्चैरुदात्तः। नीचैरनुदात्तः। समाहारः स्वरितः। अष्टा- 1/2/29, 1/2/30, 1/2/31
5. शतपथ ब्रा० 4/4/1-27
6. नामाख्यातविभागश्च स्वरादेवावगम्यते। ऋग्वेदानुक्रमणी माधव कृत परिशिष्ट पृष्ठ CV1
7. अष्टा. 8/1/29–लुडन्त अनुदात्त नहीं होता है।
8. यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोपराधात्। पा. महा. भा. दुष्टः शब्दः ।
9. शतपथ–14/4/1/27
10. अष्टा. 6/2/1
11. एवं हि दृश्यते लोके- य उदात्ते कर्तव्ये अनुदात्तं करोति खण्डिकोपाध्यायस्तस्मै चपेटां ददाति, अन्यत्वं करोषि इति। महा० 1-1-1
12. अष्टा. 6-1-218–समासस्य। समास को अन्तोदात्त हो जाता है।
13. अष्टा. 6-2-1–बहुव्रीहि प्रकृत्यापूर्वपदम् =बहुव्रीहि समास में जो पूर्वपद है वह प्रकृति स्वर को प्राप्त होता है।
14. अष्टा. 6-1-218–समासस्य=समास को अन्तोदात्त हो जाता है।
15. अष्टा. 6-2-1–बहुव्रीहौ प्रकृत्या पर्वपदम्=बहुव्रीहि समास में जो पूर्वपद है वह प्रकृति स्वर को प्राप्त होता है।
16. असन्देहार्थं चाध्येयं व्याकरणम्। याज्ञिकाः पठन्ति स्थूलपृषतीमाग्निवरुणीमनड्वाहीमालभेतेति। तस्यां संदेहः स्थूला चासौ।। (यहाँ विशेष स्वरतोऽध्यवस्यति - इससे स्पष्ट है कि वेदार्थ के जानने में स्वरशास्त्र का ज्ञान अत्यन्त उपयोगी है इसी कारण पाणिनि ने शब्दानुशासन में स्वरशास्त्र का विधान किया है और स्वर की दृष्टि से प्रत्ययों में अनुबन्ध लगाये हैं।)
17. अष्टा०5/4/153– नद्यन्त और ऋकारान्त शब्दों से बहुव्रीहि समास में कप् प्रत्यय होता है ।।
18. अष्टा०3/1/41– सुप् और पित् प्रत्यय अनुदात्त होते हैं।
19. अष्टा०5/4/156 ऋकारान्त बहुव्रीहि समास में वेद विषय में कप् प्रत्यय नहीं होता है।
20. अष्टा० यजुर्वेद–34/4

21. अष्ट. 6/2/2– तत्पुरुष समास में जो तुल्यार्थ, तृतीयान्त, सप्तम्यन्त उपमानवाची अव्यय, द्वितीयान्त और कृत्प्रत्ययान्त पूर्वपद हो, तो उस में प्रकृति-स्वर हो।
22. उणादि सूत्र - 6/5/51- बहुव्रीहि समास में पूर्वपद का स्वर प्रकृति के अनुसार हो, अर्थात् अन्तोदात्त न हो
23. ञ्नित्यादिर्नित्यम् –6/1/192-ञित्, नित् प्रत्ययों के परे पूर्व प्रकृति को आद्युदात्त स्वर हो।
24. अष्टा. 4/3/152 –प्राणिवाची प्रातिपदिकों से और रजतादिगण में पठित शब्दों से अञ् प्रत्यय होता है।
25. महाभाष्य पस्पशाह्निक पृ० १०
26. अष्टा. 6/2/139 –गति शब्द कारक और उपपद शब्दों से कृदन्त उपपद रहते उत्तरपद को तत्पुरुष समास में प्रकृति स्वर होता है।
27. अष्टा. 3/3/77- मूर्ति (काठिन्य) यह अभिधेय करके हन् धातु से अप् प्रत्यय होता है।
28. अष्टा. 3/1/41– सुप् और पित् प्रत्यय अनुदात्त होते हैं।
29. अष्टा. 6/2/79–णिनन्त शब्द के उत्तरपद रहते पूर्व पद को आद्युदात्त होता है।
30. अष्टा. 6/2/141
31. स्वरप्रकरण पृष्ठ 862 , वैदिक-व्याकरण, रामगोपाल।
32. स्वरप्रकरण पृष्ठ 862 , वैदिक-व्याकरण, रामगोपाल।
33. अष्टा०2/1/2
34. अष्टा०6/1/185 तित् स्वरितम्।

वैदिक वाङ्मय में पर्यावरणीय वैज्ञानिक चेतना

· डॉ. अभिमन्यु सिंह*

शोधसार –

शरीर में पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ- कान, त्वचा, नेत्र, जिह्वा तथा नासिका होती है ये पंचतन्त्र अपने-अपने गुण के अनुसार स्थूल शरीर के पाँच ज्ञानेन्द्रियों से सम्बन्धित हैं। आकाश, वायु, अग्नि, जल तथा पृथ्वी क्रमशः शब्द, स्पर्श, रूप, रस एवं गन्ध से सम्बन्धित हैं। ये पाँचों तत्त्व पर्यावरण के पर्याय हैं। पर्यावरण विज्ञान का तात्पर्य पंचतत्त्वो को युद्ध एवं नैसर्गिक अवस्था में रखना। पंचतत्त्वो से निर्मित जड़ एवं चेतन पदार्थ वनस्पति और प्राणी हमारे पर्यावरण के अभिन्न अंग हैं। इनमें से किसी भी एक तत्त्व के दूषित होने पर पूरा पर्यावरण असंतुलित हो जाता है जिससे प्राणिमात्र पर कुप्रभाव पड़ता है। जिससे जीवन के लिए महान् संकट उत्पन्न हो जाता है। अतः पर्यावरण के प्रति सचेत रहने से ही प्राणिमात्र का कल्याण सम्भव है इसीलिए हमारे वैदिक ऋषियों के स्वाभाविक एवं वैज्ञानिक दृष्टि की विचारधारा समृद्ध रही है जिसका उपस्थापन प्रस्तुत शोध पत्र में किया गया है।

बीजशब्द – पञ्चतत्त्व, ज्ञानेन्द्रिय, पर्यावरण, स्वस्ति, प्राण।

शरीर में पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ- कान, त्वचा, नेत्र, जिह्वा तथा नासिका होती है ये पंचतन्त्र अपने-अपने गुण के अनुसार स्थूल शरीर के पाँच ज्ञानेन्द्रियों से सम्बन्धित है। आकाश, वायु, अग्नि, जल तथा पृथ्वी क्रमशः शब्द, स्पर्श, रूप, रूप एवं गन्ध से सम्बन्धित है। ये पाँचों तत्त्व पर्यावरण के पर्याय हैं।

पर्यावरण विज्ञान का तात्पर्य पंचतत्त्वों को शुद्ध एवं नैसर्गिक अवस्था में रखना पंचतत्त्वों से निर्मित जड़ एवं चेतन पदार्थ वनस्पति और प्राणी हमारे पर्यावरण के अभिन्न अंग हैं। इनमें से किसी भी एक तत्त्व के दूषित होने पर पूरा पर्यावरण असंतुलित हो जाता है जिससे प्राणिमात्र पर कुप्रभाव पड़ता है। जिसके कारण जीवन में महान संकट उत्पन्न हो जाता है।

आज विश्व में भू-भौतिक परिवर्तन के कारण उपस्थित पर्यावरण संकट की समस्या के समाधान का कोई भी उपाय विज्ञान और प्रोद्योगिकी के पास भी नहीं है, क्योंकि इन्हीं के कारण प्रकृति का अत्यधिक दोहन किया जा रहा है। यह दोहन-परम्परा ही वास्तविक पर्यावरण-संकट बन गया है। इसी कारण पर्यावरण मानव त्रासदियों में बदलता रहता है। इस वैश्विक संकट में सामाजिक एवं भू-भौतिक संरक्षण के लिए वैज्ञानिक रूप

*सहायकाचार्यः, संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

से जागरूक होने की आवश्यकता है। अतः सर्वप्रथम पर्यावरण के अर्थ को समझना आवश्यक है।

संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से पर्यावरण शब्द परि+आ+वृ+ल्युट् से निष्पन्न हुआ है। इसमें परि शब्द का अर्थ चारों ओर से तथा आवरण का अर्थ है- 'ढके हुए या घेरे हुए अतः पर्यावरण का अर्थ है जो हमसे अलग होते हुए भी हमें चारों ओर से घेरे या ढके हुए। समझना यह है कि कौन आवृत किए हुए है? तथा किस प्रकार घेरे हुए हैं ? सम्पूर्ण पृथ्वी वायुमण्डल से आवृत्त है। इसी प्रकार धरातलीय जीव-स्थल, जल, वायु एवं उनके विभिन्न घटकों से आवृत्त है। पर्यावरण से तात्पर्य किसी वस्तु के पास-पड़ोस से है, उदाहरण के लिए- पेड़-पौधों का पर्यावरण वे भौगोलिक परिस्थितियाँ है जो उनकी वृद्धि एवं विकास में सहायक होते हैं।

ए. जी. टान्सले के अनुसार- 'पर्यावरण उन सम्पूर्ण प्रभावी दशाओं का योग है जिनमें जीव रहते हैं।' फिटिंग महोदय के अनुसार- 'पर्यावरण जीवों के परिवेशीय कारकों का योग है' तथा रोशे के अनुसार- 'पर्यावरण एक बाह्य शक्ति है जो प्रभावित करती है'

अतः पर्यावरण किसी एक तत्त्व का नाम नहीं अपितु अनेक तत्त्वों का समन्वित नाम है, जो सम्पूर्ण पृथ्वी (जलमण्डल, स्थलमण्डल, वायुमण्डल व जैवमण्डल) तथा उनके विभिन्न घटकों को अपने में ढ़के हुए है जिसका प्रभाव एकाकी न होकर सम्मिलित रूप में होता है।



इस पर्यावरण व्यवस्था को मानवीय हस्तक्षेप ने विकृत करके विश्व के समक्ष एक विकट समस्या उत्पन्न की है। इससे पर्यावरण में असन्तुलन उत्पन्न होने से मनुष्य के ही अस्तित्व पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। इस असन्तुलन को स्थिर रखने में वैदिक-वाङ्मय का योगदान अनुकरणीय है। क्योंकि हमारे ऋषियों ने पर्यावरण की महत्ता को बहुत पहले ही जान लिया था। वेदों मे पर्यावरण की रक्षा का सन्देश दिया गया है कि आप अपना भौतिक एवं आध्यात्मिक विकास करना चाहते हों तो प्रकृति के नियमों तथा संसाधनों की रक्षा करते हुए ही इसका सदुपयोग करो यही धर्म है-

तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।[1]

पर्यावरण की संरचना के आधार पर वैदिक ऋषियों द्वारा पर्यावरणीय वैज्ञानिक चेतना इस प्रकार देखी जा सकती है- सर्वप्रथम स्थल (भूमि) जो विश्व के समस्त जीवों की परिपोषित करने के साथ ही सम्पूर्ण सम्पदाओं एवं खनिजों को धारण करने वाली है, जिसको ऋषियों ने माता और मनुष्य को पुत्र कहा है-

माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः।[2]

प्रकृति/पर्यावरण के साथ मनुष्य का तादात्म्य वेद का विशेष पक्ष है। जल जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है। इसीलिए अक्षरसः सत्य है कि जल ही जीवन है। अथर्ववेद में जल की महत्ता प्रतिपादन करते हुए कहा गया। जल कल्याण कारक तेज प्रदायक, तृप्तिदायक है इसी को दृष्टिगत रखते हुए इसकी उपयोगिता के विषय में अथर्ववेद में कहा गया है।

आपो भद्रा घृतमिदाय आसन्नग्नीषोमौ बिभ्रत्याप इत् ताः।
तीव्रो रसो मधुपृचामरंगम आ मा प्राणेन सह वच्रसा गमेत्।[3]

जल मङ्गलमय और घी के समान पुष्टिदाता है तथा वहीं मधुरता भरी धाराओं का स्रोत भी है। भोजन के पचाने में जल उपयोगी है। इतना ही नहीं बल्कि जल प्राण एवं पौरुष को देने वाला तथा अमरता की ओर ले जाने वाला मूल तत्त्व है।

'वारिस्थलपथान्विता।'

इसी प्रकार पवन देवता को भी विश्व-भेषज कहते हुए कहा गया है कि वायु सब प्रकार की व्याधियों के शमन हेतु रामबाण औषधिक है-

वाता आ वातु भेषजं शंभु मयोभु नो हृदे प्रण आयूँषि तारिषत्।[4]

क्योंकि शुद्ध वायु अमूल्य औषधी है जो हमारे हृदय के लिए दवा के समान उपयोगी है, आनन्ददायक है तथा वायु को बढ़ाने वाली है। हमारे जीवन में अग्नि का विशेष महत्त्व है, इस कारण मङ्गलकारी अग्नि से प्रार्थना की गयी है-

सः नः पितेव सूनवेग्ने सूपायनो भव। सचस्वाः नः स्वस्तये।।[5]

अर्थात् हे अग्नि ! जिस प्रकार पुत्र पिता को प्राप्त कर लेता है, उसी तरह हम भी तुम्हे प्राप्त कर सकें, तुम हमारे अनायास लभ्य बनो और हमारा मङ्गल करने के लिए हमारे पास निवास करो। अग्नि सभी प्राणियों के लिए जीवन स्वरूप है-

तं पृच्छता स जगामा स वेद स चिकित्वाँ ईयते न्वीयते।[6]

अर्थात् अग्नि प्राणियों के प्राणरूप हैं। अग्नि ही ज्ञाता है, वे ही ज्ञेय हैं, वे ही चैतन्य हैं, वे ही यान हैं, वे ही शीघ्रगन्ता हैं, उन्हीं के पास शासन योग्यता है। वे ही अन्न, बल आदि के पालक हैं। इस सम्पूर्ण वातावरण में अग्नि ही अग्नि है, जो समुद्र के मध्य बड़वाग्नि रूप में, अन्तरिक्ष के मध्य सूर्य मण्डल के रूप में, हृदय के मध्य वैश्वानर रूप में, अन्न में आहार रूप में, जल में विद्युत रूप में और सङ्ग्राम में शौर्याग्नि रूप में विद्यमान है। अतः अग्नि सर्वत्र व्याप्त होने से पर्यावरण हेतु प्राणाधार हैं।

पर्यावरण अग्नि तत्त्व की दृष्टि से अथर्ववेद अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इसमें विभिन्न मन्त्रों में अग्नि का वर्णन प्राप्त होता है-

अप्सु मे सोमो अब्रवीदन्तर्विष्वानि भेषजा। अग्निं च विश्वशम्भुवम्।।[7]

अर्थात् सोम का हमारे लिए उपदेश है कि दिव्य आपः हर प्रकार से औषथीय गुणों से युक्त है। उसमें कल्याणकारी अग्नि भी विद्यमान है।

जठराग्नि के रूप में अग्नि-

आज्यस्य परमेष्ठिजातवेदस्तनूवषिन्।
अग्ने तौलस्य प्रषान यातुधानान् वि लापय।।[8]

उच्च पद पर आसीन, ज्ञान के पुंज, जठराग्नि के रूप में शरीर का सन्तुलन बनाने वाले हे अग्निदेव! आप हमारे द्वारा सुरवापात्र से तौली हुई प्रदत्त आज्याहुति को ग्रहण करें। हमारे स्नेह से प्रसन्न होकर आप दुष्ट-दुराचारियों को विलाप करायें अर्थात् उनका विनाश करें।

विलसन्तु यातुधाना अत्रिणो ये विमीदिनः।
अथेदमग्ने नो हविरिन्द्रष्च प्रति हर्यतम्।।[9]

दूसरों को पीड़ा पहुँचाने वाले, अपना स्वार्थ सिद्ध करने वाले समाज के शत्रुओं को अपना विनाश देखकर रूदन करने दें। हे अग्निदेव ! आप इन्द्र के साथ हमारे हवि को प्राप्त करें। हमें सत्कर्म की ओर प्रेरित करें।

प्रकाश रूप में अग्नि-

पश्याम ते वीर्यं जातवेदः प्रणो बूरहि यातुधानान् नृचक्षः।[10]

हे ज्ञान स्वरूप अग्निदेव ! आपका प्रकाश रूपी पराक्रम हम देखें। आप पक्ष भ्रष्टों के मार्गदर्शक हैं, अपने प्रभाव से दुष्टों को हमारे शत्रुओं को सन्मार्ग की ओर प्रेरित करें।

यत्रैषामग्ने जनिमानि वेत्थ गुहा सतामत्रिणां जातवेदः।[11]

हे प्रकाश पुंज अग्ने! आप पथभ्रष्ट जनों की सन्तानों तक सुदूर गुफा में पहुँचकर अपने दिव्य प्रकाश से उन्हें सन्मार्ग दिखायें, इस प्रकार आप सबके कष्टों को दूर करें।

आकाश मानव जीवन की समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाला है। वह वायु, अग्नि आदि समस्त तत्त्वों को अपने गर्भ में धारण करता हैं आकाश में ही समस्त प्रकार के देवताओं का निवास है। हमारे द्वारा प्रदान की गयी सभी प्रकार की आहुतियाँ आकाश में समाहित होकर देवताओं को प्राप्त होती हैं। हम मन से प्रार्थना करते हैं कि हमारी हवियों को द्युलोक आदि दिव्य तत्त्वों तक पहुँचाए, जिसमें हम सभी का कल्याण हो-

मनसस्पत इमं नो दिवि देवेषु यज्ञम्।
स्वाहा दिवि स्वाहा पृथिव्यां स्वाहान्तरिक्षे स्वाहा वाते था स्वाहा।[12]

अर्थात् हे मन के स्वामी! आप हमारे इस यज्ञ की द्युलोक में देवताओं तक पहुँचाएं एवं पृथिवी अन्तरिक्ष, द्युलोक एवं समस्त वायुमण्डल में इसे स्थापित करें। यह आहुति भली प्रकार से समर्पित हो। इस प्रकार की पवित्र भावना को प्रस्तुत करते हुए ऋषि का यह हम सभी के प्रति एक सन्देश है, ताकि हम अपने संरक्षण के तत्त्व द्युलोक को स्वच्छ रखें और स्वयं का कल्याण करें। परन्तु आज हम अपने ही शत्रु बन गए हैं, हम अपने भौतिक सुखों हेतु उन सभी तत्त्वों को नष्ट कर रहे हैं जो हमारे रक्षक हैं, परन्तु हम उनके भक्षक बनते जा रहे हैं, जो हमारे विनाश का कारक हैं।

हम निरन्तर समस्त लोकों को प्रदूषित करते जा रहे हैं। आज पृथिवी से अन्तरिक्ष तक मनुष्य का प्रवेश हो गया है। जिसके कारण सम्पूर्ण वायुमण्डल प्रदूषित हो रहा है। आकाश अपने आप में शून्य है। वह वायु एवं ताप के आवरण से आवृत्त है। वायु एवं ताप के कार्य ही आकाश में सम्पादित होते हैं। उस वायु से मनुष्य एवं जीव-जन्तु प्रभावित होते हैं। इनका जीवन वायु पर ही आधारित है। यदि वायु प्राप्त न हो तो जीवों का जीवित रहना सम्भव नहीं है। जहाँ पर वायु होती है, वहीं पर जीवन होता है। यदि मनुष्य उन क्षेत्रों में जाता है, जहाँ वायु नहीं रहती तो उसे कृत्रिम वायु का आश्रय लेना पड़ता है। वायु के प्रदूषित हो जाने पर आकाश भी प्रदूषित हो जाता है। यदि वायु प्रदूषण रहित हो तो आकाश भी प्रदूषण मुक्त हो जाएगा।

यदि आकाश प्रदूषित हो जाये तो आकाश से सम्बन्धित जितने भी तत्त्व हैं, वह सभी प्रदूषित हो जाते है क्योंकि आकाश तत्त्व का प्रभाव अन्य तत्त्वों पर भी पढ़ता है। प्रदूषित आकाश से कभी-कभी अम्लीय वर्षा भी होती है, जिससे जल के जीव नष्ट हो जाते है और भूमि की उत्पादकता समाप्त हो जाती है। उस स्थान के वृक्ष भी नष्ट हो जाते हैं, जिससे जीवों को शुद्ध वायु नहीं मिलती। इसी प्रकार अग्नि तत्त्व भी प्रदूषित हो जाता है, जिससे आकाश का ताप असन्तुलित को जाता है। इस ताप को जीव सहन नहीं कर पाते और छोटे तथा अत्यन्त सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं। इसी कारण आकाश तत्त्व की रक्षा हमारा श्रेष्ठतम् कर्तव्य है। अथर्ववेद में आकाश का वर्णन द्युलोक एवं अन्तरिक्ष आदि पर्याय शब्दों के रूप में किया गया है। सर्वप्रथम ऋषि इन समस्त द्यावा-पृथिवी आदि कल्याणकारक तत्त्वों को नमन करते हैं-

नमस्कृत्य द्यावापृथिवीभ्यामन्तरिक्षाय मृत्यवे।
मेक्षाध्वंस्तिष्ठन् मा मा हिसिपुरीश्वराः।।[13]

अर्थात हम द्यावा, पृथिवी, अन्तरिक्ष एवं मृत्यु को नमस्कार करते हैं। इनके स्वामी अग्नि, चाणु और सूर्यदेव सहित मृत्यु हमारा वध न करे, हम सभी दीर्घकाल तक कल्याणपूर्वक इसी लोक में विचरण करें। द्युलोक और पृथिवी लोक को स्वामिनी रूप में स्वीकार किया गया है-

द्यावापृथिवी दातृणामभिपत्नी ते मावताम्।[14]

अर्थात द्युलोक और पृथिवी लोक दाताओं की स्वामिनी है। वे इस पौरोहित्य कर्म में, प्रतिष्ठा में चिति में, सङ्कल्प में, देव आह्वान में तथा आशीर्वाद सम्बन्धी कर्म में हमारी सुरक्षा करें। हम अपनी आहुतियों द्वारा अन्तरिक्ष में प्राण वायु को पवित्र करते हैं-

प्राणायान्तरिक्षाय वयोभ्यो वायवेऽधिपतये स्वाहा।[15]

अर्थात् जीव मात्र में संचरित होने वाले जीव मात्र को चैतन्य करने वाले प्राण के लिए तथा उसके विचरण-स्थान अन्तरिक्ष के लिए आहुतियाँ समर्पित हैं। अन्तरिक्ष में विचरण करने वाले पक्षी और उसके अधिष्ठाता देव तथा वायु के लिए आहुतियाँ समर्पित हैं।

वायु एक ऐसा तत्त्व है जिसमें प्रत्यक्ष रूप से प्राण अर्थात् जीवन है। बिना वायु के सभी तत्त्वों के होने पर भी कोई मौलिकता सिद्ध नहीं हो सकती। इसलिए हम सभी को पृथिवी से अन्तरिक्ष तक व्याप्त वायु तत्त्व को विभिन्न प्रकार की आहुतियों से स्वच्छ एवं पवित्र रखना चाहिए। हम प्रार्थना करते हैं कि ये तत्व हमें अभय

प्रदान करें, पुरुष और वृक्ष में समान तत्त्व विद्यमान है इसलिए हमें सह-अस्तित्व और पंचशील के सिद्धान्तों का पालन करना चाहिए-

यथा वृक्षो वनस्पतिस्तथैव पुरुषोऽमृषा।
तस्य लोमानि पर्णानि त्वगस्योत्पाटिका वहिः[16]

वृक्षों के पत्ते होते हैं और पुरुष के शरीर में पत्तों के स्थान पर रोए होते हैं। पुरुष के शरीर में त्वचा है उसी प्रकार वृक्ष के बाहरी भाग में छाल होती है। जो सभी जन्तुओं को आक्सीजन प्रदान करते है। वृक्षों में सबसे अधिक आक्सीजन पीपल में प्राप्त होती है। इस विषय में श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान् श्रीकृष्ण स्वयं कहते हैं-

अश्वत्थः सर्ववृक्षाणां[17]

सभी वृक्षों में मैं पीपल हूँ अतः पीपल का वृक्ष सभी वृक्षों में सर्वश्रेष्ठ है। वृक्षों से प्राप्त आक्सीजन से ही पृथ्वी पर पाये जाने वाले सूक्ष्म एवं विशालकाय प्राणियों का जीवन सम्भव है जिनका पर्यावरण को स्वच्छ एवं सन्तुलित रखने में विशेष योगदान है। जन्तु वर्ग में ऐसे अनेक जन्तु है जो पृथ्वी पर पाये जाने वाले अपशिष्ट पदार्थों (गन्दगी) का भक्षण करते हैं जिससे पर्यावरण शुद्ध होता है। अतः जन्तुओं की सुरक्षा करना और हिंसक गतिविधियों को रोकने का परम कर्तव्य मानव का है क्योंकि सभी जीवधारियों में मानव सबसे बुद्धिमान प्राणी है, जो वेदों में निर्दिष्ट उपायों का पालन कर पर्यावरण को संतुलित कर अपने को कृतार्थ कर सकता है यथा-

सर्वो वै तत्र जीवति गौरश्वः पुरुषः पषुः।
यत्रेदं ब्रह्मा क्रियते परिधिजीर्वनाय कम्।।[18]

सूक्ष्माति सूक्ष्म जीव जिन्हें सूक्ष्मदर्शी से देखा जा सकता है। वे भी पर्यावरण के प्रमुख अंग हैं। जीव प्रदान करने वाली जो शक्ति है ऐसी परिधि में प्रकृतिपुरुष के संसर्ग से ब्रह्मतत्त्व रचा जाता है। उनमें गाय, पशु, पुरुष, वनस्पति आदि का प्रादुर्भाव होता है। इन जीवों की हिंसा का वेद में कोई स्थान नहीं है जिसका स्पष्टतः संकेत प्राप्त होता है-

अग्ने यं यज्ञमध्वरं विष्वतः परिभूरसि।
सः इद्देवेषु गच्छति।।[19]

हिंसादि से दूर रहने अथवा उन्हें सम्पादित न करने के कारण ही वे यज्ञ देवों को प्राप्त होते हैं। इस प्रकार विचार करने से स्पष्ट होता है कि वैदिक ऋषियों ने द्युलोक से लेकर मनुष्य तथा सम्पूर्ण भूतों के कल्याणार्थ जो प्रार्थना की है-

ऊँ द्यौः शान्तिरन्तरिक्षं शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः।
वनस्पतयः शान्तिर्विष्वेदवाः शान्ति।[20]
ब्रह्म शान्तिः सर्व शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सा मा शान्तिरेधि।''[20]

इस प्रार्थना से ही स्पष्ट होता है कि वैदिक कालीन ऋषि पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए स्वाभाविक चिन्तन के सहित वैज्ञानिक दृष्टि से भी सचेत थे।

सन्दर्भ -

1. ऋग्वेद १०/९०/१६
2. अथर्ववेद १२/१/१२
3. अथर्ववेद ३/१३/५
4. ऋग्वेद १०/१८६/०१
५. ऋग्, १/१/९
६. ऋग्, १/१४५/१
७. अथर्ववेद, १/६/२
८. अथर्ववेद, १/७/२
९. अथर्ववेद, १/७/३
१०. अथर्ववेद, १/७/५ (द्रष्टव्य मन्त्र, १/७/६,७)
११. अथर्ववेद, १/८/४
12. अथर्व ७/१०२/८
13. ऋग्वेद ७१०७/१
14. अथर्ववेद ५/२४/३
१५. अथर्ववेद, ६ / १०/२
16. बृहदारण्यकोपनिषद ३/१
17. गीता ३/१४
18. अ० ८/२/२५
19. ऋग्वेद १/१/४
20. यजुर्वेद ३६/१७

मृच्छकटिकम् में नारी पात्रों की सामाजिक स्थिति

· डॉ. सन्त प्रकाश तिवारी*

शोधसार –

संस्कृत साहित्य में नारियों की स्थिति का विवेचन अत्यन्त विशद रूप में प्राप्त है। संस्कृत नाटकों में नारी विषयक दृष्टिकोण उदार एवं विशाल था, जहाँ नारी एक ओर वात्सल्य की प्रतिमूर्ति है वहीं दूसरी ओर उसमें त्याग एवं समर्पण की भावना भी विद्यमान है। मृच्छकटिकम् महाकवि शूद्रक का अद्वितीय प्रकरण है जिसके सभी पात्र सार्वभौमिक हैं। इस प्रकरण की नायिका वसन्तसेना उज्जयिनी नगरी का भूषण है। उदारता की स्रोतस्विनी है और सौजन्य की सरिता है। गणिका होने की कालिमा को प्रक्षालित करके एक साध्वी नारी के पद को अलङ्कृत करती है। धूता जो चारुदत्त की विवाहिता पत्नी है वह अपकीर्ति भीता है उसका हृदय लोभ शून्य है वह पति की चिन्ता में प्राणोत्सर्ग हेतु तत्पर रहती है उसका चरित्र एक सच्ची भारतीय नारी का प्रतिनिधित्व करता है।

बीजशब्द – नारी, समाज, जाया, भार्या, गणिका, परिणीता, भगिनी, नगरवधू, रूपाजीवा, सती प्रथा, पतिव्रता।

मानव एक सामाजिक प्राणी है। समाज का साहचर्य उसके लिए अत्यावश्यक है। व्यक्ति की जैसी प्रवृत्ति होती है वैसी ही प्रवृत्ति समाज की भी होती है। एक से अधिक लोगों के द्वारा बने एक बृहद समूह को समाज कहते हैं, जिसमें व्यक्ति मानवीय क्रियाकलाप करते हैं। मानवीय क्रियाकलाप में आचरण, सामाजिक सुरक्षा और निर्वाह आदि की क्रियाएँ सम्मिलित होती हैं। किसी समाज के व्यक्ति एक दूसरे के प्रति परस्पर स्नेह तथा सहृदयता का भाव रखते हैं। जैसा कि मैकाइवर एवं पेज कहते हैं, **''समाज कार्यप्रणालियों का, रीति-रिवाजों का, अधिकार एवं सत्ता के पारस्परिक सहयोग का, विविध समूहों और श्रेणियों के मानव व्यवहार के नियन्त्रण एवं स्वतन्त्रता का एक व्यवस्थित स्वरूप है।''**[1] ग्रीन के अनुसार, **''समाज एक समूह है कोई भी व्यक्ति जिसका सदस्य हो सकता है। समाज जनसङ्ख्या, सङ्गठन, समय, स्थान और स्वार्थों से बना होता है।''**[2] इस तरह समाज सामाजिक सम्बन्धों का एक जाल है।

साहित्य समाज का प्रतिबिम्ब एवं पथप्रदर्शक है। साहित्य समाज का एक महत्त्वपूर्ण अङ्ग है। समाज और साहित्य परस्पर ऐसे ही अन्योन्याश्रित हैं जैसे साङ्ख्य दर्शन में प्रकृति और पुरुष। साहित्य अपने विषय-

*सहायक आचार्य, संस्कृत, पालि, प्राकृत एवं प्राच्य भाषा विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज

वस्तु हेतु समाज की ओर उन्मुख होता है तो समाज भी दिग्भ्रमित होने पर साहित्य से मार्गदर्शन प्राप्त करता है। किसी भी राष्ट्र के समुन्नत होने में उस राष्ट्र का साहित्य भी एक महत्त्वपूर्ण कारक होता है। इस विवेचन को यदि भारतीय परिप्रेक्ष्य में विश्लेषित किया जाए तो हमारा प्राचीन साहित्य आज तक प्रेरणा का आधार बना हुआ है। जैसा कि आचार्य मम्मट ने काव्य प्रयोजन के सन्दर्भ में कहा है- ''**कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे**''[3] अर्थात् काव्य पत्नी के समान उपदेश देने वाला होता है। बाबू गुलाबराय साहित्य और समाज के अन्योन्याश्रय सम्बन्ध की विवेचना करते हुए कहते हैं कि ''कवि और लेखक किसी अंश में समाज के प्रतिनिधि होते हैं और किसी अंश में वह समाज को अपनी प्रतिभा और व्यक्तित्त्व के आधर पर नए भाव और विचार प्रदान करते हैं। समाज कवियों और लेखकों को बनाता है और लेखक तथा कवि समाज को बनाते हैं। दोनों में आदान-प्रदान तथा क्रिया-प्रतिक्रिया का भाव चलता रहता है यही सामाजिक उन्नति का नियामक सूत्र बनता है।''

किसी भी समाज को समझने तथा उसकी उपलब्धियों एवं दशाओं का मूल्याङ्कन करने का सर्वोत्तम आधार स्त्रियों की दशा का अध्ययन करना है। स्त्रियों की दशा किसी भी संस्कृति का मानदण्ड मानी जाती है। प्राचीन भारतीय समाज में नारी का स्थान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। आचार्य भरतमुनि ने अपने नाट्यशास्त्र में इसी बात का समर्थन किया है उनके अनुसार संसार में मानवमात्र का चरम लक्ष्य सुख और सुख का मूलाधार नारी है।[4] मनु ने भी मनुस्मृति में नारियों के सम्मान का उल्लेख करते हुए कहा है- **'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता।'**[5]

इस प्रकार संस्कृत साहित्य में नारियों की स्थिति का विवेचन अत्यन्त विशद रूप में प्राप्त है। संस्कृत नाटकों में नारी विषयक दृष्टिकोण उदार एवं विशाल था। सभ्यता और संस्कृति के विकास में उसने सदैव सक्रिय योगदान दिया है, सम्प्रति दे रही है और भविष्य में भी देती रहेगी। जहाँ नारी एक ओर वात्सल्य की प्रतिमूर्ति है वहीं दूसरी ओर उसमें विश्व पर शासन करने की क्षमता भी विद्यमान है। वैदिक युग में नारी का गृहस्थ-जीवन में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान था। दुहिता के रूप में, पत्नी या माता के रूप में वह सर्वथा सम्मान भाजन थी। जायेदस्तम् (जाया ही घर है) की भावना ऋग्वेदीय युग में प्रौढ़ता प्राप्त कर चुकी थी। स्त्री सहधर्मिणी थी- उसी के साथ में धार्मिक कृत्यों का अनुष्ठान वस्तुतः सम्पन्न होता था। इसलिए अपत्नीक व्यक्ति यज्ञ के अधिकार से वञ्चित था- **'अयज्ञो वा ह्येष यो अपत्नीकः।'**[6] स्त्री का प्रेम अपने पति के लिए आदर्श था। वह समरसता की प्रतिमूर्ति मानी जाती थी। गृहस्थी की वह स्वामिनी नहीं थी, परन्तु अपने पति के ऊपर भी उसका पूर्ण प्रभुत्व था- **'अपत्यं धर्मकार्याणिदाराधीनः।'**[7] नारियों के लिए पुरुषों के समान शिक्षा व्यवस्था थी। समाज के उच्च स्तर की कन्याओं में उपनयन संस्कार का प्रचलन था। इस तथ्य की पुष्टि- **'पुराकल्पे तु नारीणां मौञ्जीबन्धनमिष्यते'**।[8] आदि प्रख्यात स्मृति वचनों के द्वारा प्राप्त होती है। इसी प्रकार स्त्रियों की दशा का वर्णन हमें तत्कालीन संस्कृत नाटकों में प्राप्त होता है।

नाटक एक ऐसा मनोरञ्जन का साधन है, जिसकी रचना सर्वजनहिताय तथा सर्वजनसुखाय के उद्देश्य से हुई है। साहित्य के विविध विधाओं में नाटक सर्वाधिक लोकप्रिय विधा है इसीलिए संस्कृत साहित्य में एक लोकोक्ति ही चल पड़ी 'काव्येषु नाटकं रम्यम्'। क्योंकि नाटक बड़े ही सहज एवं सरल ढङ्ग से समाज के

समस्त व्यक्ति को अपना संदेश सुनाने में समर्थ होता है। महाकविकालिदास ने भी इसी बात का समर्थन करते हुए कहा है कि 'जगत के समस्त प्राणियों की रुचि भिन्न-भिन्न अवश्य होती है किन्तु नाटक उनका नाना प्रकार से एक अद्वितीय आनन्द प्रदान करता है।' नाटक के विविध विधाओं में प्रकरण एक अत्यन्त लोकप्रिय रुपक है। प्रकरण में सभी पात्र (समाज के उच्च वर्ग या दिव्य वर्ग) देवता, राजा, अप्सरा, गन्धर्व और यक्ष आदि न होकर समाज के सामान्य एवं निम्न वर्ग (वेश्या, गणिका, जुआरी, चाण्डाल, चोर, भिक्षुक, मूर्ख, पण्डित, लुच्चा-लुबार, विट, चेट, सभिक, धनी, निर्धन) पात्रों के दर्शन होते हैं।

मृच्छकटिकम् महाकवि शूद्रक का अद्वितीय प्रकरण है जिसके सभी पात्र सार्वभौमिक हैं। शूद्रक के सभी पात्र विश्व के सम्पूर्ण स्थानों पर प्रत्येक समय में दिखाई देते हैं। उसमें शकार जैसे लम्पट, शर्विलक जैसा चोर ब्राह्मण या वसन्तसेना जैसी गणिका इत्यादि पात्र दिखायी देते हैं। मृच्छकटिक के अध्ययनोपरान्त तत्कालीन नारियों की स्थिति विभिन्न रूपों में द्रष्टव्य है।

परिणीता के रूप में नारी-

रूपकों में परिणीता नारियों का विवेचन या वर्णन मुख्य रूप से कहीं नहीं किया गया है क्योंकि यदि नायक और परिणीता का वर्णन किया जाएगा तो रसानुभूति बाधित हो जाएगा। अधिकांश रूपकों में प्रेमिका के रूप में ही नायिका को वर्णित किया गया है जिससे नायक के साथ उनका विवाह हो सके। उत्तररामचरितम् में 'सीता', मृच्छकटिकम् में 'धूता' तथा वेणीसंहार में 'द्रौपदी' परिणीता के रूप में प्रदर्शित हैं। कहने का अभिप्राय है कि जो परिणीता होती है उस नायिका में शील, सरलता, धैर्य आदि गुणों का होना आवश्यक है। शील का अभिप्राय उत्तम आचरण से है शील के कारण परिणीता पतिव्रता से युक्त, कुटिलता से शून्य, लज्जावती और पति की सेवा में संलग्न रहती है। शास्त्रों में वर्णित लक्षणों के आधार पर जब हम विवेचन करते हैं तो मृच्छकटिकम् प्रकरण की चारुदत्त की परिणीता 'धूता' में समस्त गुण विद्यमान पाते हैं। जहाँ धूता का चरित्र आदर्श पतिव्रता नारी के रूप में प्रतिपादित किया गया है। जो त्याग तथा तप की अग्नि में तप कर स्वर्ण के समान देदीप्यमान हो रही है। 'धूता' एक ऐसी आदर्श पूर्ण परिणीता नारी है जिसके लिए पति ही उसका देवता है। वह पति की मङ्गलकामना के लिए सदैव तत्पर रहती है। निर्धनता में भी त्यागपूर्ण जीवन व्यतीत करती है। वह त्याग की प्रतिमूर्ति है। चारुदत्त की आसक्ति वसन्तसेना में है, यह जानने के उपरान्त भी 'धूता' के मन में किसी प्रकार का ईर्ष्या भाव नहीं है। वह हृदय से यही कामना करती है कि उसका पति सदैव निष्कलङ्क रहे, इसी कारण से 'चारुदत्त' के घर से चोरी हुए 'वसन्तसेना' के आभूषणों के बदले वह अपनी बहुमूल्य रत्नावली 'वसन्तसेना' के पास भिजवा देती है। जब 'वसन्तसेना' रत्नावली वापस करने के लिए चेटी को 'धूता' के पास भेजती है तथा 'धूता' के स्वीकार न करने पर चेटी ने 'वसन्तसेना' से कहा कि आर्य 'धूता' ने कहा है कि-

आर्यपुत्रेण युष्माकं प्रसादीकृता न युक्तं ममैतां ग्रहीतुम्। आर्यपुत्र एव ममाभरणविशेषः।[10]

'धूता' के त्याग तथा भक्ति का परिचय प्राप्त होता है। 'धूता' यह जानते हुए भी कि मेरे पति 'चारुदत्त' के मृत्युदण्ड के षड्यन्त्र का कारण वसन्तसेना है, फिर भी वह वसन्तसेना के साथ बहन जैसा व्यवहार करती है और कहती है- **दिष्ट्या कुशलिनी भगिनी।**[11]

'धूता' को जब यह पता चलता है कि मेरे पति 'चारुदत्त' को मृत्युदण्ड का आदेश दिया गया है तो वह अपने प्राणों को त्यागने के लिए उद्यत हो जाती है। 'धूता' के त्याग को देखकर 'चारुदत्त' आत्म-विभोर हो उठता है और कहता है-

न महीतलस्थितिसहानि भवच्चरितानि चारुचरिते यदपि।
उचितं तथापि परलोकसुखं न पतिव्रते तव विहाय पतिम्।।[12]
हा प्रेयसि, प्रेयसि विद्यमाने कोऽयं कठोरो व्यवसाय आसीत्।
अम्भोजिनीलोचनमुद्रणं किं भानावनस्तङ्गमिते करोति।।[13]

इस प्रकार मृच्छकटिकम् में आर्य परिणीता 'धूता' का जो उज्ज्वल चरित्र प्रस्तुत किया गया है वह नारी जगत के लिए अनुकरणीय है।

नगरवधू के रूप में नारी-

संस्कृत रूपकों में नगरवधू का उल्लेख अथवा उनका चित्रण अप्राप्य है। साथ ही साथ नाट्यशास्त्रीय ग्रन्थों में नगरवधू के सम्बन्ध में कोई विवेचन या उससे सम्बन्धित लक्षण नहीं किया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि संस्कृत नाटकों में नगरवधू का विवेचन आवश्यक नहीं है। साथ ही यह भी स्पष्ट है कि नाट्यशास्त्रकारों की दृष्टि में नगरवधू के प्रति अत्यन्त सम्मान का भाव रहा है, क्योंकि इनके लिए वधू शब्द का प्रयोग किया गया है जो कि प्रतिष्ठा और सम्मान का सूचक है। अमरकोषकार ने स्त्री वाचक शब्द के रूप में वधू शब्द का प्रयोग किया है- **'समाः स्नुषाजनीवध्वः'**[14]

'वधूर्जाया स्नुषा स्त्री च'[15]

इस प्रकार का प्रयोग वधू शब्द के महत्त्व को प्रकट करता है यही कारण है कि गणिका के साथ वधू शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है। जिस प्रकार समाज में कुलवधू की सम्मानजनक प्रतिष्ठा और गरिमा है, उसी प्रकार नगरवधू की प्रतिष्ठा नगर में है। उसे गणिका नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि नाट्यशास्त्रकारों ने गणिका की जो परिभाषा दी है वह इस प्रकार है- **'साधारणस्त्री गणिका कलाप्रागल्भ्यधौत्ययुक्।'**[16]

छन्नकामसुखार्थाज्ञस्वतन्त्राहंयुपण्डकान्।
रक्तेव रञ्जयेदाढ्यान्निःस्वान्मात्रा विवासयेत्।।[17]

अमरकोष में उसे रूपाजीवा कहा गया है- **'वारस्त्री गणिका वेश्या रूपाजीवा'**[18]

अर्थात् जो स्त्री अपने रूप के आधार पर जीवन-यापन करें उसे गणिका कहा जाता है।

उक्त तथ्यों के विवेचनोपरान्त 'मृच्छकटिकम्' में 'वसन्तसेना' का चरित्र एक रूपाजीवा के रूप में नहीं प्राप्त होता है। यद्यपि प्रकरण के कुछ नीच पात्रों जैसे शकार आदि ने 'वसन्तसेना' को गणिका कहा है। शकार के द्वारा 'वसन्तसेना' को गणिका कहा जाना शकार की लोलुपता तथा कामान्धता को प्रकट करता है। जबकि शकार की लम्पटता का विरोध करती हुई 'वसन्तसेना' स्वयं कहती है-

"शान्तं शान्तम् अपेहि अनार्यं मन्त्रयसि।"[19]

अर्थात् शान्त ! शान्त ! दूर हो जाओ। सर्वथा अशिष्ट बातें कर रहे हो और शकार से कहती है-

"गुणः खल्वनुरागस्य कारणम् न पुनर्बलात्करः।"[20]

अर्थात् प्रेम का वास्तविक कारण गुण है न कि बलात्कार।

'वसन्तसेना' के इस कथन से उसकी शुद्धता का परिचय प्राप्त होता है। इससे यह भी अभिव्यञ्जित होता है कि वह धनलोलुप नहीं अपितु चरित्रलोलुप है। वसन्तसेना एक उदार हृदय वाली नारी है। वह एक तरुणी सुन्दरी है और उज्जयिनी नगरी का आभूषण है जैसा कि विट कहता है-

बालां स्त्रियं च नगरस्य विभूषणं च वेश्यामवेशसदृशप्रणयोपचाराम्।
एनामनागसमहं यदि घातयामि केनोडुपेन परलोकनदीं तरिष्ये।।[21]

चारुदत्त ने उसे शरद् (ऋतु) के मेघ से आच्छन्न चन्द्रकला के तुल्य कहा है- **छादिता शरदभ्रेण चन्द्रलेखेव दृश्यते।**[22] विट के शब्दों में वह उदारता की स्रोत, सौन्दर्य में रति, अलङ्कारों को भी अलङ्कृत करने वाली तथा सौजन्य की सरिता है। जब संवाहक उसकी शरण में आता है तो अपरिचित होने पर भी वह उसे अभयदान देती है। उसे ऋण मुक्त कराने के लिए अपना सुवर्णाभूषण भेजती है और कहला देती है कि इसे संवाहक ने ही भेजा है।

'वसन्तसेना' अपनी उदारता के कारण ही मदनिका को दासता से मुक्त कर देती है तथा मदनिका से कहती है- **"यदि मम छन्दस्तदा विनार्थं सर्वं परिजनमभुजिष्यं करिष्यामि।"**[23] चारुदत्त के पुत्र रोहसेन को रोता हुआ देखकर 'वसन्तसेना' सुवर्ण-शकट बनवाने के लिए अपना आभूषण दे देती है। 'वसन्तसेना' एक बुद्धिमती कला-कुशल तथा विदुषी नारी है। वह राजमार्ग पर विट के कथन के गूढार्थ को समझ लेती है और आभूषण उतार लेती है। यह जानते हुए भी कि चारुदत्त दरिद्र है तो भी वह उससे सच्चे हृदय से प्रेम करती है उसका प्रेम धन के लिए नहीं है अपितु प्रशंसनीय प्रेम है- **'दरिद्रपुरुषसंक्रान्तमनाः खलु गणिका लोकेऽवचनीया भवति।'**[24] चारुदत्त जैसे निर्धन व्यक्ति के प्रति अनुराग उसके हृदय की पवित्रता को व्यक्त करता है। वह दश सहस्र सुवर्णालङ्कारों के साथ आये हुए शकार के आमन्त्रण को अस्वीकार कर देती है, उसे न लोभ है, न भय। जब मदनिका कहती है कि वेश्या के घर में रहने वाले असत्य बोलने में चतुर हो जाते हैं, वे झूठ कपट में कुशल होते हैं। उसके ऐसा कहने पर 'वसन्तसेना' कहती है कि अनेक पुरुषों का साथ होने के कारण गणिकाएँ भी असत्य बोलने के साथ ही साथ छल कपट में भी चतुर हो जाती हैं।

चेटि, नानापुरुषङ्गेन वेश्याजनोऽलीकदक्षिणो भवति।[25]

यहाँ पर 'वसन्तसेना' के वक्तव्य से स्पष्ट हो जाता है कि अनेक पुरुषों से सम्पर्क न होने के कारण न तो वह गणिका है, न ही असत्वक्ता। इससे यही सिद्ध होता है कि वह अपने चरित्र को बचाने के लिए सदैव तत्पर रहती है। शर्विलक कहता है कि वेश्यालय में उत्पन्न हुई स्त्रियाँ पवित्र नहीं होती हैं-

न पर्वताग्रे नलिनी प्ररोहति न गर्दभा वाजिधुरं वहन्ति।
यवाः प्रकीर्णा न भवन्ति शालयो न वेशजाताः शुचयस्तथाङ्गनाः।।[26]

जिस पर मदनिका शर्विलक को रोकते हुए कहती है कि हे! असङ्गत बोलने वाले, असम्भावित (जिसकी सम्भावना भी न की जा सके) पर क्रोध करते हो।

अयि असम्बद्धभाषक, असम्भावनये कुप्यसि।[27]

'वसन्तसेना' 'धूता' के साथ बहन जैसा व्यवहार करती है तथा 'रोहसेन' के प्रति माता का वात्सल्य। वह यह भी जानती है कि वह 'चारुदत्त' के अन्तःपुर में प्रविष्ट होने का अधिकार नहीं रखती अतः कहती है- **'मन्दभागिनी खल्वहं तवाभ्यन्तरस्य'**[28] तथापि वह उस प्रियतम की प्राप्ति के लिए सब कुछ करती है। 'वसन्तसेना' के शील, स्वभाव और चरित्र से प्रभावित होकर राजा उसे वधू शब्द से अलङ्कृत करते हुए शर्विलक के द्वारा आदेश देते हैं। अतएव शर्विलक कहता है-

आर्ये वसन्तसेने, परितुष्टो राजा भवतीं वधूशब्देनानुगृह्णाति।[29]

इस प्रकार से 'वसन्तसेना' को गणिका नहीं कहा जा सकता। वह नगर की सेवादायक वधू के समान है। उसका व्यवहार तथा प्रेम कुलनारी के सदृश है- अवेशसदृशप्रणयोपचाराम्।[30] उसने अपने अनन्य प्रेम, उदात्त चरित्र, उदार हृदय तथा अपूर्व त्याग आदि गुणों से गणिका होने की कालिमा को प्रक्षालित करके एक साध्वी नारी के पद को अलङ्कृत किया है।

सखी के रूप में नारी-

'मदनिका' वसन्तसेना की सखी तथा दासी है। 'मदनिका' के ऊपर वसन्तसेना बहुत अधिक विश्वास करती है। वह भी वसन्तसेना के प्रति अत्यन्त स्नेह करती है। जब मदनिका को यह पता चलता है कि मेरे निमित्त "चारुदत्त के घर शर्विलक ने चोरी की है" तो वह मूर्छित हो जाती है। 'मदनिका' एक बुद्धमती स्त्री है। वह शर्विलक को एक सद्गृहिणी के समान सम्मति देती है। वसन्तसेना[31] को भी वह समय-समय पर उचित सलाह देती है। इसी कारण वसन्तसेना उसकी प्रशंसा करती है- साधु मदनिके साधु।[32] कहती है कि हे मदनिके तुम दूसरे के हृदय की बात जानने में चतुर हो- **परहृदयग्रहणपण्डिता मदनिका खलु त्वम्।**[33] मदनिका भीरु नहीं है वह शर्विलक जैसे साहसी की पत्नी होने योग्य है और जब शर्विलक अपने मित्र आर्यक को छुडाने जाना चाहता है तो वह उसके मार्ग में बाधा नहीं डालती।

इस प्रकार मृच्छकटिकम् के अध्ययनोपरान्त ज्ञात होता है कि तत्कालीन समाज में नारियों की विभिन्न प्रकार की स्थितियाँ पायी जाती थीं। समाज में गणिकाएँ घृणित समझी जाती थीं तथा गणिकाएँ पवित्र वधू पद पाने के लिए प्रयत्न करती रहती थीं। तत्कालीन समाज में सती प्रथा का भी प्रचलन देखने को मिलता है। पति के प्रति स्त्रियों की त्याग और भक्ति समाज में अत्यन्त उत्कृष्ट थी। जो समाज के लिए अनुकरणीय है। दासता प्रथा का भी प्रचलन तत्कालीन समाज में व्याप्त था। मदनिका इसी की उदाहरण है।

सन्दर्भ –

1. Society is system of usages and procedures, authority and mutual aid, of many groupings and divisions of control of human behavior and of liberties,, Maciver and Page, Sociology
2. Society is a web of social relationships. Maciver and Page, Sociology
3. काव्यप्रकाश- 1/2
4. सर्व प्रायेण लोकोऽयं सुखमिच्छतिसर्वदा। सुखस्य च स्त्रियोमूल नानाशीलधराश्च ता।। नाट्यशास्त्र- 20/93
5. मनुस्मृति- 3/56

6. तैत्तिरीय ब्राह्मण- 2/2/6
7. मनुस्मृति- 9/28
8. वेदार्थकल्पलता- पृष्ठ सं० 116-118
9. त्रैगुण्योद्भवमत्र लोकचरितं नानारसं दृश्यते। नाट्यं भिन्नरुचेर्जनस्य बहुधाऽप्येकं समाराधनम्।। मालविकाग्निमित्रम् 1/4
10. मृच्छकटिकम् 6/ पृष्ठ सं० 236
11. वही 10/ पृष्ठ सं० 436
12. वही 10/56
13. वही 10/58
14. अमरकोष 2/6/9
15. अमरकोष 2/6/9
16. दशरूपक 2/21
17. वही 2/22
18. अमरकोष 2/6/19
19. मृच्छकटिकम् 1/ पृष्ठ सं० 32
20. वही 1/ पृष्ठ सं० 34
21. वही 8/ 23
22. वही 1.54
23. वही 4/ पृष्ठ सं० 148
24. मृच्छकटिकम् 2/ पृष्ठ सं० 70
25. वही 4/ पृष्ठ सं० 142
26. वही 4/14
27. वही 4/ पृष्ठ सं० 156
28. वही 1/ पृष्ठ सं० 56
29. मृच्छकटिकम् 10/ पृष्ठ सं० 436
30. वही 8/ 23
31. तथापि नीतिविरुद्धमेतत्। अन्य उपायश्चिन्त्यताम्। वही 4/ पृष्ठ सं० 160
32. वही 4/ पृष्ठ सं० 160
33. वही 2/ पृष्ठ सं० 68

वैदिक छन्दःशास्त्र

· डॉ० सत्यकेतु*

शोधसार –

प्रस्तुत शोधपत्र वैदिक छन्द एवं छन्दःशास्त्र के विषय को प्रतिपादित किया गया है। यहाँ छन्दःशास्त्र के प्रवचनकर्त्ता, छन्दों के प्रकार आदि का वर्णन करते हुए वैदिक छन्दों के प्रमुख भेदों का विवेचन किया गया है। छन्दःशास्त्र सम्बन्धी सभी ग्रन्थों जिनमें वैदिक छन्दों का प्रतिपादन किया गया है प्रस्तुत शोधपत्र में उन सभी ग्रन्थों का संक्षिप्त विवेचन किया गया है।

बीजशब्द – छन्द, पिङ्गल, वैदिक, छन्दःशास्त्र, पिङ्गलछन्दःसूत्र, छन्दोविचिति, छन्दोमान, छन्दोभाषा, छन्दोविजिनी, छन्दोविजिति, छन्दोव्याख्यान, प्राकृतपैङ्गलम्, छन्दोहृदयप्रकाश तथा छन्दोऽर्णवपिङ्गल।

महाभारत में भगवान् शिव को षडङ्ग का प्रवर्तक कहा गया है।[1] वेदाङ्गों के ज्ञान से वेद को समझा जा सकता है। छन्द की उपमा वेद भगवान् के शारीरिक उपमानों में चरणों से की गई है। छन्दःशास्त्र के प्रथम प्रवचन कर्ता के रूप में शिव का स्मरण किया जाता है। पिङ्गल छन्दःशास्त्र की टीका में यादवप्रकाश ने इन्द्र को भी छन्दःशास्त्र का प्रवचन कर्त्ता कहा है। इन्द्र ने असुर गुरु शुक्राचार्य को छन्दःशास्त्र पढाया था[2]। श्रुति परम्परा में वेद के संरक्षण हेतु छन्दःशास्त्र का विकास हुआ है। ब्राह्मण ग्रन्थों में छन्द शब्द का बहुधा प्रयोग हुआ है। शाङ्खायन श्रौतसूत्र में छन्दःशास्त्रीय चर्चा प्राप्त होती है। सातों वैदिक छन्दों का यहाँ साक्षात् उल्लेख प्राप्त होता है। इन प्रमुख छन्दों के अवान्तर भेदों के भी नाम यहाँ उल्लिखित हुए हैं[3]। पातञ्जलनिदान सूत्र, शौनकीय ऋक् प्रातिशाख्य और कात्यायनी ऋक्सर्वानुक्रमणी में भी सभी प्रमुख सातों छन्दों का विस्तृत विवरण प्राप्त होता है।

छन्दःशास्त्र के अनेक नाम संस्कृत वाङ्मय में प्रचलित हैं। छन्दोविचिति, छन्दोमान, छन्दोभाषा, छन्दोविजिनी, छन्दोविजिति, एवं छन्दो व्याख्यान[4]। पाणिनीय अष्टाध्यायी में छन्दस् शब्द वेद का बोधक है[5]। अमरकोश में छन्द शब्द का अर्थ मन की बात या अभिप्राय बताया गया है।[6] पुनः आगे इसका अर्थ वश तथा गायत्री आदि छन्दों के अर्थ में और पद्य के अर्थ में भी स्मृत हुआ है[7]।

छन्द शब्द के व्युत्पत्ति के रहस्य को जानने के लिए जानने हेतु हमें छान्दोग्य उपनिषद् एवं निरुक्त[8] का आश्रय लेने की आवश्यकता है। उपनिषद् एक आख्यान के माध्यम से कहती है कि देवताओं ने मृत्यु से

*सहायक आचार्य, संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

बचने हेतु ऋक्, यजु और साम वेदों में प्रवेश किया। छन्दों (वेदों)ने मृत्यु से बचाने हेतु इनका आच्छादन किया इसी से इनकी छन्द संज्ञा है।[9] छदि संवरणे एवं चदि आह्लादने इन दो धातुओं के साथ असुन् प्रत्यय के योग से छन्द शब्द व्युत्पन्न है। पहले का अर्थ आच्छादन एवं दूसरे का अर्थ आह्लादन है। आच्छादन से तात्पर्य है कि छन्द के द्वारा रस, भाव तथा वर्ण्य विषय का आच्छादन किया जाता है। अतः कहा जा सकता है कि छन्द वस्तुतः वेदों के आवरण तथा मानव मन के आह्लादन के साधन हैं।

मुण्डकोपनिषद में छन्द को ऋग्वेद आदि के साथ ही अपरा विद्या बताया गया है-

तत्रापरा ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्ववेदः।
शिक्षाकल्पो व्याकरणं निरुक्तं छन्दोज्योतिषमिति॥

पिङ्गल प्रोक्त छन्दःशास्त्र के पूर्व ब्राह्मण ग्रन्थ छन्दों का विवेचन करते दृष्टिगत होते हैं[10]। कात्यायन की अनुक्रमणी में वैदिक छन्दों पर स्वतन्त्र रूप से विचार किया गया है। यहाँ १४ वैदिक छन्दों पर विचार किया गया है- गायत्री, उष्णिक्, अनुष्टुप्, बृहती, पङ्क्ति, त्रिष्टुप्, जगती, अतिजगती, शक्वरी, अतिशक्वरी, अष्टि, अत्यष्टि, धृति और अतिधृति। गायत्री में २४ अक्षर लक्षित किए गए हैं इसके बाद प्रत्येक में चार-चार अक्षर बढाने से तत्तद् छन्द का लक्षण लक्षित होता है। शुक्ल-यजुः-सर्वानुक्रम-सूत्र में इन १४ के अतिरिक्त सात और छन्दों का विवेचन उपलब्ध होता है। कृति, प्रकृति, आकृति, विकृति, संस्कृति, अभिकृति और उत्कृति। इन सभी छन्दों का विस्तृत सभेद निरूपण शौशिरीय प्रातिशाख्य में भी हुआ है। अग्निपुराण में भी छन्दःशास्त्र का विवेचन प्राप्त होता है। आग्नेय छन्दसार नाम से यह विवरण पुराणकार ने प्रस्तुत किया है। यह विवेचन पिङ्गल प्रोक्त छन्दोविधान का अनुसर्त्ता है[11]।

नारदीय महापुराण में भी छन्दों का विवेचन उपलब्ध होता है। यहां वैदिक और लौकिक भेद से छन्दों के लक्षण किए गए हैं। निश्चय ही यह विवेचन लौकिक साहित्य के लक्षण ग्रन्थों से भी परवर्ती प्रतीत होता है। भरतमुनि के नाट्य शास्त्र में १४ वें एवं १५ वें अध्याय में छन्दों पर विचार किया गया है। यहाँ यह ध्यातव्य है कि भरतमुनि का मुख्य प्रतिपाद्य नाटक है। अतः उन्होंने नाटक की दृष्टि से उपयोगी छन्दों का विवेचन प्रस्तुत किया है। ऐकान्तिक रूप से छन्दो मात्र विषय पर दृष्टि रखने वाला उपलब्ध ग्रन्थ छन्दःशास्त्र अथवा छन्दःसूत्र के नाम से प्रसिद्ध है। षडङ्ग वेदाङ्ग में छन्द के प्रतिनिधि ग्रन्थ के रूप में इसी का ग्रहण किया जाता है। यद्यपि इस ग्रन्थ में वैदिक एवं लौकिक उभयविध छन्दों का प्रतिपादन हुआ है। वैदिक छन्दों का स्वतन्त्र रूप से प्रतिपादन किसी ग्रन्थ में नहीं प्राप्त होता है। मैक्डॉनल के अनुसार वैदिक एवं उत्तरवर्त्ती छन्दों का प्रतिपादक यह ग्रन्थ है पुनरपि इस छन्दःशास्त्र को प्रतिपाद्य के आधार पर बाद का निर्माण माना है। वेदाङ्ग होते हुए भी यह लौकिक छन्दों का भी सविस्तार निरूपण करता है[12]।

ए. बी. कीथ के अनुसार आचार्य पिङ्गल का समय ईसा से २०० वर्ष पूर्व है[13]। पिङ्गलच्छन्दःसूत्र के प्रारम्भ में उल्लिखित कारिका के आधार पर परम्परा से पिङ्गल को शेषनाग का से अभिन्न माना जाता है-

श्रीमत्पिङ्गलनागोक्तच्छन्दःशास्त्रमहोदधी। वृत्तानि मौक्तिकानीव कानिचिद्विचिनोम्यहम्॥ [14]

प्राकृतपैङ्गलम्, छन्दोहृदयप्रकाश (मुरलीधरकविभूषणकृत्) तथा छन्दोऽर्णवपिङ्गल

(भिखारीदासकृत्) में पिङ्गल की शेषनाग से अभिन्नता को लेकर एक कथा प्रतिपादित है-

एक बार भगवान् शेषनाग क्षीरसागर से बाहर आकर वसन्त ऋतु का आनन्द ले रहे थे। उसी समय विष्णु के वाहन और नागों के शत्रु गरुड वहां उपस्थित हुए। उन्होंने शेषनाग को पकड लिया तब शेषनाग ने अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए कहा कि संसार में छन्दःशास्त्र के ज्ञाता केवल वही हैं। यदि आप गरुड मुझे खा लेंगे तो छन्दःशास्त्र का संसार से लोप हो जाएगा। तब उन्होंने गरुड से छन्दःशास्त्र के प्रवचन करने की अनुमति प्राप्त की। गरुड भी इस शर्त पर छन्दःशास्त्र सुनने को प्रस्तुत हुए कि छन्दःशास्त्र सुनाते ही आप भागेंगे नहीं। तब शेषनाग ने कहा कि वे विना पूर्वसूचना दिए नहीं जाएंगे। तब गरुड ने उन्हें छोड दिया। तत्पश्चात् शेषनाग ने छन्दःशास्त्र का इतना सुन्दर वर्णन किया कि गरुड मन्त्रमुग्ध हो गए। यह अवसर देख शेषनाग ने चार बार भुजङ्गप्रयात का उच्चारण करते हुए क्षीरसागर में चले गए। तब गरुड ने कहा कि आप अपना वचन तोड कर जा रहे हैं। उस समय शेषनाग ने कहा कि भुजङ्गप्रयात पद से छन्द-विशेष के साथ अपने जाने की भी सूचना दे दी थी[15]।

कोलब्रुक् ने पिङ्गल एवं पतञ्जलि को एक माना है। किन्तु ऐसा प्रमाणित करने हेतु पर्याप्त प्रमाणों का अभाव है। बेवर का अनुमान है कि शुक्ल यजुर्वेद के शतपथ ब्राह्मण में किसी पैङ्ग ऋषि का उल्लेख है। जिसके वंश में यास्क पैङ्गी का जन्म हुआ। सम्भवतः पिंगल का जन्म इसी के वंश में हुआ हो[16]। पण्डित युधिष्ठिर मीमांसक ने 'संस्कृत व्याकरण शास्त्र का इतिहास' ग्रन्थ में पिङ्गल को पाणिनि का अनुज बताया है। तथा च सूत्र्यते भगवता पिङ्गलेन पाणिन्यनुजेन...[17]। शिक्षासङ्ग्रह (काशी संस्करण) में भी "ज्येष्ठभ्रातृभिर्विहितो व्याकरणेऽनुजस्तत्र भगवान् पिङ्गलाचार्यस्तन्मतमनुभाव्य शिक्षां वक्तुं प्रतिजानीते" (बडे भाई ने व्याकरण का निर्माण किया और उनके अनुज आचार्य पिङ्गल पाणिनि के मत को समझ कर शिक्षा शास्त्र का प्रवचन करने की प्रतिज्ञा करता है) पिङ्गल को पाणिनि का अनुज कहा गया है। पञ्चतन्त्र में उल्लिखित एक श्लोक से ज्ञात होता है कि पिङ्गल की मृत्यु मकर के द्वारा निगलने से हुई थी-

छन्दोज्ञाननिधिं जघान मकरो वेलातटे पिङ्गलम्...।[18]

पण्डित युधिष्ठिर मीमांसक ने इनका समय महाभारत युद्ध के २०० वर्ष बाद माना है[19]। पाणिनीय गणपाठ में छन्दःशास्त्र के तीन पर्याय छन्दोविचिति, छन्दोमान एवं छन्दोभाषा का पाठ किया गया है[20]। महाभाष्य में १/२/३२[21] पर प्रयुक्त छन्दःशास्त्र शब्द को नागेश ने प्रातिशाख्य के अर्थ में माना है[22]। पिङ्गलाचार्य ने अपने ग्रन्थ में क्रौस्टुकि (२/२९), यास्क (३/३०), ताण्डी (३/३६), सैतव (५/१८, ७/१०), काश्यप (७/९), शाकल्य (७/११), रात (७/१३) और माण्डव्य (७/३४) आदि छन्दःसूत्रकारों के मत प्रस्तुत किए हैं। किन्तु आज इनमें से किसी का भी ग्रन्थ उपलब्ध नहीं है। उपलब्ध छन्दोऽनुशासन ग्रन्थ इस प्रकार हैं-

१. निदानसूत्र- पतञ्जलिकृत्- इसमें इसमें १० प्रपाठक हैं। प्रत्येक १३-१३ खण्डों में विभक्त है। प्रथम प्रपाठक के सात खण्डों में २६ वैदिक छन्दों के १४३ भेदों सहित लक्षण प्राप्त होते हैं।

२. ऋक्प्रातिशाख्य- शौनककृत्- इसके १६, १७ और १८ वें पटल में २८ छान्दों के १८८ भेदों का

विस्तार से सोदाहरण विवेचन उव्वट भाष्य के माध्यम से मिलता है। इसमें ६४ छन्दलक्ष्मण आचार्य शौनक द्वारा लक्षित हैं। शेष १२४ छन्द निदानसूत्र के ग्रन्थ में पहले से लक्षित हुए हैं।

३. ऋक्सर्वानुक्रमणी- कात्यायनकृत्- यहाँ ६८ छन्दों का भेदोपभेद सहित लक्षण उपलब्ध होते हैं। इसमें से ९ छन्द लक्षण कात्यायन के द्वारा लक्षित हैं। शेष लक्षण पूर्व लक्षणग्रन्थों में लक्षित किए जा चुके हैं।

४. छन्दःसूत्रम्- पिङ्गलकृत्- इसमें ३२९ सूत्र ८ अध्यायों में उपनिबद्ध ग्रन्थ है। इसमें वैदिक एवं लौकिक दोनों प्रकार के छन्दोलक्षण किए गए हैं। प्रथम अध्याय से चतुर्थ अध्याय के सातवें सूत्र तक ११९ वैदिक छन्दों के लक्षण हैं। इनमें महर्षि पिङ्गल के द्वारा सबसे पहले लक्षित ११ छन्द हैं। शेष १०८ छन्द पूर्व ग्रन्थों में बताए जा चुके हैं।

५. उपनिदानसूत्र- अज्ञातकर्तृक- ग्रन्थान्त में उद्धृत पिङ्गल नाम से इसे छन्दःशास्त्र का परवर्ती ग्रन्थ माना गया है[23]। इसमें ६६ वैदिक छन्दों के (भेदों सहित) लक्षण का उल्लेख है। दो छन्द लक्षण ही उपनिदानकार ने लक्षित किये हैं। अन्य ६४ छन्द लक्षण पूर्वग्रन्थों में लक्षित होते आये हैं।

६. अग्निपुराण- इसके ३२८ अध्याय से ३३५ वें अध्याय पर्यन्त छन्दों का विवेचन है। जिसमें से प्रथम ३ अध्यायों में ही वैदिक छन्दों का विवेचन प्राप्त होता है। इनमें से चार लक्षण ही अग्निपुराणकार के स्वोपज्ञ हैं। अन्य लक्षण पूर्ववत् हैं।

७. जयदेवछन्द- जयदेवकृत्- इसके ८ अध्यायों में से द्वितीय एवं तृतीय अध्याय में वैदिक छन्दों का विचार किया गया है। १३ छन्दोलक्षण जयदेव द्वारा लक्षित हैं। अन्य लक्षण पूर्ववत् हैं।

८. छन्दोऽनुक्रमणी- वेंकटमाधवकृत्- ऋग्भाष्य में जहाँ छन्दों का उल्लेख किया गया है उसी भाग का नाम छन्दोऽनुक्रमणी है। इसमें ५८ छन्दों का भेदसहित लक्षण प्रतिपादित किया गया है। कोई भी लक्षण स्वोपज्ञ नहीं है। सभी छन्दोलक्षण पूर्ववत् स्मृत किए गये हैं।

९. वृत्तमुक्तावलि- श्रीकृष्णभट्टकृत्- यह रचना तीन गुम्फों में विभक्त है। प्रथम गुम्फ में २०५ वैदिक छन्दों का (भेदों सहित) लक्षण लक्षित किया गया है। जिनमें चार लक्षण आचार्य के स्वोपज्ञ हैं। शेष पूर्ववत् हैं।

वैदिक छन्द – पिङ्गल ने छन्दःशास्त्र के द्वितीय अध्याय में गायत्री आदि छन्दों का सभेद वर्णन किया है। तृतीय अध्याय में छन्दःपाद विचार किया गया है। गायत्री, उष्णिक्, अनुष्टुप्, बृहती, पङ्क्ति, त्रिष्टुप्, जगती आदि ७ छन्दों के सात देवताओं क्रमशः अग्नि, सविता, सोम, बृहस्पति, मित्र-वरुण, इन्द्र और विश्वदेव तथा सप्तस्वरों- षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पञ्चम, धैवत एवं निषाद और ७ वर्णों- श्वेत, सारंग, पिशङ्ग (पीला), कृष्ण, नील, लोहित एवं गौर, और सातगोत्रों- अग्निवेश्य, कश्यप, गौतम, आङ्गिरस, भार्गव, कौशिक एवं वशिष्ठ आदि का उल्लेख भी छन्दःशास्त्र के तीसरे अध्याय के अन्तिम् सूत्रों में किया गया है[24]।

छन्द प्रयोग की दृष्टि से आचार्य शौनक ने ऋग्वेद में गायत्री से लेकर अतिधृति तक 14 छन्दों (गायत्री २४, उष्णिक् २८, अनुष्टुप् ३२, बृहती ३६, पङ्क्ति ४०, त्रिष्टुप् ४४, जगती ४८, अतिजगती ५२,

शक्वरी ५६, अतिशक्वरी ६०, अष्टि ६४, अत्यष्टि ६८, धृति ७२, अतिधृति ७६ वर्ण) का प्रयोग माना है। यद्यपि अतिधृति छन्द की वर्णपूर्ति के लिए ऋग्वेद के १/१२७/०६ मंत्र में शौनक आदि आचार्य उपलब्ध ६८ वर्णों का प्रतिचरण का व्यूह करके ७६ वर्ण मानते हैं। जो यथाकथञ्चित् द्राविड प्राणायाम की भाँति आयाससाध्य प्रयोग है।

अस्तु इस अतिधृति छन्द को मिलाकर यजुर्वेद में आठ अन्य (अतिधृति ७६, कृति ८०, प्रकृति ८४, आकृति८८, विकृति ९२, संकृति ९६, अभिकृति १००, उत्कृति १०४ वर्ण वाले) छन्द प्रयुक्त हुए हैं। अथर्ववेद में उक्ता (४ वर्ण), अत्युक्ता (८ वर्ण), मध्या (१२), प्रतिष्ठा (१६ वर्ण) और सुप्रतिष्ठा (२० वर्ण) आदि ०५ छन्दों का अधिक उपयोग दृष्टिगत होता है। इसके अतिरिक्त यजुर्वेद, सामवेद तथा अथर्ववेद में ऋग्वेद में प्रयुक्त छन्दों का ही प्रयोग हुआ है। अथर्ववेद में प्रयुक्त उक्ता छन्द चार वर्णों की दृष्टि से वेद में प्रयुक्त सबसे छोटा छन्द है एवं १०४ वर्णों वाला उत्कृति छन्द सबसे बडा है। इस प्रकार भेदोपभेदों सहित वेद में प्रयुक्त २२४ छन्दों को लक्षणग्रन्थों में परिभाषित किया गया है।

सन्दर्भ –

1. वेदात् षडङ्गान्युद्धत्य, 284/192, (महाभारत शांति पर्व कुंभघोण संस्करण)
2. तस्माद् दुश्च्यवनस्ततोऽसुरगुरुः...छन्दःशास्त्र की टीका के अन्त में- यादवप्रकाश।
3. शाङ्खायन श्रौतसूत्र 6-7
4. पाणिनीय गणपाठ, 4/3/73, जैनेन्द्र गणपाठ, ३/३/४७, जैन शाकटायन गणपाठ, ३/१/१३६, चान्द्र गणपाठ, ३/१/४५, गणरत्न महोदधि, ४/३४४, सरस्वती कण्ठाभरणम्, ४/३/१
5. बहुलं छन्दसि, पा० अ० २/४/७६
6. अभिप्रायश्छन्द आशयः... अ०,को०, तृ०, का०, संकीर्ण वर्ग, श्लोक २०
7. अभिप्रायवशौ छन्द... अ०, को०, तृ०, का०, नानार्थ वर्ग, श्लो० ८८
8. छन्दांसि छादनात्- निरुक्त ७/३/१२ यहीं निरुक्त के टीकाकार आचार्य भगवद्दुर्ग का कथन है कि ते (मन्त्राः) पुनश्छन्दोमयाः, नाऽछन्दसि वागुच्चरतीति। निरुक्त ७/३/१२
9. यदेभिरात्मानमाच्छादयन् देवाः मृत्योर्बिभ्यतः, तच्छन्दसां छन्दस्त्वम् इति।छान्दोग्य उप०, खण्ड ४, अ०१, कण्डिका २
10. शां० श्रौ० सू० ७/२७ पृ० ८४ (सं० ए० हिलब्राण्ट, पीएच् डी, खण्ड-१)
11. छन्दोवद्ये मूलजैस्तैः पिङ्गलोक्तं यथाक्रमम्। अग्निपुराणम्
12. A.A. Macdonell- A History of Sanskrit Literature, P. 267
13. संस्कृत साहित्य का इतिहास- ए० बी० कीथ, पृ० ४१५
14. पिङ्गलच्छन्दःसूत्रम् (हलायुधवृत्तिसहितम्) प्रथमोध्याय, श्लोक ०१
15. प्राकृतपैङ्गलम्- मङ्गलाचरण, छन्दोऽर्णवपिङ्गल- मङ्गलाचरण तथा मुरलीधर कवि भूषणकृत् – छन्दोहृदयप्रकाश।
16. भारतीयवाङ्मय का इतिहास- बेवर, पृ० ४६
17. पिङ्गलसूत्र- ३-३३
18. पञ्चतन्त्र, मित्र सम्प्राप्ति-३६, जीवानन्द संस्करण
19. सं० व्या० शा० का इतिहास, पृ० २२८, प्रथमभाग
20. गणपाठ ४/३/७३
21. व्याकरणनामेयमुत्तरा विद्या। सोऽसौ छन्दःशास्त्रेष्वभिविनीत उपलब्ध्याधिगन्तुमुतसहते। महाभाष्यम् १/२/३२
22. नागेश- छन्दःशास्त्रेषु प्रातिशाख्यादिषु। महाभाष्यम् उद्योत टीका, १/२/३२
23. ब्राह्मणात्ताण्डिनश्चैव पिङ्गलाच्च महात्मनः। उपनिदानसूत्रम्- ८/१
24. पिङ्गलसूत्रम्- ३/६३, ६४, ६५, तथा ६६

काल-गणना-गणक आर्यावर्त्त

· डॉ. श्यामलेश कुमार तिवारी*

शोधसार –

मन्वन्तर-काल-गणना के अनुसार पुराणों में ३ युगों अर्थात् सतयुग त्रेता द्वापर को 'त्रियुगी लिखा गया है। यही तीनों युग आर्य सभ्यता का विराट् इतिहास अपने आवर्ती में सहेजे हुए है। परन्तु खेद की बात है कि पश्चिमी विवेचकों ने अपनी सङ्कीर्णता का परिचय देते हुए पुराण वर्णित पीढ़ियों को केवल २८ वर्ष प्रति पीढ़ी के हिसाब से काल गणना की है जो नितान्त काल्पनिक ही कही जायेगी।

बीजशब्द – गणना, अङ्क, गण, त्रिकोणमिति, दशमलव शून्य, सूर्य, चन्द्रमा अङ्कशास्त्र

वस्तुतः गिनती या गणना का आदि देश भारत ही रहा है। अक्षरों के पहले आर्यों ने अङ्क गणना सीख ली थी। 'गण' शब्द का अर्थ है कि वह गिना गया। त्रिशूली शिव ही अङ्कशास्त्र के गणना के आदि आचार्य थे। कहा गया :-

'प्रथमे गणाः अमरकोषः, प्रथमे रूद्रानुचरे इति महेश्वरः' अर्थात् देव-युग में शिवजी के जो पार्षद थे, वे 'गण' कहलाते थे[1]। उनकी विधिवत संख्या रहती थी अर्थात् वे गिने जा सकते थे। परन्तु गणना की यह प्रथा या परम्परा विष्णु और ब्रह्मा पार्षदों के लिए नहीं थी। कालान्तर से यह 'गण' शब्द ऐसी सेना के लिए प्रचलित हो गया, जिसमें २७ रथ, २७ हाथी, २१ अश्व और १३५ पैदल सैनिक हुआ करते थे। ऐसी सेना के स्वामी को 'गणेश[2] कहते थे साथ ही शिव के गणों का जो नियन्त्रण या नेतृत्वकर्ता था, उसे 'गणपति'[3] कहा गया। पहले शिवजी के गण और बाद में सैन्य गण में पृथकता भिन्नता रही, परन्तु कालान्तर में दोनों परस्पर पर्याय माने जाने लगे। यहीं से गणित शास्त्र की शुरूआत होती है। अङ्कगणित और बीजगणित के बहुत बाद रेखागणित का यहाँ प्रचलन हुआ उसके ८०० वर्ष बाद ईसामसीह का जन्म हुआ।

रेखागणित के सिद्धान्त कल्पसूत्रों में थे। उसके मूल सिद्धान्त भारतीयों ने ही ईसा पूर्व ८वीं शताब्दी में यूनानियों को ज्ञात कराये, बताये। ईसा की ८वीं शताब्दी में अरब लेखकों ने भारतीयों द्वारा प्रचलित बीजगणित वाले ग्रन्थों का अरबी भाषा में रूपान्तर किया। अनन्तर यूरोपीय देश भी बीजगणित का परिचय प्राप्त कर सके। उसके पहले पश्चिमी देश बीजगणित से अनभिज्ञ रहे थे। इसी प्रकार 'त्रिकोणमिति' और गणित की दशमलव प्रणाली के भी आदि गुरू ज्ञाता विश्व में सर्व प्राचीन भारतीय ही थे। अरब देशवासियों ने भारतीयों से ही

*सहायकाचार्य, प्राव्यसंस्कृत विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

'दशमलव प्रणाली' का ज्ञान प्राप्त किया, सीखा उसे फिर अरबों ने ही दशमलव प्रणाली यूरोप वालों को सिखाई। उससे पूर्व यूरोप दशमलव प्रणाली की कोई जानकारी नहीं रखता था यह निर्विवाद तथ्य है। 'गणितशास्त्र के प्रारम्भ होने से पूर्व मानव केवल मात्र शून्य से परिचित था', यह मान्यता विदेशी लेखकों की रही है। किन्तु भारतीय ग्रन्थकारों के मत से पहले 'अङ्क' निर्माण हुए तत्तपश्चात् ही 'शून्य' की रचना की गई। निस्सार पदार्थ को भी 'शून्य' कहा जाता है। सिद्ध होता है कि 'संख्यान' (बोलकर गणना करना) तथा 'अङ्कन' (लिखकर गणना करना) इनमें से गणना करना ही पहले प्रचलन में आया। मनुष्य ने पहले गणना करना सीखा, पश्चात् 'अङ्क' नाम के चिह्न प्रचलन में आये। अक्षर बाद में प्रचलित हुए पहले अङ्कों की गणना अस्तित्व में आई। गणित का प्रारम्भिक काल 'विष्णुपुराण'[4] तथा 'मत्स्यपुराण[5] के अनुसार त्रेतायुग ठहरता है। वैदिक ऋषियों ने जिन श्रौत, गृह्य, शुल्व धर्मादि कल्पसूत्रों का उल्लेख किया है- उससे सिद्ध है कि वे वैदिक ऋषि गणना किम् वा गणित विद्या में निष्णात थे। गणितज्ञ थे। शुक्लयजुर्वेद[6] के अध्याय १८ मन्त्र २४ में १-३-५-७ आदि ३३ संख्यायें गणना में हैं, जो सभी विषम संख्यायें हैं। शुक्लयजुर्वेद[7] अध्याय १८ के २५वें मन्त्र में ४-४ की वृद्धि क्रम से सम संख्याएँ समाविष्ट हैं। आज भी उन्हीं संख्याओं के नाम संस्कृत में प्रचलित है। इसी प्रकार 'यजुर्वेद' और 'ऋग्वेद' में ९ तक की गणना वाले मन्त्र सम्प्राप्त हैं। 'अथर्ववेद' के तो एक ही सूत्र में १० तक की संख्याओं की गणना की गई है[8]। 'न द्वितीयो न तृतीयश्चतुर्थो नाप्युचयते। न पञ्चमो न षष्ठः सप्तमोनाप्यचयते । नाष्टमो न नवमो दशमो नाप्युचयते। तमिदं निगतं सहः स एष एक वदेक एव। सर्वेऽस्मिन्देवा एकवृतो भवन्ति'।

ऋषियों द्वारा गणित के नव तक के अङ्क सम्पूर्ण विश्व की गणना करने के लिए सक्षम हैं। साथ ही उन्होंने दशम स्थानीय गणना भी आविष्कृत कर ली थी। इसी दश स्थानीय गणना-पद्धति को सम्प्रति 'दशमलव पद्धति' (डेसीमल सिस्टम) कहा जाता है। इसके अतिरिक्त वैदिक ऋषियों ने ही संख्या-बोधक शब्द भी प्रचलित किये थे जो गणना में प्रयुक्त होते थे। विदेशी लेखक डा० कोलब्रुक को लिखना पड़ाकि 'भारतीयों ने काल-गणना' को सुनिश्चित करने के लिए ज्योतिष शास्त्र रचा था। इस शास्त्र ने निस्सन्देह बहुत प्राचीन काल में ही उत्कर्ष प्राप्त कर लिया था। उन भारतीयों के सामाजिक एवं धर्म सम्बन्धी पञ्चाङ्ग मुख्यतः चन्द्रमा तथा सूर्य के अनुसार होते थे परन्तु वे केवल उन्हीं पर निर्भर न थे वरन् उन भारतीयों ने जहाँ तक काल-गणना का सम्बन्ध है, चन्द्रमा की गति की सम्यक् जानकारी प्राप्त कर ली थी। यूनानियों की तुलना में उन प्राचीन भारतीयों का चन्द्रमा का युति भगण-निर्धारण कहीं अधिक शुद्ध था। भारतीय काल-गणना तथा भारतीय ज्योतिष का अध्ययनकर्ता यद्यपि डा० कोलब्रुक प्रथम यूरोपियन था परन्तु इसका ग्रन्थ भी जहाँ तक भारतीय काल-गणना सिद्धान्त का विषय है, पूर्ण सत्यता से परे है। उसमें भ्रान्ति और काफी भटकाव आ गया है। वस्तुतः भारतीयों ने अपने पञ्चाङ्ग को निर्मित करने में सूर्य तथा चन्द्रमा सहित वृहस्पति का काल ६० वर्षीय विख्यात चक्र रूप में रखा था। ज्योतिष एवं बीजगणित का प्रथम भारतीय ज्योतिर्विद है, आर्यभट्ट। यह ४७६ ईस्वी में जन्में इनके रचे ग्रन्थ 'आर्यभट्टीयम्[9] में काल क्रियापाद, गणित पाद तथा गीतिका पाद और गोलपाद वर्णित है। इसमें राशि चक्र बारहों भागों के नाम दिये गये हैं। आर्यभट्ट ने 'गोलपाद' में सौर राशि चक्र के १२

भागों के नाम दिये हैं। उसमें पृथिवी की परिधि की भी गणना की गई है अर्थात् ४-४ कोस के ३३०० योजन, जिसे कोई काट नहीं सका। यह ग्रन्थ छठी शताब्दी के शुरू में ही लिखा गया।

उपनिषद्-काल में ज्योतिर्विदों को विज्ञानी मानकर 'नक्षत्रदर्श' या 'गणक' कहा जाता था। कृष्णयजुर्वेद में २८ नक्षत्रों के सम्पूर्ण नामों का उल्लेख है। होमाग्नि नक्षत्रों की गणना के अनुसार प्रज्ज्वलित करते थे। तद्नुसार इन्द्र का एक गुप्त नाम 'अर्जुन' है अतः फाल्गुनी नक्षत्र भी 'इन्द्र' के अर्थात् 'अर्जुन' कहे गये हैं। वर्षभर की ६ ऋतुओं के नाम 'ऋग्वेद' में अनुक्रमानुसार १. मधु, २ माधव, ३ सूक्त, ४. सुचि, ५. नभ और ६. नभस्य बताये गये जो भिन्न-भिन्न देवताओं से सम्बन्धित थे[10]। ऋग्वेद में सूर्य, चन्द्र, नक्षत्र तथा पृथ्वी के सम्बन्धों का ज्ञान ऋषिगण कर चुके थे। 'ऐतरेयब्राह्मण' के अनुवादक डाक्टर हांग ने लिखा है कि, 'बृहत् यज्ञ प्रायः वसन्तऋतु में होते थे। ऐतरेय ब्राह्मण के चतुर्थ खण्ड से ज्ञात हुआ कि ' सत्र जो कि एक वर्ष का होता था, सिर्फ सूर्य के वार्षिक भाग का अनुसरण था। उसके दो भाग होते थे। प्रत्येक भाग में ३०-३० दिन के ६ मास होते थे। इन दोनों के मध्य में विषुवत्' अर्थात् सम दिवस होता था। जो सम को दो भागों में विभाजित करता था। दोनों अर्ध भागों के विधान एक ही थे किन्तु दूसरे अर्ध भाग में वे विपरीत क्रम से किये जाते थे इसके उत्तरायण होने से दिन बड़ा और दक्षिणायन होने से उनका छोटा होना प्रकट किया गया था।

डॉ० कोलब्रुक ने भी लिखा है कि, 'भारतीयों ने नक्षत्र सम्बन्धी काल गणना अपने ही सिद्धान्तों से सुनिश्चित की थी उसके पीछे वैदिक विधानों तथा नक्षत्रों की गणना को आधार मानकर चन्द्रमा की स्थिति में जो घनिष्ठ सम्बन्ध है निःसन्देह उससे प्रमाणित होता है कि हिन्दुओं की यह विद्या उनकी अपनी मौलिक खोज है।'

मैक्समूलर, बायोट और बेवर के कथन

भारतीयों ने ब्राह्मण-काल में ही राशि चक्र को जानने के साथ ही घटनाओं की तिथि स्थिर करने हेतु अयनान्तों की भी जानकारी प्राप्त कर ली थी- वर्ष को महीनों में विभक्त किया और हर महीने का नाम उस नक्षत्र के नाम के हिसाब से रखा जिसमें कि उस मास का पूर्ण चन्द्र होता था। इसके बावजूद प्रो० मैक्समूलर ने भ्रान्ति-वश यह लिख डाला कि, 'जो २७ नक्षत्र भारत में चान्द्र राशि चक्र की तरह चुने गये उनका संज्ञान बेबीलोन से प्राप्त किया समझा गया।' परन्तु फिर ये स्वयं इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि 'बेबिलोन का राशि चक्र सौर्य है और बहुत खोज करने पर भी वहाँ के शिलालेखों में चान्द्र राशि चक्र का कोई निशान नहीं मिला अतः बेबिलोन में चान्द्र राशि चक्र की बात कोरी कल्पना है। जिस व्यक्ति ने हिन्दुओं के वैदिक ग्रन्थ पढ़े हैं तथा प्राचीन वैदिक संस्कारों का भी अनुशीलन किया है, वह कदापि यह बात नहीं मान सकता कि आकाशीय विभाग का यह ज्ञान हिन्दुओं ने बेबीलोन से लिया था। विल्सन भी मानते हैं कि १८ सिद्धान्तों में 'पाराशर सिद्धान्त' सबसे प्राचीन है। उसके पश्चात् 'गर्ग सिद्धान्त' है। पौराणिक काल में पाराशर के ग्रन्थ 'संहिता' की बड़ी प्रतिष्ठा थी विक्रमादित्य के नवरत्नों में से एक वराहमिहिर और डा० भाऊदाजी ने भी पाराशर सिद्धान्त के उद्धरण अपने ग्रन्थ में दिये हैं। अलबरूनी वराहमिहिर का समय ५०५ ईस्वी और डा० भाऊदाजी का निधन ५८७ ई. लिखता है। वराहमिहिर ने छठी शताब्दी में अपनी पञ्चसिद्धान्तिका गर्ग के ही ५ प्रसिद्ध सिद्धान्तों के

आधार पर लिखी प्रो० बेवर यही रट लगाता रहा कि हिन्दुओं ने नक्षत्रों की उत्पत्ति सम्बन्धी संज्ञान बेबिलोन से प्राप्त किया। अवश्य उसने फ्रेञ्च लेखक बायोट के सन् १८६० में निर्धारित इस स्थापना का खण्डन किया कि भारतीयों ने नक्षत्र सम्बन्धी गणना का ज्ञान चीन और अरब से प्राप्त किया। वास्तविकता यह है कि बेबिलोन के किसी भी ग्रन्थ में राशि चक्र का पता नहीं चलता। सीताराम प्रधान ने पुराणों के पृथक् पृथक् काल खण्डों की गणना ४ कालों में विभाजित करके की है प्रथम 'व्यास काल', द्वितीय मागध नरेश 'सेनजित- काल', तृतीय 'नन्दवंश-काल' और चतुर्थ 'गुप्त काल'। श्रीमद्भागवत महापुराण उनके मत से 'उत्तर कालीन है और 'वायुमहापुराण' प्राचीन काल का। इस काल-गणना में पुराणोक्त राजवंश सहायक तो हैं, क्योंकि उसी से ऐतिहासिक काल-निर्धारण शक्य है, परन्तु पुराणों में प्रायः सन् संवतों का लोप है। अवश्य प्राचीन सूर्य और चन्द्र वंश के विवरण पुराणों में प्राप्य हैं। उनमें भी पीढ़ियों में अन्तर है। यहाँ तक कि वाल्मीकि के विवरण भी काल गणना की दृष्टि से बुद्धिजीवी मान्य नहीं ठहराते। फिर भी जो भारतीय राजवंश हुए वे वैदिक आर्यों से ही सम्बद्ध हैं। और उनके राज्यों में वैदिक संस्कृति ही आचरित रही है।

डा० सीताराम प्रधान ने अपने ग्रन्थ 'क्रोनोलोजी ऑफ एन्शन्ट इण्डिया' में श्रीराम से युधिष्ठर तक की काल-गणना को 'द्वापर युग' माना है। प्राचीन पौराणिक ग्रन्थों से श्रीराम से युधिष्ठिर तक १२ से १५ पीढ़ी मानी हैं। अन्य इतिहासकार पार्जीस्टर ने अपने ग्रन्थ 'एन्शन्ट इंडियन हिस्टोरिक ट्रेडिशन' में वैवस्वत मनु से श्रीराम तक की त्रेतायुग' माना है। तीसरा ग्रन्थ है, राय चौधरी का जिस में पुराणों के ही आधार पर ही परीक्षित से गुप्तकाल की वंशावलियों पर प्रकाश डाला गया है। परन्तु खेद है कि इनमें से किसी ने भी पुराणोक्त स्वायंभुव मनु का जो काल 'सतयुग' है उसे समाविष्ट नहीं किया और न विदेशी लेखकों ने ही उसकी ग्रन्थों में कहीं चर्चा की, जबकि वस्तुतः आधुनिक दृष्टि से भी वह काल स्वायंभुव मनु की ४५ पीढ़ियों का लोक-जीवन अपने में समाहित किये हुए है, जिसे 'सतयुग' कहेंगे।

एक बात इस सन्दर्भ में यह भी उल्लेखनीय है कि पुराणों में कई व्यक्तित्व अमर माने गये हैं, जिनका आयुष्य हजारों वर्ष माना गया, जबकि वेदों में मनुष्य १००-१२५ वर्ष की ही आयु तक माना गया। वेदों के प्रमाण 'अपौरूषेय' माने गये परन्तु पुराणों के बिना प्राचीनतम भारतीय इतिहास और उसकी काल-गणना सम्भाव्य नहीं हैं।

मन्वन्तर हमें बताते हैं कि वैवस्वत मनु से भी पूर्व ६ मन्वन्तर हुए हैं- इन्हीं सात मन्वन्तरों ने प्राचीन भारतीय प्राचीन सभ्यता संस्कृति का इतिहास और विकास किया है। उसकी काल-गणना में ३युग आते हैं, प्रथम था, सतयुग का 'मन्वन्तर काल', द्वितीय त्रेतायुगीन 'मनु-रामचन्द्र काल' और तृतीय था 'द्वापर राम-युधिष्ठिर काल। सतयुग में ईरान (आर्यान) तथा मध्य एशिया तक भरतों का ही राज्य था। ग्रन्थकार श्री दलाल लिखते हैं कि 'आर्य ४ सहस्राब्दी ईसा पूर्व केवल भारत में ही नहीं ईरान (आर्यान) में भी विद्यमान थे और बेबीलोनिया भी उनसे पृथक नहीं रहा था तब आर्यान (ईरान) और बेबीलोनिया की भाषा तथा संस्कृति आर्यों से बहुत साम्य रखती थी। मित्र, देवता, वृत्रघ्न, तृत तथा छन्द सरीखे शब्द वहाँ के लोक-जीवन में प्रचलित और प्रतिष्ठित थे। शतपथब्राह्मण[11] के अनुसार 'देवासुर संग्राम' के बाद प्रजापति के पुत्र देवगण

आर्यान (ईरान) के उत्तर-पूर्व में राज्य करते रहे। प्राचीन भरतों और आर्यों का प्रभुत्व ईरान ही नहीं, अरब-अफ्रीका एशिया पर भी रहा था। ले० कर्नल साइक्स (Sykes) ने अपने ग्रन्थ 'हिस्ट्री ऑफ पर्शिया' तथा एण्ड्रू क्रिक्टन (Andrew Crichton) ने स्वरचित ग्रन्थ 'हिस्ट्री ऑफ अरेबिया में पुराणों के आधार पर यह तथ्य स्वीकार किया है। परन्तु वह पौराणिक काल गणना पर निर्भर है।

आधुनिक दृष्टया सम्पूर्ण भूत भविष्य काल १४ मन्वन्तरों में विभाजित किया गया जिनमें ६ बीत चुके हैं, ७ वाँ चल रहा है और शेष ७ आगे आने वाले हैं। एक मन्वन्तर में ७१ चतुर्युगी से कुछ अधिक समय होता है। हर चतुर्युगी में सतयुग, त्रेता, द्वापर, कलियुग का समावेश होता है। सतयुग की संख्या ४ हजार वर्षों की और ४-४ सौ वर्षों की सन्ध्या तथा सन्ध्यांश है। त्रेतायुग तीन हजार वर्षों का है; सन्ध्या सन्ध्यांश में ६०० वर्ष लगते हैं। द्वापर युग ४ हजार वर्षों का है कलियुग में एक हजार वर्ष और २०० वर्षों की सन्ध्या तथा सन्ध्यांश है। इस प्रकार एक चतुर्युगी में १२ हजार वर्ष होते हैं। परन्तु यह काल-गणना वाले वर्ष मनुष्यों के नहीं, वरन् देवताओं के हैं। देवताओं का एक वर्ष मनुष्यों के ३६० वर्षों का होता है। अतः एक चतुर्युगी ४३ लाख २० हजार वर्षों की होती है। ऐसा 'श्रीमद्भागवत', विष्णुपुराण और 'हरिवंश' में वर्णन है। इस गणना से एक मन्वन्तर में ७२ चतुर्युगी हुई। परन्तु आज के पश्चिमी बुद्धिजीवी विवेचक इससे सर्वथा पृथक काल गणना निर्धारित करते हैं। तदनुसार वे पीढ़ियों को काल-गणना का आधार मानकर स्वायंभुव मनु की ४५ पीढ़ियों तक छः मन्वन्तरों में एक पीढ़ी का काल केवल २८ के हिसाब से १२६० वर्ष की ही कालावधि सतयुग की ठहराते हैं। उनके अनुसार महाभारत- संग्राम काल ईसा पूर्व १२७७ वर्ष, द्वापर काल ईसा पूर्व ३९२ वर्ष, त्रेताकाल ईसापूर्व १२६० वर्ष है। इस प्रकार इन सब का कुल योग ईसा पूर्व ४०२१ में होती है और मनुर्भरत के अन्तिम व ४५ वें प्रजापति दक्ष पर ईसापूर्व २६६१ में समाप्त होता है एवं सतयुग का पूरा काल १२६० वर्ष ही होता है। यह काल-गणना पश्चिमी दृष्टिकोण रखती है। जिससे हर किसी का सहमत होना सम्भव नहीं- मैं इसे नहीं मानता। मनुर्भरत ही १४ मनु वाली सूची रखते हैं जिनमें स्वायंभुव मनु, स्वरचित मनु, उत्तम, ताकस, रैवत, चाक्षुष, वैवस्वत, सावर्णि, दत्त सावर्णि, ब्रह्मसावर्णि, धर्म सावर्णि, रूद्र सावर्णि, देव सावर्णि तथा इन्द्र सावर्णि के नाम समाविष्ट है। अन्त में यहाँ मैं एक बात और कहना चाहता हूँ कि इन्हीं मनुर्भरतों में से एक भरत हुए जो ऋषभदेव के पुत्र थे- इन्हें ही 'जड़ भरत' एवं 'मनुभरत' कहा गया और इन्हीं के नाम पर इस देश का नाम 'भारतवर्ष' विख्यात हुआ। इनका राज्य ८ द्वीपों तक रहा। भारत के अतिरिक्त इन्द्रद्वीप, कसेरू,ताम्रवर्ण, गोभस्तिमान, नागवर सौम्य, गन्धर्व, वरूण इन ९ खण्डों में फैला हुआ था।

श्रीमद्भागवत महापुराण और हरिवंश महापुराण में इन्हीं भरत को सप्तद्वीप, नौ खण्डों का अधिपति कहा गया है। श्रीमद्भागवतमहापुराण में इन्हीं भरत और उनसे जुड़े भारतवर्ष नाम के सन्दर्भ में कहा गया था कि 'प्रियव्रतो नाम सुतो मनोः स्वायंभुवस्वह। तस्याग्नीध्रस्ततः नाभिः ऋषभस्तस्यसुतस्ततः।। अवतीर्ण पुत्रशतं तस्यासीद् ब्रह्म पाश्याम्। तेषाम् वै भरतो ज्येष्ठो नारायण परायणः।।

विख्यातं वर्षमेतद्यन्नाम्ना भरतमुत्तमम्।' अर्थात् 'स्वायंभुव मनु के पुत्र हुए प्रियव्रत, प्रियव्रत के पुत्र आग्नीध्र, आग्नीध्र के पुत्र थे नाभि और नाभि के पुत्र हुए ऋषभदेव। ऋषभदेव के ही पुत्र थे भरत (जड़भरत)।

ये १०० भाई थे; किन्तु भरत ही उनमें ज्येष्ठ थे जिन्हें 'मनुभरत' भी कहा गया और इन्हीं के नाम पर इस देश का नाम 'भारतवर्ष' पड़ा। इन्हीं के राज्य में ८ द्वीप थे। मत्स्यपुराण[12] में भी इनका गुणगान है कि-

पूरुवंशं प्रवक्ष्यामि शृणुध्वमृषिसत्तमा ।
यत्र ते भारता जाता भारतान्वयवर्द्धनाः ।

सन्दर्भ -

1. संस्कृत हिन्दी शब्द्कोश वामन शिवराम आप्टे पृष्ट ३३०
2. संस्कृत हिन्दी शब्द्कोश वामन शिवराम आप्टे पृष्ट ३३०
3. ऋग्वेद २.२३.१
4. विष्णुमहापुराण अध्याय ६ अंश १
5. मत्स्यमहापुराण अध्याय १४२
6. एका च मे----------
7. चतस्रश्च मे
8. अथर्ववेद, काण्ड १३, अनुवाक ४
9. आर्यभट्टीयम्
10. ऋग्वेद १/२/२६
11. शतपथब्राह्मण
12. मत्स्यमहापुराण अध्याय २४ श्लोक ७१

भारतीय कालगणना का स्वरूप

· डॉ. बृजेश कुमार सोनकर*

शोधसार –

देश-काल की गणना कई प्रकार है तथा बहुत सूक्ष्म है। आज भी काल का अर्थ एवं उसकी माप रहस्यमय है। भारत में ४ प्रकार के काल ९ प्रकार के कालमान तथा ७ प्रकार के युग हैं। काल लोकरूपी पहियों को आँगकर आगे ढकेलता है काल पहला देव है काल के सिर पर एक पूर्ण कुम्भ रखा है। यह घड़ा ज्योति से आयु के जल से लबालब भरा हुआ है। यह घड़ा अनेक रूप धारण करता है। सूर्य-रूपी घट से ही चंचल बाल्य, मनमोहक यौवन और शुष्क जरा के अनेक रूप देखने में आते हैं। काल सबसे ऊँचे लोक में है। काल ने ही भुवनों को जीवन से भर दिया है। काल ने ही रंग-बिरंगे जीवन को एक जगह इकट्ठा किया है। काल से परे कुछ नहीं है। काल ने द्युलोक को बनाया है। काल ने पृथ्वी को उत्पन्न किया भूत और भविष्य की हलचल काल के आश्रित हैं। सबका होना काल के अधीन है।

बीजशब्द – काल, एतर्हि, क्षिप्र, मुहूर्त, अहोरात्र, द्युलोक, गर्भ आदि

कलयति कलयते कलते वा इतिकालः।[1] अर्थात् जिससे सबकुछ कलित होता है अथवा जो सभी चराचर भूतों को कलित करता है वह काल है। वस्तुतः जिससे सब उत्पन्न हों जिसमें सब समाप्त हों जिसके द्वारा सबकी गणना हो उसे काल कहते है। कलयति सर्वं इति कालः।[2] सूर्य उदित होता है ज्योति फैलती है प्राणियों में चेतनता आती है। प्राणी अपनी-अपनी प्रकृति के अनुगुण कर्मो में संलग्न होते हैं। उन कर्मो को करने में काल व्यतीत होता है। काल में ही कर्म किया जाता है। काल के द्वारा ही कर्म और काल की गणना होती है। धीरे-धीरे काल व्यतीत होता है और नूतन काल का आगमन होता है।

महाभारत की एक कथा में परिलक्षित होता है कि यक्ष ने सरोवर में पानी पीने के लिए युधिष्ठिर से गूढ़ धर्म और आध्यात्म के प्रश्न पूछे। उनमें से एक प्रश्न यह है यक्ष कहता है कि हे युधिष्ठिर बताओ क्या समाचार है हमारे चारो ओर सदा इसी प्रश्न का ताँता लगा रहता है। जिससे मिलिए जितनी बार मिलिए यही प्रश्न सामने आता है कहिए क्या समाचार है यह प्रश्न बहुत से उत्तर पाकर भी कभी सन्तुष्ट नहीं होता कहने को तो संसार के सभी प्रपंच इस प्रश्न के उत्तर हैं परन्तु युधिष्ठिर ने विचारपूर्वक इसका जो उत्तर दिया है। युधिष्ठिर ने कहा कि हे ! यक्ष संसार रूपी मोह का कड़ाहा है उसमें सभी प्राणी पड़े हुए हैं। रात-दिन का ईंधन जलाकर नीचे सूर्य की

*सहायक आचार्य, संस्कृत एवं प्राकृत भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

आँच लगाकर महीने और ऋतुओं की करछुल से घोंटकर काल हर समय उन प्राणियों को थका रहा है।[3] बस यही एक सूचना यहाँ है। जैसा अजर अमर प्रश्न है वैसा ही उसका उत्तर है।

ऋषि भृगु ने पूर्वयुग में कालपरक एक गीत गाया काल अजर है काल की शक्ति अनन्त है। काल सबको देखता है वह सहस्र आँखों वाला है। सभी काल के रथ पर बैठे है ज्ञानी इस अश्व पर सवार होते हैं। मूर्खों पर यह स्वयं सवार रहता है। यह लोक इस अद्भुत् रथ के पहियों के साथ घूमते हैं। रथ की धुरी में अमृत है तभी तो वह कभी रुकने या खोजने का नाम नहीं लेता। काल लोकरूपी पहियों को आँगकर आगे ढकेलता है काल पहला देव है काल के सिर पर एक पूर्ण कुम्भ रेखा है। घड़ा ज्योति से आयु के जल से लबालब भरा हुआ है। घड़ा अनेक रूप धारण करता है। सूर्य-रूपी घट से ही चंचल बाल्यकाल मनमोहक यौवन और शुष्क जरा के अनेक रूप देखने में आते हैं।[4] काल सबसे ऊँचे लोक में है। काल ने ही इन भुवनों को जीवन से भर दिया है। काल ने ही रंग-बिरंगे जीवन को एक जगह इकट्ठा किया है। काल से परे कुछ नहीं है। काल ने द्युलोक को बनाया काल ने पृथ्वी को उत्पन्न किया भूत और भविष्य की हलचल काल के आश्रित हैं। सबका होना काल के अधीन है सूर्य का तपना काल के आधार पर है। काल सूर्य को छोड़ दे तो सूर्य भी जीवन की सुध भूल जाता है। सब पदार्थ काल के बल पर टिके हैं। आँख जो रात-दिन देखती है वह काल का ही पसारा है।

मन प्राण और नाम सब काल के साथ है। काल के वरदान को पास आया जानकर सब लोग आनन्द से नाच उठते हैं। तप और ब्रह्म-शक्ति काल में है। प्रजापति का पिता काल है। काल ने ब्रह्माण्ड को प्रेरणा दी काल से उसमें हलचल है और काल से ही उसे ठहराव मिलता है। काल ब्रह्म की शक्ति बनकर प्रजापति को सँभालता है। काल ने प्रजाओं को बनाया और उनसे भी पहले प्रजापति को बनाया। स्वयम्भू कश्यप काल से बने और काल ने ही तप को पैदा किया। जल जो सबकी माता है काल से उत्पन्न हुए। काल से दिशाएँ निकलीं। काल पाकर सूर्य आकाश में ऊँचे उठते हैं और काल की गति से फिर नीचे डूब जाते हैं। काल पाकर ही बड़ी-बड़ी आँधियाँ उठती हुई वायु प्रदेश की सफाई करती चली जाती है। काल के मंगल से पृथ्वी औषध वनस्पतियों की बढ़ती को पाती है। काल की कृपा से द्युलोक मेघों को गर्भ में भरकर महान् बनता है।

विधाता के मन्त्र ने काल में पहले भूत और भविष्य को रचकर देख लिया। ऋक् यजु और साम का त्रिविध चक्र काल से फैला। काल ने यज्ञ के सनातन ताने-बाने को फैलाया उसी से सृष्टि के देवों को अक्षय भाग पहुँचता है। काल ने गन्धर्व और अप्सराओं के नाना भाँति के जोड़ों (चन्द्र-नक्षत्र मन-इन्द्रिय आदि) को बनाया। काल पर ही सब लोक प्रतिष्ठित हुए और अंगिरा (प्राण और मन) काल पर रूके हुए है।[5] यह लोक और परलोक सब पवित्र विधानख व्रत और मर्यादाएँ काल की कीली पर टिकी हुई हैं। काल सबको वश में रखता हुआ ब्रह्म की शक्ति से घूमता है। मन्त्रों में काल से सम्बन्ध रखने वाले अनेक दार्शनिक सिद्धान्तों का समावेश पाया जाता है। प्राणियों की रचना में काल ने प्रमुख भाग लिया है। देश के साथ जब तक काल न मिले तब तक सृष्टि का पूरा चैखटा नहीं बनता।

सापेक्ष्यतावादी दार्शनिक देश काल के सम्मिलन को बहुत सच्चे अर्थों में सृष्टि का कारण मानते है देश स्थिति है काल उसको धक्का या गति देता है। संसार शब्द का अर्थ ही है जो चले। संसार काल के अधीन

है। जगत् का भी शब्दार्थ वही है गच्छति इति जगत् जो जाता है वह जगत् है। काल के बिना जाना हो नहीं सकता एक स्थान को छोड़कर दूसरे स्थान पर वस्तु का हट जाना यह गमन क्रिया है। घड़ी की सुई एक अंक से हटकर दूसरे अंक पर चली जाती है इसी का नाम काल है। सुई की प्रगति का कारण काल है। ऊपर से देखने से जान पड़ता है कि घड़ी की सुई एक जगह से दूसरी जगह हट गई इसका फल क्षण मुहूर्त और घंटे है। वास्तव में काल ही घड़ी की गति का बीज है। काल फल नहीं है स्वयं बीज है निर्माता है पिता है। घड़ी तो मनुष्य की कल्पना का कल-पुर्जा है।

मनुष्य को चाभी चाहिए सुइयों में प्रगति आती है पर प्रकृति की घड़ी हमारे सामने है। उसकी चाभी में अमृत है वहाँ न गति की बाधा है न रोक है। सूर्य नक्षत्र और पृथ्वी स्थिर कोई नहीं है। सब जगत् के अन्तर्गत हैं। सब में ''गम्लृ गतौ''[6] धातु के रूप में समाये हुए हैं इनको धक्का देने वाली शक्ति कौन है यह प्रेरक शक्ति काल है। काल पृथ्वी को सूर्य के चारों ओर घुमाकर हमारे सामने रात-दिन महीना ऋतु और संवत्सर की कल्पना करता है। पृथ्वी का घूमना घड़ी की सुई की तरह स्थान बदलना है। इसके पीछे चाभी भरने वाली अमर शक्ति काल है। सारे ब्रह्माण्ड में एक भी ऐसी वस्तु का ज्ञान हमें नहीं जो काल के सामने आकर पैर अडा सके। दूर से दूर तक के नक्षत्र और निहारिकाएँ सभी काल की प्रेरणा से धीरे-धीरे अपनी कुंडली खोलते चले जा रहे हैं। छोटे-से-छोटे परमाणु भी प्रगति के शासन में हैं। अरबों बरस भले ही लगें पर रेडियम के परमाणुओं का तेज छीनकर उन्हें सीसा बना देने की शक्ति काल ने अपने हाथ में रखी है।

वैज्ञानिक बताते हैं कि दो अरब बरसों में हिरण्यमय पदार्थों के परमाणुओं का विशकलन होते होते यह दशा हुई है यह प्रक्रिया काल की नाप की एक प्राकृतिक घड़ी मात्र है असल बात तो काल की अप्रतिहत शक्ति है अणु और महत् दोनों में वह व्याप्त है। मूर्त अमूर्त काल जो काल इतना बलवान् है क्या वही सृष्टि का कारण नहीं है इस प्रश्न का भारतवर्ष ने अपनी निजी दृष्टि से विचार किया है एक काल वह है जो लव-निमेष-युग के रूप में हमारे अनुभव में आता है। यह काल का मूर्त रूप हैं। घड़ी की सुई से बनने वाले मिनिट और घण्टों की तरह मूर्त काल प्रगति का फल हैं। इसके पीछे जो प्रेरक शक्ति है वह अमूर्त या अव्यक्त काल है।

श्वेताश्वतर उपनिषद् में इस बात की खोज करते हुए कि सृष्टि का कारण क्या है काल को एक कारण कहा गया है। पर यह पूर्वपक्ष है। सृष्टि का वास्तविक कारण तो ब्रह्म की अचिंत्य शक्ति है। काल का जो मूर्त या व्यक्त रूप है वह सृष्टि की प्रेरणा करता हुआ भी उसका आदि मूल कारण नहीं कहा जा सकता। वस्तुतः जो काल ब्रह्मशक्ति का ही दूसरा नाम है जो सब देवों और सब भूतों से पीछे है वही अव्यक्त अमूर्त शक्ति सृष्टि का बीज है इसी काल को लक्ष्य करते हुए अथर्ववेद में काल को परम देव कहा गया है।[7] भारतीय दार्शनिक परिभाषा में काल और ब्रह्म पर्यायवाची हो जाते है। हमारे सहस्रनामश् ग्रन्थों में सब देवों के निरपेक्ष स्वरूप का एक नाम कालश् भी पाया जाता है। अमूर्त काल के व्यक्त अवयव सूर्य के द्वारा जाने जाते हैं। अतएव लवनिमेश से युगपर्यन्त काल सूर्य से गृहीत है। यह काल का शुक्ल या प्रकट पक्ष है। काल का जो एकरस रूप है उसमें मास ऋतु और संवत्सर के विराम चिन्ह कहीं देखने में नहीं आते। हमारी आँखों के सामने काल का जो प्रवाह है उसमें कहीं पर कोई पक्का निशान पड़ा हुआ नहीं मालूम पड़ता। काल के हिसाब-किताब की कल्पना अमूर्तकाल की दृष्टि से गाया है।

अव्यक्त काल को मूर्त काल की तुलना में ''कृष्ण'' कहा गया है सूर्य का दूसरा नाम गरूत्मा सुपर्णा या गरूड़ है। सूर्य खगेन्द्र है। रवे आकाशे गच्छति खगः अर्थात् आकाश में जो विचरण करे वह खग है। नक्षत्र और ग्रह ''खग'' हैं। इनमें सूर्य खगेन्द्र या पक्षिराट् है। सूर्य मूर्त काल का प्रतीक है। उसका उलटा जो एकरस काल है वह कृष्ण रूप होने से ''कागभुशुंडि'' कहा गया है।[8] गरूड़ कल्पान्त तक रहते हैं। जब तक विष्णु की सृष्टि है तभी तक गरूड़ है। कागभुशुंडि अमर हैं मृत्यु उनका स्पर्श नहीं करती। अहोरात्रवाद काल के ऊपर कहे दो स्वरूपों की दार्शनिक छान-बीन का प्राचीन नाम अहोरात्रवाद है।

ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में सृष्टि से पहले की अप्रत्यक्ष दशा का वर्णन करते हुए यह कहा गया है कि उस समय रात और दिन का बिलगाव नहीं था। सृष्टि के होते ही प्रलय की कल्पना होती है। रात और दिन एक जोड़ा है। इसी के बहुत से नाम है। यह जगत् द्विधाबद्ध है। दिन सृष्टि है रात लय है दिन प्रकाश या ज्योति रात अन्धकार यह तम है। दिन शुक्लभाव है तो रात कृष्णभाव। दिन स्थिति है रात विघटन या चरभाव है। दिन का नाम सत्य और रात का नाम ऋत है। दिन द्युलोक है दिन के साथ देवों का सम्बन्ध हैं रात पृथ्वी है उसके साथ आसुरी शक्ति का सम्बन्ध है। असुरों की सत्ता रात में बढ़ती है। दिन ज्ञान और रात अज्ञान है। ब्रह्माण्ड में जब तक सूर्य की तरह के संचित शक्ति केन्द्र हैं तब तक सृष्टि या काल है। जब शक्ति के अधः प्रवाह से संचित केन्द्र विलीन हो जायेंगे अर्थात् शक्ति एकरस होकर सर्वत्र समान रूप से फैल जायगी तभी सृष्टि का अन्त होगा वही कृष्ण काल या प्रलय है।

विज्ञान की परिभाषा में शक्ति के इस बराबर बह जाने को ऊँचे केन्द्र से नीचे की ओर बँट जाने को ताप प्रगति का दूसरा नियम कहा जाता है। यहाँ एक दार्शनिक उलझन पैदा होती है यदि शक्ति के ऊध्व केन्द्र इसी तरह बिखरते रहेंगे तो प्रलय अवश्यम्भावी है उस प्रलय के बाद फिर सृष्टि कैसे होगी वैज्ञानिको का कहना है कि अब तक का जो हमारा अनुभव है उससे यह तो मालूम होता है कि शक्ति बट रही है। पर कहीं भी उपरोक्त दूसरे नियम की उल्टी प्रक्रिया देखने में नहीं आती अर्थात् ब्रह्माण्ड में बराबर फैली हुई शक्ति पैदा होते नहीं देखे जाते। जो जल एक समान धरातल पर फैल गया है उसे फिर ऊँचा उठाने के लिए किसी बाह्य कारण की आवश्यकता होती है।

वैज्ञानिक बाह्य कारण को ईश्वर के रूप में मान लेते हैं। ऋषियों के अनुसार काल की प्रगति एक चक्र के समान है चक्रगति का नाम ही है। मनु ने इसे यों कहा है कि काल ही काल पर दबाव डालकर प्रलय के बाद सृष्टि करता है। घड़ी की जो चाभी खत्म हो गई है उसके कूकने का प्रबन्ध भी साथ ही साथ है। इसी का उदाहरण सोना और जागना है। सोने के बाद जागना उसी प्रक्रिया का फल है। प्रलय में पुनः शक्ति का संचय यही तप है किसी अचिन्त्य शक्ति के तप से ही भारतीय ऋषि सृष्टि का विकास स्वीकार करते हैं। लोमश अर्वाचीन भूगर्भशास्त्र और रेडियम के विज्ञान ने हमारी काल सम्बन्धी कल्पना को विस्तृत बना दिया है। दैव और ब्रह्म चार प्रकार के दिन-रात की कल्पना की गई है। महर्षि वार्कलि ने काल की माप का यह पहाड़ा स्थिर किया था -

१५ स्वेदायन = १ लोमगर्त, १५ लामगर्त = १ निमेष, १५ निमेष = १ अन, १५ अन = १ प्राण, १५ प्राण = १ इदम्, १५ इदम् = १ एतर्हि, १५ एतर्हि = १क्षिप्र, १५ क्षिप्र = १ मुहूर्त, १५ मुहूर्त = १ अहोरात्र।

महाभारत में काल विभाग का वर्णन प्राप्य है। यथा-

''काष्ठा निमेषा दश पंच चैव त्रिंशत् काष्ठा गणयेत् कलां ताम्।
त्रिंशत्कलाश्चापि भवेन्मुहूर्तो भागः कलायाः दशमश्च यः स्यात्।।
त्रिंशन्मुहूर्तन्त भवेदश्च रात्रिश्च संख्या मुनिभिः प्रणीता।
मासः स्मृते रात्र्यहनी च त्रिंशत् संवत्सरो द्वादशमास उक्तः।।''[9]

मनुस्मृति में 18 निमेष की 1 काष्ठा, 30 काष्ठा की 1 कला, 30 कला का 1 मुहूर्त तथा 30 मुहूर्त को अहोरात्र कहते हैं। यथा -

निमेषे दश चाष्टौ च काष्ठा त्रिंशतु ताः कला। त्रिंशत्कला मुहूर्तः स्यादहोरात्रतु तावतः।।[10]

काल विभाग के विषय में विष्णुपुराण में उल्लिखित है कि पन्द्रह निमेष एक काष्ठा के सम *तीस काष्ठा एक कला के सम तीस कला एक मुहूर्त के सम तीस मुहूर्त एक दिन एवं रात्रि के सम होता है। यथा -

काष्ठा पंचदशाख्याता निमेषा मुनिसत्तम। काष्ठात्रिंशत्कला मौहूर्तिको विधिः।।
तावत्संख्यैरहोरात्रं मुहूर्तैर्मानुषं स्मृतम्। अहोरात्राणि तावन्ति मासः पक्षद्वयात्मकः।।[11]

आगे पक्ष मासऋतु अयन संवत्सर युग कल्प के परिमाण है काल के इन भेदों का अनन्त काल के साथ जो सम्बन्ध है उसे पुराणकारों ने लोमश ऋषि की कल्पना से प्रकट किया है। एक सृष्टि ब्रह्मा का दिन और एक प्रलय ब्रह्मा की रात है। ऐसे रात-दिनों को जोड़कर जब सौ वप्र पूरे होते हैं तब ब्रह्मा की आयु पूरी हो जाती है। लोमश ब्रह्म के पुत्र है ब्रह्मा की एक आयु लोमश की आयु का एक दिन समझा जाता है। इसका अर्थ यह हुआ कि लोमश को प्रतिदिन अपने पिता का अन्त्य श्राद्ध करना पड़ता है। इसके लिए लोमश सारे सिर का क्षौर न कराकर अपना एक रोम उखाड़कर फेंक देते हैं अर्थात् लोमश के एक-एक रोम में एक-एक ब्रह्मा की आयु के बराबर काल की सत्ता समाई हुई है। लोमश का नाम ही यह प्रकट करता है कि उनके रोम-रोम में काल का यह अनन्त परिणाम भरा हुआ है। लोमश की देह के रोएँ कौन गिन सकता है लोमश की आयु में कितने सर्ग और प्रलय पार उतर जाते हैं इसकी कल्पना भी गणित के अंकों द्वारा हमारे मन को नहीं हो सकती अनन्त काल की नाप करने में भी कौन समर्थ हो सका है दोनों की कल्पना से बुद्धि चकराने लगती है। काल और देश जीवन और चैतन्य अनन्तता और नित्यता अगम्य और अचिन्त्य रहस्य है।

सन्दर्भ -

1. निगमागमिक काल गणना मीमांसा, आचार्य भक्तिपुत्र रोहतम्, पृ0 11
2. निगमागमिक काल गणना मीमांसा, आचार्य भक्तिपुत्र रोहतम्, पृ0 12
3. महाभारत, वनपर्व, 3/22/315
4. निगमागमिक काल गणना मीमांसा, आचार्य भक्तिपुत्र रोहतम्, पृ0 45
5. शीघ्रबोधः, डॉ0 ओमप्रकाश शस्त्री, पृ0 32-33
6. पाणिनि व्याकरण, उ0प्र0 संस्कृत संस्थानम्, पृ0 132
7. अथर्ववेद, कालसूक्त 12/1/1-63
8. ज्योतिर माया नंदा, स्वामी (2013)। रामायण का रहस्यवाद।
9. ज्योतिषशास्त्र प्रशिक्षक, गिरिजाशंकर शस्त्री, पृ0 1-2
10. मनुस्मृति 1/64
11. विष्णुपुराण 1/3/8-9

गाहासत्तसई में प्रतिपादित देवर-भाभी संबन्ध

· डॉ. पत्रिका जैन*

शोधसार -

भारतीय भाषाओं में एक रंग प्राकृत का भी है और इस प्राकृत को अमृत पद पर प्रतिष्ठित करने वाला महाराष्ट्री प्राकृत में निबद्ध गाहासत्तसई ग्रंथ राजा हाल द्वारा संकलित किया गया है। यह ग्रंथ लोकजीवन में व्याप्त सामाजिक परिदृश्यों को उपस्थित कराता है।उस काल में भी देवर और भाभी का संबंध विविध रूपों में देखने को मिलता था। कभी देवर भाभी को माता के समान पूजनीय मानता था तो कभी भाभी पर कुदृष्टि रखता था तब भाभी उस परिस्थिति का कैसे सामना करती है? इन चित्रों को कुशल चित्रकार की भांति राजा हाल ने ग्रंथ में प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत शोधपत्र में इस संबंध के विविध रूपों का विवेचन करने का प्रयास किया गया है।

बीजशब्द - गाथासप्तशती, रोमाञ्चदण्डराशि, रामानुलग्नसौमित्रचरित्र, कुटुम्बविघटनभय, पत्नी के बाहुमूल में अर्ध-चन्द्र की कतार

ईश्वरीय सृष्टि में भाषा का सदैव से स्थान विशिष्ट रहा है। जिस प्रकार मनुष्य के शरीर में आत्मा अहम है उसी भांति विचारों को संपोषित करने के लिए भाषा भी महत्वपूर्ण है। विभिन्न भाषाओं से सजी संवरी भारतीय संस्कृति है। संस्कृत की भांति प्राकृतों का विशिष्ट स्थान रहा है। प्राकृत मध्यकालीन साहित्य की संवाहिका रही है। प्राकृत को अमृत काव्य के नाम से अलंकृत किया जाता रहा है। इसे अमृत काव्य के पद पर प्रतिष्ठित करने के लिए प्राकृत के विभिन्न रूपों में एकरूप महाराष्ट्र प्राकृत में निबंध गाथा सप्तशती का गौरवशाली स्वरूप सदियों से सुशोभित होता रहा है। इस ग्रंथ को सप्तशती परंपरा में अग्रगण्य होने का स्थान प्राप्त है। राजा हाल द्वारा संकलित यह ग्रंथ लोकजीवन के ऐसे सुंदर चित्रों को चित्रित करता है कि पढ़ने वाला सुध बुध खो इसी के आनंद सागर में गोते लगा रहा होता है।

समाज के परिदृश्य को समझने के लिए ये गाथाऐं विशिष्ट भूमिका निभाती है। पद्य रूप में निबद्ध यह ग्रंथ महाराष्ट्रीय प्राकृत की अनोखी निधि है। इस ग्रंथ में लोक जीवन के विविध चित्र तो प्राप्त ही होते हैं साथ ही नीतिगत गाथाएं जीवन को सही राह दिखाने के लिए मार्गदर्शक के रुप में उपस्थित होती हैं। मेरा यहां उद्देश्य गाथासप्तसती में वर्णित विविध पक्षों को उद्घाटित करना नहीं है अपितु मैं तो यहां पर सिर्फ देवर और भाभी के

*अखिल भारतीय संस्कृत परिषद्, लखनऊ

संबंध के विषय में इस ग्रंथ के आलोक में प्रकाश डालना चाहती हूँ। इस.रिश्ते के भी विविध पहलू हैं। इस ग्रंथ में उनका दिग्दर्शन हुआ है। प्रथम शतक में ही 28 वीं गाथा इस विषय पर प्रकाश डालती है।

णवलअपहरं अङ्गे जेहिँ जेहिँ महइ देवरो दाउँ
रोमञ्चदण्डराई तहिं तहि दीसइ बहूए ।।[1]
[नवलता देवरो प्रहारमङ्गे यत्र यत्रेच्छति दातुम् ।
रोमाञ्चदण्डराजिस्तत्र तत्र दृश्यते वध्वाः ॥]

देवर (पति का छोटा भाई) वधू (नायिका) के अङ्गों में जहां-जहां नवलता से चोट देने की चेष्टा करता है वहां-वहां उसके शरीर के रोंगटे खड़े हो जाते हैं ।

कोई मनचला नायिका के सम्बन्ध में दूती से पूछकर यह जान लेना चाहता है कि नायिका किस प्रकार उसे मिल सकेगी। दूती ने देवरानुरक्त नायिका को असाध्य बताते हुए कहा कि वह अपने देवर के साथ किलोले कर रही है । उसका देवर नवलता से प्रहार करने की इच्छा मात्र करता है कि उसके शरीर में वहां-वहां रोमांच की दण्डराशि खड़ी हो जाती है। इस प्रकार नवलता से प्रहार की चेष्टा मात्र से रोमाञ्च का आविर्भाव होना निश्चय ही प्रकट करता है कि वह देवर से घर ही में फँस चुकी है, बाहर निकलने का कोई अवसर ही नहीं। ऐसी स्थिति में उसका तुम्हारे प्रति अनुरक्त होना किसी प्रकार सम्भव नहीं। सामान्यतः आजकल लोकजीवन में देवर भौजाई का परस्पर हास-परिहास देखा जाता है। पति का छोटा भाई होने से देवर को विशेष रूप से अपनी भौजाई के साथ हंसी-मजाक करने की छूट मिल जाती है (लेकिन पति का बड़ा भाई अर्थात् भसुर पितातुल्य समझा जाता है, वधू से उसका स्पर्श भी निषिद्ध है, हंसी-मजाक तो कथमपि सम्भव नहीं ।) प्रस्तुत गाथा में भी देवर भौजाई के परस्पर क्रीड़न का उल्लेख सिद्ध करता है कि हाल सातवाहन के समय में यह प्रथा लोक में चल पड़ी थी। रामायण काल में लक्ष्मण और सीता (देवर और भौजाई) का सम्बन्ध स्वस्थ एवं पवित्र था। अगली गाथा इसी शतक में 35 वीं आती है। इसमें देवर के आशुद्ध मन की बात कही गई है।

दिअरस्स असुद्धमणस्स कुलबहू णिअअकुड्डुलिहिआईं ।
दिअहं कहेइ रामाणुलग्गसोमित्तिचरिआईं ॥[2]
[देवरस्याशुद्धमनसः कुलवधूर्निजककुड्य लिखितानि ।
दिवसं कथयति रामानुलग्नसौमित्रिचरितानि ॥]

अपने प्रति देवर के मन को अशुद्ध (कालुष्यपूर्ण) जानकर कुलवधू सारे दिन घर की दीवाल पर राम का अनुगमन करते हुए लक्ष्मण के चरित्रों को चित्रांकित करती रही।

गाथा में नववधू के लिऐ शिक्षा के साथ आदर्श स्वरुप उपस्थित हुआ है। घर की किसी बड़ी-बूढ़ी ने नववधू को सतीत्व की रक्षा का उपदेश देते हुए किसी विशेष घटना को बताया- 'जब कुलवधू ने यह ताड़ लिया कि उसका देवर उसके प्रति बुरी भावना से ग्रस्त हो चुका है तब अपने सतीत्व की रक्षा के लिए देवर को अपने पास बैठा लिया और दिनभर राम के अनुगामी लक्ष्मण के चरित्र को दीवार पर चित्रित करती रही। उस कुलाङ्गना का मंतव्य यह था कि राम को पितासदृश मानकर जैसे लक्ष्मण ने आदर्श भ्रातृत्व की मर्यादा कायम

की, उसी भांति तुम्हें भी ज्येष्ठ भ्राता के प्रति पितृतुल्य व्यवहार करना चाहिए। दिन भर चित्रांकन करने की व्यञ्जना इसलिऐ है कि देवर कहीं रात में अपनी अशुभ भावना से भावित मर्यादा के उल्लंघन की चेष्टा न करे। यह सोचकर कुलवधू ने सारा दिन इसी प्रयत्न में व्यतीत किया। नायिका कुलवधू होने के कारण ही उत्पन्न परिस्थिति को ढङ्ग से अनुकूल बनाने के लिए प्रयत्नशील है। वह यह नहीं चाहती कि इस बात को कोई दूसरा भी जाने । ऐसा करने से कुटुम्ब में विघटन की स्थिति हो सकती है। भाई-भाई (उसके पति और देवर) में परस्पर विवाद हो सकता है । उपदेशिका का नववधू से कहने का अभिप्राय यह है कि वह भी इस प्रकार की स्थिति पहुंचने पर अपने सतीत्व की रक्षा करे । अगली गाथा इसी शतक में 59वीं है। इसमेँ भी देवर के अशुद्ध भाव का उद्घाटन है।

असारिचित्ते दिअरे सुद्धमणा पिअअमे बिसमसीले।
ण कहइ कुडुम्ब विहडणभएण तणुआअए सोण्हा।।[3]
[असददृशचित्ते देवरे शुद्धमनाः प्रियतमे विषमशीले।
न कथयति कुटुम्बविघटनभयेण तनुकायते. स्नुषा।]

वधू को यह.पता लग चुका था कि देवर का मन उसके प्रति दूषित है। तब वधू उल्टे स्वभाव वाले पति से इस बात को नहीं बताया। क्यों कि वह भयग्रस्त हो गई कि ऐसा करने से पूरा परिवार विघटित हो जाऐगा। (सब एक दूसरे से नाता तोड़कर अलग हो जायेंगे) और वह दिन पर दिन कृशकाय होने लगी। प्रौढा द्वारा नवीन वधू को उपदेश । परिवार में संघटन और विघटन का कारण विशेष रूप से स्त्रियां होती हैं। विघटन उत्पन्न करनेवाली स्त्री सम्मान के योग्य नहीं मानी जाती । अतः प्रौढ़ा ने नववधू को उपदेश देते हुए किसी घटित घटना को कहा कि देवर को दूषित मन जानकर भी वधू ने अपने पति से कुछ नहीं कहा, क्योंकि वह अपने पति के शील से परिचित थी। उसे डर हो गया कि ऐसा करने पर कुटुम्ब में विघटन होने की सम्भावना है। इस बात को मन में ही रख लिया और मानसिक दुःख के संगोपन से दिनानुदिन पतली होने लगी । उपदेश का तात्पर्य है कि इस प्रकार से किसी अवसर के उपस्थित होने पर स्वयं कष्ट सह लेना अच्छा है पर कुटुम्ब के विघटन का कारण बनना ठीक नहीं । ऐसी त्याग और सहन करने की भावना भारतीय संस्कृति में ही बलवती हो सकती है।

पंचम अङ्क में इस विषय को पुष्ट करती 66वीं गाथा प्राप्त होती है। इसमें स्वच्छंद विचरण करने वाले देवर का वर्णन दिखाई देता है।

गामणिघरम्मि अत्ता एक्क व्विअ पाडला इहग्गामे।
बहुपाडलंच सीसं दिअरस्स ण सुन्दरं एअं ॥[4]
[ग्रामणिगृहे श्वश्रू एकैव पाटला इह ग्रामे।
बहुपाटलं च शीर्षं देवरस्य न सुन्दरमेतत् ॥]

सासू जी, इस गाँव में मुखिया के घर में एक ही पाटला (वृक्ष) है, देवर जी के सिर पर पाटला के बहुत से फूल रहते हैं, सो ठीक नहीं ।

माँ को भाभी का वचन। घर के सम्मान की रक्षा के लिऐ चिंतित सास के प्रति मुखिया की पत्नी में आसक्त देवर के निवारणार्थं भाभी का संबोधन है। भाभी का स्थान माँ के समान ऊंचा होता है। प्रस्तुत गाथा में वह अपने घर के प्रति दायित्वों का निर्वहन कर रही है।

अग्रिम गाथा षष्ठम अङ्क में 70वीं है। इस गाथा में भाभी देवर के गोपनीय रहस्यों को जान परिहास कर रहीं हैं।

अइ दिअर किं ण पेच्छसि आआसं किं मुहा पलोएसि।
जाआइ बाहुमूलम्मि अद्धअन्दाणं परिवार्डि ॥[5]
[अयि देवर किं न प्रेक्षसे आकाशं किं मुधा प्रलोकयसि ।
जायाया बाहुमूलेऽर्धचन्द्राणां परिपाटीम् ॥]

ऐ देवर जी, आकाश में व्यर्थ क्यों देखते हो? पत्नी के बाहुमूल में अर्ध-चन्द्रों की कतार पर क्यों नजर नहीं डालते?

भाभी का परिहास, देवर के प्रति। अर्धचन्द्र अर्थात् नखक्षत होने.से उत्पन्न आधे चंद्रमा की आकृति को देखकर भाभी देवर से कहती हैं। आप बेकार में आसमान को देख रहे हैं। पत्नी के साथ विताऐ सुखद पलों की छाप बांह पर चित्रित अगली गाथा सप्तम शतक में 88वीं है। इसमें भाभी शिकायत कर रही है कि पहले आप ध्यान देते थे। अब अन्यमनस्क हो गए हो।

सच्चं साहसु देअर तह तह चडुआरएण सुणएन ।
णिव्वत्तिअकज्जपरम्मुहत्तणं सिक्खिअं कत्तो ॥
[सत्यं कथय देवर तथा चाटुकारकेण शुककेन ।[6]
निर्वर्तितकार्यंपराङ्मुखत्वं शिक्षितं कस्मात् ॥

हे देवर ! सच बताओ, काम पूरा होने पर मुँह फेर लेना किस खुशामदी कुत्ते से सीखा है ।।

भाभी और देवर के मध्य पहले रिश्ते अच्छे थे। अब किसी.बात पर वह.रूठ गया है। भाभी देवर का स्वभाव जानती थी इसी लिऐ वह कह रही है किस खुशामदी इंसान ने तुम्हें मेरे खिलाफ बहकाया है। इस गाथा से पूर्व में स्वस्थ और पश्चात् मे अस्वस्थ रिश्ते की कसक भाभी की उक्ति में दिख रही है।

सन्दर्भ -

1. गाहासत्तसई 1/28
2. गाहासत्तसई 1/35
3. गाहासत्तसई 1/59
4. गाहासत्तसई 5/66
5. गाहासत्तसई 5/70
6. गाहासत्तसई 7/88

प्रत्यभिज्ञादर्शन में ज्ञान एवं भक्ति का सामञ्जस्य

· डॉ. गौरव सिंह*

शोधसार –

शिव की त्रिवेणी में प्रत्यभिज्ञा का विशेष स्थान है। प्रत्यभिज्ञा 'मनन या विचारशास्त्र' है। प्रत्यभिज्ञादर्शन में ज्ञान-भक्ति के परस्पर सामञ्जस्य से जो शक्ति प्राप्त होती है, वह मोक्षदायक है। ''ईश्वरोऽहम्'' इस प्रकार का भी ज्ञान होता है उसे उत्पलदेव ने बताया कि परमशिव की कृपा से ही ईश्वर का साक्षात्कार ज्ञात हुआ है और यह ज्ञान और भक्ति के कारण ही हो पाया है।

अतएव साधना मार्ग से त्रिक् दर्शन ज्ञान एवं भक्ति का समन्वय रखता है।

बीजशब्द – प्रत्यभिज्ञादर्शन, काश्मीरीशैवदर्शन, ज्ञान, भक्ति, शिव, शक्ति स्वातन्त्र्य।

प्रत्यभिज्ञादर्शन भारतीय चिन्तन राज्य की एक अति प्राचीन तथा दुर्लभ सम्पदा है। काल की विचित्रगति के कारण आज अपरिचितप्राय होने पर भी यह स्वीकार करना ही होगा कि एक समय में इसका प्रभाव भारतीय साधना क्षेत्र में सर्वत्र परिव्याप्त था । जो हमारी सभ्यता की विशिष्ट धारा का ऐतिहासिक दृष्टिकोण से सूक्ष्म भाव से पर्यालोचना करने का प्रयत्न कर गये हैं, प्रत्यभिज्ञावाद के महत्त्व को वे सहज ही धारण कर सके हैं। निगम तथा आगम, वेद तथा तन्त्र, इनका परस्पर सम्बन्ध क्या है, यहाँ इस विचार का प्रयोजन नहीं है। किन्तु यह ध्रुव सत्य है कि इस निगम तथा आगम में ही भारतवर्ष की सनातन साधना का बीज निहित है । श्रीमद्भागवत को निगम कल्पतरु का गलित फल कहा गया है । मेरा विचार है कि यह वर्णन आंशिक सत्य है । कारण भागवत जैसे निगम का गलित फल है उसी प्रकार यह आगम कल्पतरु का भी गलित फल है। पांचरात्र आगम में जो कुसुमित है, श्रीमद्भागवत में वही परिपक्व रसबहुल फलरूपेण परिणत है। इस प्रकार प्रत्यभिज्ञा सिद्धान्त भी आगम का, शैवागम का सारभूत रस स्वरूप है। श्रीमद्भागवत का अवलम्बन लेकर गौड़ीय वैष्णवगण 'अचिन्त्य भेदाभेद' रूप से अपूर्व दार्शनिक सिद्धान्त की अवतारणा करते हैं। स्वच्छन्द, मालिनी विजय प्रभृति आगम तथा तैत्तिरीय संहिता प्रभृति निगम समुद्र का मन्थन करने से काश्मीरीय शैव गण ने उसी प्रकार 'ईश्वराद्वयवाद' नामक प्रोज्वल रत्नमाला का आविष्कार किया था - यह भारतीय साधना का गौरवस्तम्भ है।

नामकरण – 'प्रत्यभिज्ञादर्शन' नाम अधिक पुरातन नहीं है। माधवाचार्य ने सर्वदर्शन संग्रह में इस नाम का

*सहायक आचार्य, अभिनव गुप्त संस्थान, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

सर्वप्रथम प्रयोग किया था तथा मैं भी उनका अनुसरण करके इसी नाम को ग्रहण करता हूँ। "प्रंतीयमात्माभिमुखयेन ज्ञानं प्रकाशः प्रत्यभिज्ञा"[1] प्रत्यभिज्ञाहृदय, ईश्वर प्रत्यभिज्ञा विमर्शिनी प्रभृति प्राचीन ग्रन्थ के नामकरण में प्रत्यभिज्ञा शब्द का व्यवहार अवश्य है, किन्तु मेरा विश्वास है कि न्याय, वैशेषिक प्रभृति के समान दार्शनिक सिद्धान्त विशेष का यह वाचक नहीं है। सर रामकृष्ण गोपाल भण्डारकर के मत से काश्मीरीय शैवागम दो भागों में विभक्त है। प्रथम है स्पन्दशास्त्र, द्वितीय है प्रत्यभिज्ञाशास्त्र । स्पन्दशास्त्र के प्रवर्त्तक हैं वसुगुप्त, प्रत्यभिज्ञाशास्त्र के प्रवर्त्तक हैं सोमानन्द।[2] यह विभाग ऐतिहासिक दृष्टि से कुछ अंश में सत्य होने पर भी विचार दृष्टि से भ्रान्तिमूलक है। क्योंकि स्पन्द तथा प्रत्यभिज्ञा प्रतिपादक ग्रन्थों में अवान्तर दो-एक विषय में तनिक मतभेद का आभास रहने पर भी दोनों शास्त्र के मूल सिद्धान्तों तथा आलोचना प्रणाली में कुछ पार्थक्य है। अतः प्रत्यभिज्ञा दर्शन शब्द से स्पन्द तथा प्रत्यभिज्ञा ये दोनों ही द्योतित होते हैं। प्राचीन साहित्य में 'त्रिक् दर्शन' तथा 'माहेश्वर दर्शन' प्रभृति नाम विशेष प्रचलित थे, किन्तु माधवाचार्य का अनुकरण करके यह प्रत्यभिज्ञा नाम ही अधिकांश स्थल में ख्यातिप्राप्त हो गया। विमर्शिनी में भी कहा गया है- स्वयं की पहचान ही प्रत्यभिज्ञा है-

"प्रतीयमात्माभिक्षुख्येन ज्ञानं प्रकाशः प्रत्यभिज्ञा"[3]

ज्ञान-भक्ति का सामञ्जस्य-

इस अद्वैतवाद का एक और विशेषत्व यह है कि वह शुष्क ज्ञानमार्ग नहीं है। ज्ञानहीन भक्तिमार्ग भी नहीं है, इसमें ज्ञान और भक्ति, दोनों का सामञ्जस्य है। शंकर प्रदर्शित अद्वैतवाद की चरमावस्था में भक्ति का स्थान नहीं है। शंकर के मत से भक्ति द्वैतमूलक है, तभी अद्वैतावस्था में, ज्ञानाविर्भाव में, इसकी सत्ता नहीं रहती । बल्कि यह साधनरूपा अज्ञानमूलक भक्ति है। किन्तु अद्वैत भक्ति रूप जो पदार्थ है, वह शास्त्र तथा महाजनगण के अनुभव से जाना जा सकता है। यह नित्य पदार्थ है। सामान्यतः जिसे हम मोक्ष कहते हैं, वह वास्तव में नित्यसिद्ध ज्ञान-भक्ति का आवरण भंग होने का समुन्मेष मात्र ही है। त्रिकदर्शन में इसे ही चिदानन्द लाभ अथवा पूर्णाहन्ता चमत्काररूपेण अभिहित किया गया है। चिदंश है ज्ञानभाव तथा आनन्दांश है भक्ति । परमतत्त्व स्वातंत्रमय स्थिति ही है पूर्ण शक्ति । तभी इस मत के चरम में शिवशक्ति का सामरस्य ही स्वीकृत है। कभी भी शक्ति की अभावकल्पना अथवा अवास्तवत्व कल्पना नहीं की गयी है । वास्तव में शिव-शक्ति अभिन्न हैं। दोनों में भेद नहीं है। रह भी नहीं सकता। तब विश्वदृष्टि से सृष्टि को भी संहार अथवा उन्मेष-निमेष के दृष्टिकोण से लक्ष्य करने पर शक्तिप्रधान अथवा शिवप्रधान रूप एक ही परमतत्त्व का निर्देश किया गया है, किन्तु शक्तिप्रधान अवस्था में भी शिवभाव रहता है । प्रकाशमय शिवभाव में ही विमर्शात्मक शक्ति का विकासस्वरूप बिम्ब प्रतिबिम्बित होता है और शिवप्रधान अवस्था में भी शक्तिभाव ही रहता है। तब विश्वबीज शक्ति प्रकाश में विलीन रहती है।

इन दोनों की सामरस्यावस्था को (जहाँ शिव तथा शक्ति दोनों साम्यप्राप्त है) शिव नहीं कहा जा सकता, न शक्ति ही कहा जा सकता है, अथच उभय भाव ही एकाकार में वहाँ विद्यमान हैं। यही है परमभाव । हमारे दर्शन में इसे सर्वतोभाव की प्रतिष्ठा कहकर वर्णन किया गया है। यहाँ चिदंश शिवभाव तथा आनन्दांश

शक्तिभाव परस्परतः सम्मिलित है। इसी कारण यह ज्ञान भक्ति की सामञ्जस्यावस्था है। यह स्मरण रखना होगा कि पूर्वोक्त शिव तथा शक्ति एवं यह सामरस्य, सभी नित्य हैं। यह एक ही पदार्थ का दो दिक् मात्र है।

प्रसाद है कि षट्पञ्जारिका स्तोत्र श्री शंकराचार्यरचित है। उसमें कहा गया है-

सत्यपि भेदापगमे नाथ तवैवाहं न मामकीनत्वम् ।
सामुद्रो हि तरङ्गः न क्वचन तरङ्गो हि सामुद्रः ॥[4]

यदि वास्तव में यह शंकराचार्य रचित है, तब यह कहना होगा कि उन्होंने अद्वैतभक्ति का प्रचार किया था। 'सत्यपि भेदापगमे' इस वाक्यांश की संयोजना से स्पष्ट हो जाता है कि वे कहना चाहते हैं भेद अपगत हो जाने पर 'मैं तुम्हारा हूँ' अतएव अभेद अवस्था में भी 'मैं तुम्हारा' भाव रह सकता है। यह दासात्मक भक्तिभाव है। यद्यपि ज्ञान द्वारा 'तुम' तथा 'मैं' का भेद तिरोहित हो गया है, तथापि पराभक्ति के प्रभाव से उस अद्वैत समुद्र में भी कल्पित भावाद्वैत की तरंगें उठती हैं। यह द्वैत वस्तुतः द्वैत नहीं है। इस अवस्था में भक्ति को अद्वैतभक्ति कहना असंगत नहीं है। यह है नित्यभाव। नरहरि कहते हैंः-

द्वैतं मोहाय बोधात्प्राक् प्राप्ते बोधे मनीषया। भक्त्यर्थं कल्पितं द्वैतमद्वैतादपि सुन्दरम्॥ जाते समरसानन्दे द्वैतमप्यमृतोपमम् । मित्रयोरिव दम्पत्यो जीवात्मपरमात्मनोः॥[5]

अद्वैतभक्ति क्या है, तथा स्वरूप-लाभ कैसे होता है, यह विवरण देना यहाँ निष्प्रयोज्य है। नारायणतीर्थ ने अपने ग्रन्थ भक्तिचन्द्रिका नामक शाण्डिल्यसूत्र के भाष्य में इस भक्ति का विस्तृत वर्णन किया है। अन्यान्य स्थलों में भी यह प्रसंग आया है। **त्रिपुरारहस्य ज्ञानखण्ड (अध्याय 20, श्लोक 33-34)** में है कि प्रकाशसार परमतत्त्व का अपरोक्षरूपेण आत्मभिन्नभाव से साक्षात्कार करके भी कोई परमभक्त प्रीति के साथ उनकी सेवा करते रहते हैं। सेवा के लिए जाते ही सेव्य सेवक भाव रहना चाहिये। अद्वयावस्था में यह भाव कैसे सम्भव है? तभी कहा गया है कि भेदभाव का अवलम्बन करके सेवा करनी चाहिए। यह वास्तव में आहार्य भेद है, वास्तव में नहीं है। परमतत्त्व सामरस्यरूप है। वहाँ तो भेद नहीं है। वह सर्वावस्था का सन्धिस्थल है। तब इस भेंट का आहरण करने का प्रयोजन क्या है ? प्रयोजन कुछ नहीं है। यह रुचिभेद में स्वभाव का स्वरस है।

इससे यह उपलब्धि होती है कि ज्ञान के अनन्तर भी भक्ति रह सकती है। यह कैतवहीन होने के कारण सुभक्ति है। अज्ञानामूलक द्वैत अथवा साधन भक्ति के समान स्वार्थानुसन्धानात्मक नहीं है। अद्वैतभक्ति के लिए भी एक भेद आवश्यक है। यह है कल्पित तथा ज्ञानपूर्वक और एक बात है, ज्ञान के पश्चात् अद्वैतभक्ति सभी में जाग्रत होगी. ऐसा नहीं है। जिनका हृदय स्वभावतः भक्तिप्रवण है, उनमें ही अद्वैतभक्ति का उदय होता है। ज्ञानार्थी को यह नहीं होता। किन्तु उदित हो अथवा उदित न हो, चरम ज्ञान तथा भक्ति एकाकार हो जाते हैं, जिसे पूर्णाहन्ता अथवा आत्मसाक्षात्कार कहा जाता है। (स्वात्मचमत्कार कहा जाता है) वह ज्ञान की सीमा तथा प्रेम से भी चरम है। इसलिए समन्वय भूमि है। यहीं से ही दोनों स्रोत प्रवाहित होते हैं।

दासात्मक भक्ति ही त्रिक्-दर्शन में अंगीकृत है। भगवान् प्रभु, पिता अथवा गुरुभक्त दास, पुत्र अथवा शिष्य हैं। केवल त्रिक्दर्शन में ही नहीं, शैवागम मात्र में ही यह भावप्राधान्य दृष्ट होता है। वीरशैवादि मत में यही सिद्धान्त स्वीकृत है। शाक्तगम में भी मूलतः इस सम्बन्ध में कोई प्रभेद लक्षित नहीं होता। तब भी पितृभाव

के स्थान पर मातृभाव यहाँ कल्पित होता है। उसमें यही विशेषता है। किन्तु इस भावत्रय में दास्यभाव ही मूलभूत है, तभी इसी का प्राधान्य कीर्त्तित होता है। शान्तभक्ति स्फुरण अवस्था मात्र है। तनिक विकसित होने पर उसमें दास्यभाव का रंजन लग जाता है। अद्वैत से द्वैत की तरंग इसी भाव में उठती है। विकास जितना भी हो, यह रंजन कभी नहीं छूटता । यद्यपि गौड़ीय वैष्णवों की मण्डली में सख्य, वात्सल्य तथा माधुर्य भाव भी अंगीकृत होता है, तथापि यह भी सत्य है कि सर्वतोभावेन मूलभूत दास्यभाव अनुस्यूत है।

जैसे भूतदृष्टि से वेदान्तमत में आकाश से वायु, वायु से अग्नि इत्यादि क्रम से पृथ्वी का आविर्भाव हुआ है, उसी प्रकार रसविकास में भी शान्त से दास्य, दास्य से सख्य इत्यादि क्रम से उत्तरोत्तर रसपुष्टि होती जाती है। आकाश का अपना गुण है शब्द । वायु उत्पन्न होने पर शब्दगुण तो उसे प्राप्त है ही, उसके अतिरिक्त वायु का अपना गुण स्पर्श विकसित होता है। इसी प्रकार से क्रमशः एक-एक गुण वृद्धिगत होता जाता है और पहले-पहले वाला - गुण अनुवृत्त होता जाता है। तभी पृथिवी में पाँचों भूतों का गुण है। उनमें से शब्दादि चार समागत सामान्य गुण हैं, गन्ध उसका अपना विशेष गुण है । इसी प्रकार से भाव का क्रमविकास भी समझना चाहिये । शान्तभाव का विशेषगुण निष्ठा - दास्य में अनुवृत्त हो जाता है, अथच दास्य का अपना गुण सेवा भी उसमें स्फुटित हो जाता है । सख्य में शान्त तथा दास्य का धर्म अनुवृत्त होता है, तथा अपना स्वधर्म असंकोच भी विकसित होता है। इस प्रकार से माधुर्य में सभी रस के गुण हैं, अर्थात् निष्ठा - सेवा - असंकोच तथा लालन तो वर्तमान है ही, उसका अपना विशेष गुण आत्मसमर्पण भी उसी में स्फूर्त हो उठता है ।

त्रिक् दर्शन दासात्मक भक्ति को मानकर भक्ति के सभी तत्त्वों को मान लेता है। और केवल मूल ही को माना हो, ऐसा नहीं है। भक्ति के जो प्रेम-माधुर्य रूप गुण हैं, उनका भी आभास स्वीकार किया है। तथापि स्मरण रखना होगा कि यह भक्ति अज्ञानमूलक द्वैतभाव प्रसूत नहीं है। यह है परिस्फुट अद्वैतावस्था। अथच एक प्रकार से परिस्फुट द्वैत भी है। तब यह है अलौकिक। यहाँ एक साथ ज्ञान तथा भक्ति और चित् तथा आनन्द का समावेश परिलक्षित होता है। इसी का नाम है शिवशक्ति का सामरस्य। इस रसतत्त्व में ही ऐक्य तथा वैचित्र्य का पूर्ण सामञ्जस्य है। यही रस ब्रह्मानन्द से विलक्षण एवं विशिष्ट है। ब्रह्मानन्द में आस्वादन नहीं रहता। उसमें चर्वण नहीं है, अहंभाव नहीं है। त्रिपुटी नहीं है। किन्तु रस में सब कुछ है, अथच वह अलौकिक है। पूर्णाहन्ता का चमत्कार ही है रसबोध - इसमें अभेद के मध्य एक अलौकिक भेद है, अन्यथा आस्वादन कैसे होता? तब भी यह भेद लौकिक भेद नहीं है। यह है वैकल्पिक भेद। अभिनवगुप्ताचार्य ने नाट्यशास्त्र की टीका 'अभिनव भारती' में रसतत्त्व की जो प्रत्यभिज्ञा दर्शन के अनुसार आलोचना की है उसमें रसस्वरूप अनेक रूप से परिष्कृत हो गया है। अभिनवगुप्त का मत है कि सर्वथा रसनात्मक एवं निर्विघ्न प्रतीति से ग्राह्य भाव ही रस है।

"सर्वथा रसनात्मको बीसंविघ्न प्रतीतिग्रह्यो भाव एव रसः"[6]

प्रश्न उत्थित होता है- क्या यह रस शान्तरस मात्र है, किंवा दास्य भी है। मैंने पूर्व में जो कहा है उससे इसका समाधान हो जायेगा। भक्ति रहने से मूल में दास्यभाव रहेगा ही। शान्तभाव को भक्ति का बीजभाव भले ही कहा जाय, किन्तु यह परिस्फुट भक्ति नहीं है। दास्यबोध न होने तक स्वयं को एक अनन्त वस्तु के साथ

अभिन्न मानकर जब तक उसके आश्रय में हो जाने का बोध जाग्रत् नहीं होता, तब तक भक्ति राज्य का प्रारम्भ नहीं होता। शान्तभाव उसी का सूत्रपात्र करता है यह जो अनन्त वस्तु है, यह स्वयं अपनी आत्मा से भिन्न कुछ भी नहीं है । तभी ब्रह्मभाव से शान्तरस एवं तदनन्तर दास्य आदि का आविर्भाव होता है। शान्त में, किंवा दास्यादि में वह ब्रह्मभाव अनुवृत्त रहता है, अथच उसी के ऊपर शुद्ध अप्राकृत सत्व की लहरें क्रीड़ारत रहती हैं।

अन्धकार फैला है। आलोक के वक्ष पर आलोक की लहरें नाचती रहती हैं। यह लहरें ही हैं 'उल्लास तथा रस'। इनकी विचित्रता ही है लीलाविस्तार। ये लहरें शुद्ध स्वरूप में चिर प्रवर्त्तमान हैं। तभी वैष्णवों की तरह नित्यलीला को शैवगण भी मानते हैं। तभी क्षेमराज शिव का '**कैलासादिषु नित्यप्रवर्त्तमान प्रमोद निर्भरक्रीडामयं लोकोत्तर प्रभावं विस्तारयित्रे**'[7] कहकर वर्णन करते हैं।

भक्ति रसस्वरूप है, इसे कोई-कोई, विशेषतः आलंकारिकगण स्वीकार करते हैं। काव्यप्रकाशकार आचार्य मम्मट, रसगंगाधरकार पण्डितराज जगन्नाथ प्रभृति आलंकारिक लोग भक्ति को भावकोटि में रखते हैं। इसमें कोई विरोध नहीं है । साहित्यसारकर्त्ता अच्युतराय बतलाते हैं कि गीता में[8] '**अद्वेष्टा सर्वभूतानां**' से लेकर '**यो मद्भक्तः स मे प्रियः**' पर्यन्त वाक्य से ज्ञात होता है कि मुख्य भक्ति जीवन्मुक्ति का ही नामान्तर है । 'जीवन्मुक्ति विवेक' ग्रन्थ में विद्यारण्य स्वामी ने यही कहा है, 'जीवन्मुक्तः स्थिरप्रज्ञो विष्णुभक्तश्च कथ्यते'। इस प्रकार से देखने पर यह कुछ न कुछ शान्तरस के अन्तर्गत हो जाती है। इसी कारण आलंकारिकों ने भक्ति को स्वतन्त्र रस नहीं माना है। अर्थात् मुख्यभक्ति रस है, इस विषय में आलंकारिकगण असहमत नहीं हैं। तब भी इसे शान्तरस से भिन्न मानने का कोई प्रयोजन नहीं है। दूसरी ओर भक्तगण जो कुछ कह गये हैं, वह भी सत्य है। वे कहते हैं, 'भक्ति जब अद्वैत आत्मतत्त्व विषयक वृत्तिविशेष है, तब उसमें रसत्व को अङ्गीकार नहीं किया जाता। साहित्यसार ग्रन्थ की टीका में स्पष्टतः कहा है कि भक्ति मुख्य तथा गौण, परा अथवा अपरा भेद से दो प्रकार की है। अलंकारशास्त्र की मुख्य भक्ति शान्तरस के अन्तर्गत है तथा गौणभक्ति भाव मात्र है। भक्तिशास्त्र में शान्तरस अपनी ही भक्ति विशेष है, मुख्य भक्ति है रसस्वरूप ।

शाण्डिल्य तथा **नारद** अपने **भक्तिसूत्र में, मधुसूदन सरस्वती भक्तिरसायन में** तथा **श्रीरूप गोस्वामी भक्तिरसामृतसिन्धु** में भक्ति के रसत्व का उपपादन करते हैं। इस क्षेत्र में उन आलोचनाओं का यहाँ प्रयोजन नहीं है। यहाँ यही यथेष्ट है कि प्रत्यभिज्ञादर्शन के आचार्यगण भक्ति को रसरूप में स्वीकार करके अध्यात्मराज्य के एक गम्भीरतत्त्व को प्रकट कर गये हैं । **उत्पलदेव** अपनी **शिवस्तोत्रावली** में कहते हैं :

जयन्ति भक्तिपीयूष रसासव वरोन्मदाः ।
अद्वितीया अपि सदा तद्वितीया अपि प्रभो ॥

पराभक्ति की यही विशेषता है कि इस स्थिति में किसी 'द्वितीय' के न रहने पर भी 'द्वितीय' रह जाता है। नवद्वीप के श्रीगौरांग महाप्रभु इसी कारण अचिन्त्य - भेदाभेद तत्त्व का प्रचार कर गये हैं । जो यह मानते हैं कि दो होने से ही मिथ्या हो जायेगा, उन्होंने पूर्ण सत्य के मात्र एक ही प्रान्तर को देखा है ।

अज्ञान उच्छिन्न हो जाने पर भी ऐक्यस्फुरण होने पर ऐक्य के समय दो रह सकते हैं। यद्यपि ये दो भी एक ही शुद्धभाव का आत्मप्रसारण मात्र है। कहा है :-

नाथ वेद्यक्षयं केन न दृश्योऽस्येककः स्थितः ।
वैद्यवेदक संक्षोभेऽप्यसिभक्तैः सुदर्शनः ॥
"चैतन्यमात्माऽज्ञानं बन्धः"[9]

अन्तर्मुखीनावस्था में सभी वेद्य का उपशम हो जाने पर भी 'एक' रूप से जिसका स्फुरण होता है, वेद्यवेदक संक्षोभ वैचित्र्य में भी भक्तगण उन्हें ही समावेश की अधिकता के कारण देख पाते हैं। जो विश्वातीत हैं, वे ही हैं विश्वात्मक । अथच दोनों ही हैं एक ही समय। जहाँ ज्ञान तथा भक्ति समरस स्थिति में समासीन है, वहीं पर समरस विश्वातीत तथा विश्वात्मक समभाव से प्रकाशित हैं। द्वैताद्वैत सामञ्जस्य वहीं पर है। यही ईश्वराद्वयवाद की विशेषता ज्ञात होती है। अतः शिव की इच्छा शक्ति जब विकसिता का रूप धारण करके वैश्विक रूप में कार्य प्रकाशन की शक्ति बनती है, इसे ही ज्ञान शक्ति कहते हैं। परमशिव स्वयं ज्ञाता, ज्ञेय और ज्ञान स्वभाव से युक्त हैं। इसी ज्ञान और भक्ति से वेद्योन्मुखता होता है। अतएव साधनमार्ग से त्रिकदर्शन ज्ञान एवं भक्ति का समन्वय रखता है। बन्धन मुक्त करने वाली विद्या मुक्ति है जिसका स्वभाव है। सम्यक् ज्ञान अर्थात् शिव की स्वातन्त्रय शक्ति का पूर्ण परिज्ञान इसलिए अभिनवगुप्त कहते हैं- **''मोक्षो हि नामनवाप्यः स्वरूपप्रथनं' हि सा''**।

सन्दर्भ –

1. ईश्वर प्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी, 1/1/1
2. आर.सी. भण्डारकर- वैष्णव, शैव और अन्य धार्मिक मत, पृष्ठ संख्या-110
3. विमर्शिनी, 1/1/1
4. विष्णुषट्पदीस्तोत्रम्-3
5. बोधसार, भक्ति-42
6. नाट्यशास्त्र, 6;32, अभिनवभारती, पृष्ठ, 473
7. स्तवचिन्तामणि टीका, पृष्ठ 60-61
8. जीवन'मुक्तिविवेक-1/14
9. शिवसूत्र-1

वेद कालीन शिक्षणाभ्यास प्रक्रिया – एक अध्ययन

· डॉ. ऋचा पाण्डेय*

शोधसार –

वैदिक कालीन शिक्षा का अर्थ जीवन पर्यंत चलने वाली शिक्षा से था। शिक्षा मनुष्य को सभ्य तथा उसके जीवन को उन्नत करने वाला साधन के रूप में माना जाता था। वैदिक काल में शिक्षा न तो पुस्तकीय ज्ञान में विश्वास रखती थी और न ही जीविकोपार्जन का साधन मात्र थी। अपि तु वैदिक कालीन शिक्षा को तो पूर्ण रूप से नैतिक एवं आध्यात्मिक विज्ञान का सोपान माना जाता था। उस समय की शिक्षा का अर्थ था कि व्यक्ति को किस प्रकार से आत्मप्रकाशित किया जाए कि उस का सर्वांगीण विकास हो सके ।प्रस्तुत शोध पत्र में वैदिक काल में शिक्षण प्रक्रिया कैसी थी, उस विषय में सांगोपांग चर्चा की गई है।

बीजशब्द – वेद कालीन, शिक्षण, ब्रह्मसूत्र, स्वाध्याय, वेदाध्ययन, प्रातिशाख्य

वेद कालीन शिक्षण अभ्यास की प्रक्रिया से तात्पर्य है कि वेद कालीन शिक्षण के अभ्यास की क्या प्रक्रिया थी किस प्रकार से अभ्यास किया जाता था उसके क्या साधन थे इत्यादि। मानव व्यवहार में अपेक्षित परिवर्तन लाने हेतु जिन विशेष परिस्थितियों का विद्यालय प्रांगण और कक्षा कक्ष में निर्माण किया जाता है उनका उद्देश्य अध्येता की स्मृति शक्ति को विकसित करते हुए बौद्धिक व्यवहारों में परिवर्तन द्वारा उसके मौलिक काल्पनिक और समीक्षात्मक चिंतन स्तर को विकसित करना है।[1] विकास की इस शृंखला को शिक्षाविदों ने तीन भागों में विभक्त किया है। स्मृति स्तर, बोध स्तर एवं चिंतन स्तर।

जिसकी परीपुष्टि ब्रह्मसूत्र में मिलती है। ब्रह्म सूत्र में कहा गया है कि प्राणी मात्र को श्रुति वचनों से आत्म तत्व के विषय में मनोयोग पूर्वक श्रवण करना चाहिए। दर्शन शास्त्रों के अनुसार युक्ति पूर्वक चिंतन करना चाहिए तथा चिंतन द्वारा समुपलब्ध आत्म स्वरूप विषय का समाधि ज्ञान द्वारा आत्म तत्त्व का साक्षात्कार करना चाहिए-

आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः।[2]

यही ज्ञान की परम सीमा है। जिसके लिए शास्त्रज्ञ उन्हें स्वाध्याय और प्रवचन का उपदेश दिया है-

ऋतं च स्वाध्यायप्रवचने च।सत्यं च स्वाध्यायप्रवचने च। तपश्च स्वाध्यायप्रवचने च। दमश्च स्वाध्यायप्रवचने च। शमश्च स्वाध्यायप्रवचने च। अग्नयश्च स्वाध्यायप्रवचने च।

*सहायक आचार्या, संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय

अग्निहोत्रं च स्वाध्यायप्रवचने च। अतिथयश्च स्वाध्यायप्रवचने च मानुषं च स्वाध्यायप्रवचने च। प्रजा च स्वाध्यायप्रवचने च। प्रजनश्च स्वाध्यायप्रवचने च। प्रजातिश्च स्वाध्यायप्रवचने च। सत्यमिति सत्यवचा राथीतरः। तप इति तपोनित्यः पौरुशिष्टिः। स्वाध्यायप्रवचने एवेति नाको मौद्गल्यः। तद्धि तपस्तद्धि तपः।[3]

स्वाध्याय तथा प्रवचन शिक्षणाभ्यास के दो साधन माने गए हैं। जिनके द्वारा संपूर्ण ज्ञानात्मक प्रक्रिया को ऋषि-मुनियों ने चार कालों में विभक्त किया है। आगम काल, स्वाध्याय काल, प्रवचन काल और व्यवहार काल। ज्ञान ग्रहण अवस्था का समय कहलाता है आगम काल तथा स्वाध्याय से तात्पर्य वर्ण राशि रूप में वेद का विधिवत् अर्थबोध ग्रहण करना है। आगम और स्वाध्याय काल में उपनीत बालक गुरु अनुकंपा से वेद उच्चारण की शैली से परिचित होने के साथ-साथ वेदार्थ का अनुशीलन करते हुए स्व तत्त्व की जागृति द्वारा अपने आप को उसके अनुरूप बनाने का निरंतर प्रयास भी करता है। आगम और स्वाध्याय काल दोनों में एकरसता देखने को मिलती है; जिसके अंतर्गत वेद का अध्ययन करने वाला गुरु मुख से सुने हुए मंत्र के अर्थ ज्ञान के साथ उसी रूप में स्वर और लय के साथ उच्चारण पूर्वक अपने किए हुए अध्ययन को और विस्तारित करता है। किंतु स्वाध्याय की सार्थकता प्रवचन पर आधारित है, जिसके लिए प्रवचन काल और व्यवहार काल की अनिवार्यता पर विशेष जोर दिया जाता है। प्रवचन काल के अंतर्गत स्वाध्यायी आचार्य द्वारा प्राप्त ज्ञान को शिष्य-प्रशिष्य तक पहुंचाने का कार्य करता है। जिससे ज्ञानार्जन की सार्थकता और निरंतरता सदैव बनी रहती है। व्यवहार काल अंतिम काल है। इस काल में जिज्ञासु समुदाय को ज्ञानार्पण की विधि द्वारा तत्वान्वेषी बनाया जाता है जिसके लिए प्रवचन और व्यवहार काल को एक ही समय में संपन्न किया जाता है।[4] बृहदारण्यक उपनिषद में भी कहा गया है- **आत्मनो वा अरे दर्शनेन मत्या विज्ञाननेदं सर्वं विदितम्।**[5]

शिक्षणाभ्यास के प्रमुख अंग है श्रवण, मनन और निदिध्यासन। इन सब को स्वाध्याय और प्रवचन प्रक्रिया द्वारा अध्येता में विकसित किया जा सकता है। विकास की इस प्रक्रिया में इन दोनों का महत्व समान रूप से है कोई कम या ज्यादा नही है। एक को अनदेखा करने से दूसरे की सार्थकता संदिग्ध बन जाती है। जैसा कि डॉ. भास्कर मिश्रा ने अपनी पुस्तक 'वैदिक शिक्षा पद्धति' में लिखा है कि केवल स्वाध्याय जो कण्ठस्थीकरण अर्थात् आत्मानुशीलन की शिक्षण प्रक्रिया पर आधारित है, से अधिगम का उद्देश्य सिद्ध नहीं हो पाता उसके लिए अध्येता को विषय वस्तु के अर्थबोध हेतु भी उद्यत होना पड़ता है तथा प्राप्त ज्ञान के आधार पर जन समुदाय में सामाजिक चेतना को जागृत करने के लिए क्रिया पक्ष के रूप में प्रवचन की विधि को अपनाना पड़ता है। तब कहीं जाकर अधिगम के उद्देश्य की प्राप्ति होती है। जिसके लिए मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने सृष्टि के प्रारम्भ से ही स्वाध्याय और प्रवचन की अनिवार्यता पर बल दिया है।[6] व्यवहारिक पक्ष में भी यदि देखा जाए तो महर्षि का यह चिंतन सारगर्भित प्रतीत होता है, जिसमें इन भावों को प्रधानता दी गई है की बालक के अंतर्निहित संवेगों की अभिव्यक्ति केवल मात्र प्रवचन की प्रणाली द्वारा ही संभव हो सकती है-

ॐ सुकेशा च भारद्वाजः, शैव्यश्च सत्यकामः सौर्यायणी च गार्ग्यः कौसल्यश्चाश्वलायनो भार्गवो वैदर्भिः कबन्धी कात्यायनस्ते हैते ब्रह्मपरा ब्रह्मनिष्ठाः परं ब्रह्मान्वेषमाणा एष ह वै तत्सर्वं

वक्ष्यतीति ते ह समित्पाणयो भगवन्तं पिप्पलादमुपसन्नाः ।।[7]

स्वाध्याय और प्रवचन नामक शिक्षणाभ्यास की इस प्रणाली में गुरु का सान्निध्य महत्वपूर्ण माना गया है। बिना गुरु के सानिध्य के छात्र के संशयात्मक वृत्ति का विनाश संभव नहीं है। जैसा कि प्रश्नोपनिषद् द्वारा ज्ञात होता है कि शिष्य (जिज्ञासु) परब्रह्मतत्व स्वरूप परमात्मा के विषय में अपनी जिज्ञासा के समाधान हेतु महर्षि पिप्पलाद को सान्निध्य प्रदान करने की विनती करते हैं-

तान् ह स ऋषिरुवाच भूय एव तपसा ब्रह्मचर्येण श्रद्धया संवत्सरं संवत्स्यथ यथाकामं प्रश्नान् पृच्छत यदि विज्ञास्यामः सर्वं ह वो वक्षाम इति।।[8]

तथा विनीत छात्रों को अपना सानिध्य प्रदान कर उनकी ब्रह्म ज्ञान विषयक जो जिज्ञासा होती है उसका समाधान प्रस्तुत करते हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि तत्त्वान्वेषी की सहायता करने में गुरु का विशेष महत्व है जिसे दूरस्थ शिक्षा प्रणाली में भी महत्ता प्रदान की गई है। इस विषय से संबंधित हिंदी साहित्य में उक्ति है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। कहा गया है -

गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय।
बलिहारी गुरु आपने जिन गोविन्द दियो बताय।।

कहने का तात्पर्य यह है कि गुरु और भगवान दोनों ही मेरे सम्मुख खड़े हैं, परंतु गुरु ज्यादा श्रेयस्कर क्योंकि गुरु ने ही ईश्वर को जानने का मार्ग दिखाया है। गुरु अपने अलौकिक तेज से अपने समीप शिक्षा ग्रहण करने आए हुए जिज्ञासु बालक के अंतः करण में विद्यमान संताप का हरण कर सन्मार्ग की ओर प्रवृत्त करता है। जिससे वह जिज्ञासु बालक आत्मनिर्भरता को प्राप्त हो सके, अपने आश्रितों का भरण पोषण तथा जिस समुदाय का वह अभिन्न अंग है उस समुदाय के कल्याण में प्रयत्नशील रहता हुआ आत्मा अभ्युदय को प्राप्त कर सकें। इसीलिए अनादि काल से ही गुरु के महिमामंडित स्वरूप को पूर्वाचार्य ने ब्रह्मा विष्णु और महेश के नाम से अलंकृत किया है-

गुरुर्ब्रह्मागुरुर्विष्णुःगुरुर्देवोमहेश्वरः।
गुरुरेव परंब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः।।

वेदाध्ययन के लिए गुरुमुखोच्चारणानुच्चारण परम्परा की विधि का उल्लेख ऋग्वेद प्रातिशाख्य में मिलता है जिसमें आचार्य शौनक ने वर्ण-पद-संधि-स्वर-छन्द और क्रम पाठ से सम्बन्धित सिद्धान्तों को विवेचित करने के साथ-साथ अध्यापन के व्यवहारिक पक्ष को वेदरूप अपौरुषेय शब्दावली को संरक्षित करने की विधा के रूप में निरूपित किया है।

वेदाध्ययन का अधिकारी कौन होगा इस विषय में आचार्य शौनक ने कहा है कि पात्रता-अपात्रता का ध्यान किए बिना किसी भी व्यक्ति को वेदाध्ययन का अधिकार नहीं देना चाहिए या नहीं दिया जाना चाहिए और न ही कोई सामान्य व्यक्ति वेद का अध्यापक बन सकता है। इसके लिए आचार्य को यह अधिकार दिया गया है कि अध्ययन के प्रति इच्छुक बालक को अन्तेवासी के रूप में प्रतिष्ठित करने से पूर्व इस सम्बन्ध में उसकी पात्रता का मूल्यांकन अवश्य कर लेना चाहिए, जिससे ऐसा न हो कि अनधिकारी को वेदाध्ययन के लिए प्रवेश

मिल जाए। इस सम्बन्ध में आचार्य शौनक ने शिष्य की पात्रता के विषय में स्पष्ट निर्देश दिए हैं। ऋग्वेद में वेदाध्ययन की पात्रता रखने वाले वेदाध्यायी के लिए शिक्षमाणं शब्द का प्रयोग किया है।

आचार्य शौनक ने स्पष्ट तो कुछ उल्लेख नहीं किया है परंतु इतना अवश्य निर्दिष्ट किया है कि गुरु उन्हीं बालकों को अंतेवासी के रूप में अपना सानिध्य प्रदान कर वेद की विभिन्न शाखाओं का पाठ पढ़ाएं, जिनके मन में गुरु के प्रति पूर्ण श्रद्धा और तपश्चर्या व्रत को धारण करने की क्षमता विद्यमान हो।[10] वस्तुतः वही व्यक्ति वेदा अध्ययन का अधिकारी है जिसमें गुरु के प्रति पूर्ण आस्था तथा धर्मशास्त्र द्वारा निर्दिष्ट मर्यादाओं के अनुपालन का भाव हो। ऋग्वेद के एक मंत्र में एक ऐसे ब्रह्मचारी का उल्लेख किया गया जो विद्या ग्रहण करने के लिए सर्वत्र ब्रह्मज्ञानियों के पास जाता हुआ देवताओं का अंग बनता है।[11] निरुक्तकार यास्क ने विद्यासूक्त में विद्यार्थी के स्वरूप और उसकी पात्रता का विश्लेषण करते हुए कहा है कि जो शिष्य विद्या को घृणा की दृष्टि से देखता है अर्थात प्राप्त ज्ञान का उपहास करते हुए उसका प्रयोग विध्वंसकारी प्रवृत्तियों के विकास के लिए करता है तथा कुटिल और असंयमी है अर्थात धर्मशास्त्र प्रतिपादित आचार संहिता के अनुरूप अपना जीवन व्यतीत नहीं करता, ऐसे शिष्य को विद्यादान नहीं करना चाहिए-

असूयकायानृजवेऽयताय न मा ब्रूया वीर्यवती यथा स्याम्।.....
यमेवविद्याः शुचिमप्रमत्तं मेधाविनं ब्रह्मचर्योपपन्नाम्।
यस्ते न द्रुह्यत्कतमच्चनाह तस्मै मा ब्रूया निधिपाय ब्रह्मन्।[12]

मुण्डकोपनिषद् में विद्या ग्रहण की योग्यता को निर्धारित करते हुए महर्षि ने कहा है कि शरण में आए हुए वेदाध्ययन के इच्छुक ऐसे बालकों को जो पूर्णतः शांत और निश्छल हो सांसारिक भोगों से सर्वथा वैराग्य हो जाने के कारण जिनके चित्त में किसी भी प्रकार की चिन्ता, व्याकुलता या विकार नहीं रह गये हों, जिसने अपने मन बुद्धि और समस्त इंद्रियों को भली-भांति वशीभूत कर लिया हो को विद्या दान करने में आपत्ति नहीं करनी चाहिए-

तस्मै स विद्वानुपसन्नाय सम्यकप्रशान्तचित्ताय शमन्विताय।
येनाक्षरं पुरुष वेद सत्यं प्रोवाच तां तत्त्वतो ब्रह्मविद्याम्। [13]

वेदाध्ययन की प्रक्रिया में अर्थबोध से कहीं अधिक आवश्यकता उच्चारण गत दोष के परिहार की है, जिससे त्वष्टा की बाधा[14] की पुनरावृत्ति न हो पाए, जैसा कि "इन्द्रशत्रुर्वर्धस्व" का उच्चारण अंतोदात्त की अपेक्षा आद्युदात्त स्वर में हो गया, जिसके फलस्वरूप वृत्रासुर का विनाश और इंद्र की वृद्धि हुई-

मन्त्रो हीनः स्वरतो वर्णतो वा मिथ्या प्रयुक्तो न तदर्थमाह ।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात् ।। [15]

इस प्रकार उच्चारण का बहुत महत्व है इस में अशुद्धि होने से अर्थ का अनर्थ भी हो जाता है। इससे बचने के लिए शिक्षाशास्त्रज्ञों ने वर्णोच्चारण की विधा को स्पष्ट करने का सफल प्रयत्न किया। साथ ही साथ **"उदात्तस्य स्थाने अनुदात्तं ब्रूते खण्डिकोपाध्यायः तस्मै शिष्याय चपेटिकां ददाति"** के द्वारा यह निर्देश दिया कि गुरु उदात्त के स्थान पर अनुदात्त स्वर का उच्चारण करने वाले शिष्य के मुंह पर चपेटा मारकर

उसके उच्चारण में संशोधन कराएं।

सायणाचार्य ने ऋग्वेदभाष्यभूमिका में ₹स्वरवर्णाद्युच्चारण प्रकारो यत्र शिक्ष्यते सा शिक्षा₹ के द्वारा उपदेश दिया है। जिसमें गुरु मुख से उच्चारित शब्दों के अनुच्चारण का विधान है, जिसके कारण वेद को अनुश्रव नाम में इंगित किया गया है। वेदाध्ययन की उच्चारण विधा के संबंध में पूर्व मीमांसा आचार्यों ने एकमत से यह निर्णय दिया है कि गुरु के मुख से उच्चारित वेदराशि को उसी रीति (वर्ण तथा उदात्तादि स्वर के अनुकरण) से उच्चारण करने को अध्ययन कहते हैं। इस अध्ययन परम्परा में श्रवण और उच्चारण की मुख्यता होने के कारण वेद के लिए श्रुति शब्द भी अत्यन्त प्रसिद्ध है। श्रुति परम्परा के अन्तर्गत शिष्य की क्षमता के अनुसार गुरु मन्त्रांश यह पूरे मन्त्र का उच्चारण करता है तदनन्तर गुरु के उच्चारण का पूर्ण अनुकरण करता हुआ शिष्य उस मन्त्रांश या मन्त्र का उच्चारण करता है।

सन्दर्भ -

1. वैदिक शिक्षा पद्धति
2. ब्रह्मसूत्र 1/1/23
3. तैत्तिरीयोपनिषद्
4. वैदिक शिक्षा पद्धति (डा. भास्कर मिश्र)
5. बृहदारण्यकोपनिषद् 2/4/5
6. वैदिक शिक्षा पद्धति (डा. भास्कर मिश्र)
7. प्रश्नोपनिषद् 1/1
8. प्रश्नोपनिषद् 1/2
9. शाक्तस्येव वदति शिक्षमाणः। ऋग्वेद 7/103/5
10. गुरुः शिष्येभ्यस्तदनुव्रतेभ्यः । ऋग्वेद प्रातिशाख्य
11. ब्रह्मचारी चरति वेविषद्विषः स देवानां भवत्येकमङ्गम्। ऋग्वेद 10/109/5
12. निरुक्त 2/1/4
13. मुण्डकोपनिषद् 1/2/3
14. पाणिनीय शिक्षा 6/1/223,6/2/1
15. पाणिनीय शिक्षा 52
16. पतञ्जलि महाभाष्य 1/1/1
17. ऋग्वेद भाष्य भूमिका पृ. 49
18. गुरुमुखोच्चारणानूच्चारणमध्ययनम्। गुरुक्तं श्रुणुयान्मन्त्रं तूष्णीं पश्चादनुच्चरेत्।। सम्प्रदायप्रबोधिनी शिक्षा-18
19. श्रुतिस्तु वेदो विज्ञेयः। मनुस्मृति 2/10

वेदों में पारिस्थितिकी संरक्षणोपाय

· डॉ. पूजा जायसवाल*

शोधसार –

भारतीय संस्कृति में पर्यावरण को विशेष महत्त्व दिया गया है। प्राचीनकाल से ही भारतीय संस्कृति में पर्यावरण के अनेक संघटकों जैसे वृक्षों को पूज्य मान कर उनकी पूजा की जाती है। पीपल के वृक्ष को पवित्र माना जाता है। जल, वायु, अग्नि को भी देव मानकर उनकी पूजा की जाती है। समुद्र नदी को भी पूजन योग्य माना गया है। गंगा, सिन्धु, सरस्वती, यमुना, गोदावरी, नर्मदा जैसी नदियों को पवित्र मानकर पूजा की जाती है। धरती को भी माता कहा गया है। प्राचीन काल से ही भारत में पर्यावरण के विभिन्न घटकों की पूजा होती है। आर्ष वैदिक परम्परा पर्यावरण के प्रति अत्यन्त जागरूक रही है ताकि मानव दीर्घायु, यश, स्वास्थ्य को प्राप्त कर सके। अथर्ववेद में ऋषि कामना करते हैं कि ''आयुः प्राणं प्रजां पशुः''[1] ऋग्वेद में भी यही चिंतन दृष्टिगोचर होता है 'शतां जीवतु शरदः'[2] इतना ही नहीं वह ऋषि आशीर्वाद प्राप्त करता है कि न केवल सौ वर्ष तक जिएँ, प्रत्युत आरोग्यता और बल के साथ जिएँ। हम सौ वर्ष पर्यन्त ज्ञान शक्ति का विकास करें, सौ वर्ष तक जीवन को ज्ञान के अनुकूल विकसित करें, सौ वर्ष तक वेद को सुनें और प्रवचन करें और आयु भर किसी के पराधीन न रहें।

तच्चक्षुर्देवहितं शुक्रमुच्चरत्।
पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतम्।।[3]

बीजशब्द – पर्यावरण, संस्कृति, देवता, वनस्पतियाँ, ऋषि, संवर्धन, पोषण, संरक्षण, प्रदूषण, अन्योन्याश्रित, संतुलन, पराकाष्ठा, तृष्णा।

प्रकृति के पाँच तत्त्व जल, अग्नि, आकाश एवं पृथ्वी पर्यावरण के अभिन्न अंग हैं जिनका आपस में गहरा सम्बन्ध है। इन पाँच तत्त्वों में किसी एक का भी असंतुलन पर्यावरण के लिए अपूरणीय क्षतिकारक और विनाशकारी है। पर्यावरण के जैविक संघटकों में सूक्ष्म जीवाणुओं से लेकर कीड़े-मकोड़े सभी जीव जन्तु और पेड़-पौधे आ जाते हैं और इसके साथ ही उनसे जुड़ी सारी जैविक क्रियाएं और प्रक्रियाएँ भी। अजैविक संघटकों में जीवन रहित तत्त्व और उनसे जुड़ी प्रक्रियाएँ आती हैं जैसे चट्टानें, पर्वत, नदी, हवा और जलवायु के तत्त्व इत्यादि।

*सहायक अध्यापिका, संविलयित विद्यालय, अतरौलिया, आजमगढ़

''पर्यावरण अपनी सम्पूर्णता में एक इकाई है जिसमें अजैविक और जैविक संघटक आपस में विभिन्न अन्तर क्रियाओं के द्वारा सम्बन्ध और अन्तर गुम्फित होते हैं। इसकी यह विशेषता है कि इसे एक परितन्त्र का रूप प्रदान करती है, क्योंकि पारिस्थितिक तन्त्र या पारितन्त्र पृथ्वी के किस क्षेत्र में समस्त जैविक और अजैविक तत्त्वों के अन्तर्सम्बन्धित समुच्चय को कहते हैं। अतः पर्यावरण भी एक परितन्त्र है।''

-रविन्द्र सिंह, जैव भूगोल प्रयाग पुस्तक भवन।

प्रकृति के प्रत्येक घटक में शांति की कामना तत्कालीन ऋषियों की सामाजिक एवं पर्यावरणीय सद्भावना का द्योतक है। जिससे स्पष्ट होता है कि वैदिक कालीन ऋषि पर्यावरण के प्रत्येक रूप की सुरक्षा, संरक्षा तथा संतुलन के प्रति कितने सजग थे-

द्यौ शान्तिरंतरिक्षः शान्ति पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्ति।
वनस्पतयः शान्तिर्विश्वे देवः शान्तिब्रह्म शान्तिः सर्वं शान्ति
शान्तिरेव शान्तिः सा मा शान्तिरेधि।।[4]

ऋषि कहते हैं संपूर्ण जैव मण्डल का नियमन और सम्मान ही इसका संरक्षण और सुरक्षा है- **न यद्यामाय वो गिरिर्नि सिन्धवो विद्यर्मणे महे शुष्माय येमिरे।**[5] यजुर्वेद में ऋषि निर्देशित करते हैं कि **यस्या हृदयं परमे व्योमन्।**[6] अर्थात् जिस प्रकार हृदय की धड़कन पर प्राणी का जीवन निर्भर है, उसी प्रकार अन्तरिक्ष (परम व्योम) की सुरक्षा में ही पृथ्वी और पर्यावरण की सुरक्षा है।

पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए जिन देवताओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका है उनमें- सूर्य, वायु, वरुण, जल एवं अग्नि देवताओं से रक्षा की कामना की गई है।

शं नो देवा विश्वेदेवा भवन्तु शं सरस्वती सह धीमिरस्तु।
शमभिषाचः शमु रातिषाचः शं नो दिव्याः पार्थिवाः शं नो अप्याः।।[7]

पर्यावरण को सुरक्षित रखने की उदात्त भावनाएँ हमें अनेक स्थलों पर देखने को मिलती हैं यथा-

स्वस्ति नो मिमीतामश्विना भगः स्वस्ति देव्यदितिरनर्वणः।
स्वस्ति पूषा असुरो दधातु नः स्वस्ति द्यावापृथिवी सुचेतुना।।[8]

तथा-

विश्वे देवा नो अद्या स्वस्तये वैश्वानरो वसुरग्निः स्वस्तये।
देवा अवन्त्वृभवः स्वस्तये स्वस्ति नो रुद्रः पात्वंहसः।।[9]

तथा-

स्वस्ति मित्रा वरुणा.....।[10]

इसी प्रकार-

'स्वस्ति नो दिवो अग्ने पृथिव्या विश्वायुद्येर्हि यजयाय देव।[11]

ज्योतिर्मय अग्नि हम लोगों के लिए सुखकर हो, शीघ्र चलने वाली वायु हम लोगों के लिए सब ओर से सुख रूप होकर बहे।

शं नो अग्निव्योतिरनीको अस्तु शं नो मित्रावरुणावश्विना शम्।
शं नः सुकृतानि सन्तु शं न इषिरो अभि वातु वातः।।[12]

वह आकाश में बहुत से पदार्थ रखे जाते हैं, हमारे लिए सुख करने वाला हो यथा-

शं नो अगः शमु नः शमो अस्तु शं नः पुरन्धिः शमु सन्तु रायः।
शं नः सत्यस्य सुयमस्य शंसः शं नो अर्यमा पुरुजातो अस्तु।।[13]

पवन हमारे लिए सुखकारी चले बिजली और गरज के साथ शब्द करते हुए पर्जन्य (मेघ) देव की वर्षा कल्याणकारी हो, सूर्य हमारे लिए सुखकारी तपे।

शन्नो वातः पवतां शन्नस्तपतु सूर्यः।
शन्नः कनिक्रदद्देवः पर्जन्योऽअभि वर्षतु।।[14]

इसी तारतम्य में वैदिक ऋषियों ने पर्वतों, वृक्षों, वनस्पतियों एवं पशुओं को प्रजाजनों के लिए सुखस्वरूप होने की कामना की है। हमारी शांति के लिए पर्वत निश्चल हों।[15] वनों के वृक्ष हमारे लिए सुखरूप हों।[16] घोड़े और गाय हमारे लिए सुखरूप हों।[17]

पशु-पक्षियों आदि को देवताओं के साथ जोड़कर जैव-विविधता को अनायास संरक्षित तथा संवर्धित करना वैदिक परम्परा का अभिन्न अंग था। वृक्ष के किसी अंग का उपयोग करने में पूर्व उसके समक्ष श्रद्धावनत होकर कुछ प्रार्थना एवं याचना का भाव वैदिक परम्परा में ही मिलता है। यजुर्वेद में प्रार्थना करते हुए ऋषि ने अनायास ही एक संतुलित पर्यावरण की संकल्पना प्रस्तुत कर दी है-

मधु वाताऽऋतायते मधु सरन्ति सिन्धवः। माध्वीर्नः सन्त्वोषधिः।।[18]

रात मधुर हो प्रभात भी। पृथ्वी, द्यौ, वनस्पतियाँ सूर्य और गौवें मधुर हों-

मधुमान्नो वनस्पतिर्मधुमाँ २।। ऽअस्तु सूर्यः। माध्वीर्गावो भवन्तु नः।। [19]

ऐसी ही भावाभिलाषा अथर्वेद में भी प्राप्त होती है। हमें अन्तरिक्ष अभय करें, द्यावा, पृथ्वी, नीचे-ऊपर, आगे-पीछे, मित्र-शत्रु, ज्ञात-अज्ञात, रात-दिन और समस्त दिशाओं से अभय की प्राप्ति हो।

''अभयं नः करत्यन्तरिक्षमभयं द्यावापृथिवी उभे इमे।
अभयं पश्चादभयं पुरस्तादुत्तरादधरादभयं नो अस्तु।।
अभयं मित्रादभयममित्रादभयं ज्ञातादभयं परोक्षात्।
अभयं नक्तमभयं दिवा नः सर्वा आशा मम मित्रं भवन्तु।।''[20]

जल भी पृथिवी एवं वनस्पतियों के समान एक महत्त्वपूर्ण पर्यावरणीय घटक है। जल के बिना जीवन अकल्पनीय है। जल सृष्टि निर्माणक तत्वों में मूल तत्त्व है जिससे समस्त सृष्टि का संवर्धन, पोषण एवं संरक्षण होता है। अथर्ववेद में जलस्रोतों की शुद्धि के संदर्भ में कहा गया है कि कुएँ आदि जल स्रोतों को गन्दा न करें। इस संदेश के साथ राजा को यथावत् प्रबन्ध करने के लिए कहा गया है-

''मा विर्भेन मरिष्यसि जदरष्टिं कृणोमि त्वा।
निरवोचमहं यक्ष्ममङ्गेभ्यो अङ्गज्वरं तव।।''[21]

ऋग्वेद में जल की महिमा का गुणगान करते हुए कहा गया है- जल उत्कृष्ट माता है, क्योंकि इससे पर्यावरण का निर्माण ही नहीं अपितु पालन भी होता है।

'अम्बयो यन्त्यध्वभिर्जामयो अध्वरीयताम्। पृञ्चतीर्मधुना पयः।।' [22]

जल अमृतमय है, जल महा औषधि है-

'अप्स्व १न्तरमृतमप्सु भेषजमपामुपत प्रशस्तये।' [23]

वैदिक ऋचाएँ जल को दुरित निवारक एवं पापं शोधक कहकर जल के पर्यावरणीय महत्त्व का गुणगान करती हैं-

''इदमापः प्र वहत यत्किं च दुरितं मयि।
यद्वाहमभिदुद्रोह यद्वा शेप उतावृतम्।।''[24]

ऋग्वेद के दशम् मण्डल में भी जल के गुणों का प्रतिपादन मिलता है-

''तस्मा अरं गमाम वो यस्य क्षयाय जिन्वथ।
आपो जनयथा च नः।।''[25]

अथर्ववेद के भूमि सूक्त में जल से प्रार्थना की गई है कि यह हमारे शरीर को सदा पवित्र बनाए रखे-

'शुद्धा न आपस्तन्वे क्षरन्तु' [26]

ऋग्वेद में प्रार्थना की गई है कि नदी, समुद्र और जल हमारे लिए सुखप्रद हों-

'शं नः सूर्य उरुचक्षा उदेतु शं नश्चतस्रः प्रदिशो भवन्तु।
शं नः पर्वता ध्रुवयो भवन्तु शं नः सिन्धवः शमु सन्त्वापः।।' [27]

यजुर्वेद में याचना की गई है कि पीने काजल और वर्षा का जल हमारे लिए कल्याणकारी हो-

''शन्नो देवीरभिष्टयऽआपो भवन्तु पीतये। शंयोरभि स्रवन्तु नः।। [28]

वन किसी भी राष्ट्र की मूल्यवान सम्पत्ति हैं। पर्यावरण के संरक्षक हैं, क्योंकि वनों से कच्चे पदार्थ लकड़ियाँ सूक्ष्मजीवों के लिए आवास, मृदा अपरदन से बचाव, भूमि जल में वृद्धि होने के साथ ही साथ जीवन के लिए अत्यधिक महत्त्वपूर्ण प्राणवायु भी प्राप्त होती है। वैदिक वाङ्मय में पर्यावरण के अभिन्न अंग वन, वृक्षों एवं वनस्पतियों की स्तुति अनेकशः की गई है। ऋग्वेद का औषधि सूक्त (1/187 तथा 10/97) तो ऐसे ही मन्त्रों से युक्त है वैदिक ऋषि वनस्पतियों के पर्यावरण शोधन के गुणों से भली-भाँति परिचित थे-

''अदृष्टान्हन्त्यायत्यथो हन्ति परायती। अथो अवघ्रती हन्त्यथो पिनष्टि पिंषती।।''[29]

वनस्पतियों के प्रभाव व गुणों का बखान करते हुए वैदिक ऋषि कहते हैं कि जहाँ भी प्रदूषण होता है वह उसे बाहर निकाल देती हैं।

''उन्मुञ्चन्तीर्विवरुणा उग्रा या विषदूषणीः।
अथो बलासनाशनीः कृत्यादूषणीश्च यास्ता इहा यन्त्वोषधीः।।''[30]

हमारे चिंतनशील मनीषियों ने वृक्षों एवं वनों की रक्षा करने वालों का विशेष सम्मान करने तथा उन्हें सतत् अन्न, धन देने का संदेश दिया है। इसीलिए अथर्ववेद के भूमि सूक्त में ऋषि ने भूमि से भी कहा है कि

तुम्हारे जङ्गल हमारे लिए सुखदायी हों।

भूमिष्टद्वा पातु हरितेन विश्वभृदग्निः पिपत्र्वयसा सजोषाः।
वीरुद्भिष्टे अर्जुनं संविदानं दक्षं दधातु सुमनस्यमानम्।।[31]

पृथ्वी के अत्यधिक महत्व का प्रतिपादन आधुनिक पर्यावरणविदों ने किया है भूमि अथवा मृदा सर्वाधिक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय घटक हैं। वेदों में धरती को माता कहकर आदर दिया गया है।

अस्मे वोऽअस्त्विन्द्रियमस्मे नृम्णमुत क्रतुरस्मे वर्चांसि सन्तु वः।
नमो मात्रे पृथिव्यै नमो मात्रे पृथिव्याऽइयं ते राऽयम्तासि यमनो ध्रुवोऽसि
धरुणः। कृष्यै त्वा क्षेमाय त्वा रय्यै त्वा पोषणाय त्वा।।''[32]

यजुर्वेद में भूमि संरक्षण सम्बन्धी विचार उपलब्ध हैं यहाँ कामना करते हुए संदेश दिया गया है कि भूमि को अपने दुष्कर्मों से न बिगाड़ें, उस को प्रदूषित करना उसके प्रति हिंसा है। भूमि की हिंसा हम और हमारी भूमि न करें।

''अग्नये गृहपतये स्वाहा सोमाय वनस्पतये स्वाहा मरुतामोजसे।
स्वाहेन्द्रस्येन्द्रियाय स्वाहा। पृथिवी मातर्मा मा हिंसीर्मोऽअहं त्वाम।।''[33]

अथर्ववेद में ऋषि कहते हैं कि सब का पालन करने वाली भूमि की उपजाऊ शक्ति को नष्ट ना होने दें। हे भूमि! हम तेरी खुदाई करें, वह शीघ्र भर जाए, हम तेरी हिंसा ना करें।

''यच्छयानः पर्यावर्ते दक्षिणं सव्यमभि भूमे पार्श्वम्।
उत्तानास्त्वा प्रतीचीं यत्पृष्टीभिरध्याशेमहे।
या हिंसीस्तत्र नो भूमे सर्वस्य प्रतिशीवरि।।
यत्ते भूमि विखनामि क्षिप्रं तदपि रोहतु।
म ते मर्म विमृग्वरि मा ते हृदयमर्पिपम्।।'' [34]

भूमि सूक्त के ऋषि हमें बताते हैं कि निवास योग्य तथा विभिन्न कार्यों के प्रयोग होने वाली भूमि का संरक्षण करने से वह सुखद होती है। हे भूमि! तुम्हारी पहाड़ियाँ, हिमाच्छादित पर्वत, वन, पुष्टि देने वाली भूरे रंग की मिट्टी, कृषि योग्य काली मिट्टी, उपजाऊ लाल मिट्टी, अनेक रूपों वाली, सबका आश्रयस्थान, स्थिर भूमि पर अजेय, अवध्य और अक्षत रहकर हम निवास करें।

''बभ्रुं कृष्णां रोहिणीं विश्वरूपां ध्रुवां भूमिं पृथिवीमिन्द्रगुप्ताम्।
अजीतोऽहतो अक्षतोऽध्यष्ठां पृथिवीमहम्।।'' [35]

भूमि सूक्त के ऋषि प्रार्थना करते हुए कहते हैं कि यज्ञ भूमि में देवताओं के लिए हम अलंकृत हव्य प्रदान करें। उसी भूमि में मरणशील मनुष्य स्वधा और अन्न से जीवन धारण करते हैं। वह भूमि हमें वृद्धावस्था तक प्राण प्रद वायु प्रदान करें। पृथ्वी की गोद हमारे लिए निरोग और रोग रहित हो। दीर्घकाल तक जागते हुए हम अपने जीवन को इसकी सेवा में लगायें।

''उपस्थास्ते अनमीवा अयक्ष्मा अस्मभ्यं सन्तु पृथिवि प्रसूताः।

दीर्घं न आयुः प्रतिबुध्यमाना वयं तुभ्यं बलिहृतः स्याम।।'' [36]

वेदों में मनुष्य को समृद्ध बनाने वाली उर्वरा भूमि के लिए कृष्को एवं वैज्ञानिकों को प्रेरणा दी गई है कि उसकी उर्वरा शक्ति बनाए रखने के लिए पर्यावरण प्रदूषित करने वाले खाद के स्थान पर गोबर खाद प्रयुक्त खेती को ही उत्तम फलवती मानकर, मधुर अन्न उत्पन्न करने वाले खाद के स्थान पर उन्नत करें। बार-बार बुआई से भूमि की उर्वरा शक्ति नष्ट होने की ओर संकेत किया गया है कि सब कुछ देने वाली जिस विस्तृत भूमि की जागरूक विविध व्यवहारों में कुशल विद्वान् प्रजाजन प्रमादरहित होकर रक्षा करते हैं, उस भूमि को हम प्रिय मधु दिया करें तथा हम उसके तेज को बढ़ायें।[37] जल, भूमि, वनस्पति, जीव-जन्तु तथा प्रकृति सभी एक दूसरे के अन्योन्याश्रित एवं हितसाधक हैं, मनुष्य के शुभैषी हैं अतः मनुष्य का नैतिक धर्म है कि वह एक पर्यावरणीय पदार्थों का आवश्यकतानुसार उपयोग करने के साथ ही इनके संरक्षण में भी निरत रहे। वैदिक संस्कृति में प्रकृति प्रेम और उसका संरक्षण एक महत्त्वपूर्ण कार्य है। भूमि को प्रदूषण से बचाने के लिए हरियाली के प्रयोग की ओर संकेत किया गया है। नदियाँ प्रदूषण रहित हो, ऐसी उदात्त कामना की गई है। जल और वायु की शुद्धि के लिए वनौषधि और यज्ञ को उपयुक्त माना गया है। आकाशीय शब्द की तीव्रता और मन्दता का प्रभाव पर्यावरण पर पड़ता है। संतुलित प्रयोग एवं मौन साधना तथा वाणी के संयम से किसी भी प्रकार की तीव्र ध्वनि का विस्तार रोका जाना चाहिए।

वैदिक ऋषियों ने परिस्थितिकालीन विश्लेषण की पराकाष्ठा को प्राप्त कर पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेक सरल तथा सामाजिक आचार-व्यवहार के लिए हितकारी नियमों का प्रतिपादन किया था, जिनका उद्देश्य था कि समाज का प्रत्येक सदस्य अपने दैनन्दिन कर्म के संपादन के साथ ही इस महत्त्वपूर्ण संरक्षण क्रिया में जाने-अनजाने अपना योगदान करता रहे।

ज्ञानालोक से आलोकित वैदिक ऋषि अद्वितीय वैज्ञानिक, अनुसंधानकर्ता, मानवता के शुभैषी तथा दूरदृष्टा थे। वे प्रकृति द्वारा स्थापित कोई भी वस्तु अथवा विधान निरर्थक नहीं है इस सत्य से न केवल भली-भाँति परिचित है अपितु पूर्णरूपेण उसकी अनुज्ञा में चलने वाले थे। ऋग्वेद में ऋषि इसी प्रकार की चिंता करते हुए कहते हैं कि पर्यावरण को जब मनुष्य अपनी भोगतृष्णा से दूषित करता है तब यह प्रकृति उसके सिर को झुका देती है। ऐसे विनाश की ओर जाने वाले विश्व के लिए यह प्रकृति सुज्ञेय एवं सुखकारी नहीं होती।

प्रिया तष्टानि मे कपिव्यक्ता व्यदूदुषत्।
शिरो न्वस्य राविषं न सुगं दुष्कृते भुवं विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः।।''[38]

प्रकृति पर विजय प्राप्त करने अथवा उसके निर्मम दोहन का भाव वैदिक परम्परा की चिंतनशील एवं संवेदनशील धारा को शुरू से ही अस्वीकार्य रहा है। गीता में इस सिद्धान्त का स्पष्ट उल्लेख है कि जब कोई व्यक्ति किसी से कुछ प्राप्त करता है किन्तु उसे किसी रूप में लौटाने का उत्तरदायित्व पूरा नहीं करता तो वह चोर सदृश हो जाता है-

इष्टान्भोगान्हि वो देवा दासयंत यज्ञभाविताः। तैर्दत्तान प्रदायैभ्यो यो भुङ्क्ते स्तेन एव सः।।[39]

वस्तुतः वैदिक विषयों का चिन्तन पर्यावरण के प्रत्येक घटक के साथ मैत्री भावना से युक्त था।

इसीलिए उन्होंने मैत्री भावना की ही कल्पना नहीं की वरन् मनुष्य की प्रकृति के प्रति तथा प्रकृति मनुष्य के प्रति मैत्री भावना को व्यवहारिक धरातल पर कृतार्थ किया-

''मित्रस्यना चक्षुषा सर्वाणि भूतानिसमीक्षंताम।
मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे। मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे।।''[40]

अर्थात् सब जीव मेरी ओर मित्रता की दृष्टि से देखें। मैं सब की ओर मित्रता की दृष्टि से देखूँ। सब एक दूसरे की ओर मित्रता की दृष्टि से देखें। निष्कर्षतः क्रियात्मक अध्यात्म का परिपालन, विरासत की सुरक्षा और तृष्णा पर अंकुश लगाकर ही पर्यावरण को बचाया जा सकता है। आज आवश्यकता है प्रदूषणरहित तकनीकि की। विवादहीन प्रगति ही सही विकास है। आज पूरा विश्व पर्यावरण पर चिंतन कर रहा है, हम आशा करते हैं कि आने वाली सदी प्रदूषण रहित पर्यावरण की सदी होगी।

सन्दर्भ -

1. अथर्ववेद 19/71/1
2. ऋग्वेद 10/18/4
3. ऋग्वेद 7/66/16
4. शुक्ल यजुर्वेद 36/17
5. ऋग्वेद 8/7/5
6. यजुर्वेद 12/8
7. ऋग्वेद 7/35/11
8. वही 5/51/11
9. ऋग्वेद 5/51/13
10. वही 5/51/14
11. वही 10/7/1
12. वही 7/35/14
13. वही 7/35/2
14. यजुर्वेद 36/10
15. ऋग्वेद 7/35/3, 8
16. वही 7/35/15
17. वही 7/35/12
18. यजुर्वेद 13/27
19. वही 13/29
20. अथर्ववेद 19/15/5-6
21. वही 5/31/8
22. ऋग्वेद 1/23/16
23. वही 1/23/19
24. वही 1/23/22
25. वही 10/9/3
26. अथर्ववेद भूमिसूक्त
27. ऋग्वेद 7/35/8
28. यजुर्वेद 36/12
29. ऋग्वेद 1/191/2
30. अथर्ववेद 8/7/10
31. वही 5/28/5
32. यजुर्वेद 9/22
33. यजुर्वेद 10/23
34. अथर्ववेद 12/1/34-35
35. वही 12/1/11
36. वही 12/1/62
37. अथर्ववेद 19/31/2 तथा 12/17
38. ऋग्वेद 10/86/5
39. श्रीमद्भग्वद्गीता 3/12
40. यजुर्वेद 36/18

काव्यशास्त्रीय ग्रन्थों में वर्णित रसविरुद्धत्व

· सोनाली बाजपेई*

शोधसार –

काव्य की आत्मा के रूप में प्रतिष्ठित रस का आस्वादन कुछ विरले सहृदय सामाजिक ही किया करते है, यह रसास्वादन उन्हे तभी हो पाता है जब उनके हृदय में काव्यपरिशीलन से सत्व का उद्रेक हो जाये, इसे यदि किसी भी अन्य अनुभव के समान बताया जा सके तो वह अनुभव एकमात्र आत्मसाक्षात्कार ही हो सकता है अन्य नही । परन्तु कवि को काव्य सृजन की प्रक्रिया में रस के साथ ही उसको क्षीण करने वाले तत्वों का ज्ञान होना भी आवश्यक है । प्रस्तुत शोध पत्र में काव्य की शोभा को न्यून करने वाले इन्ही रस विरोधी तत्वों का विवेचन किया गया है ।]

बीजशब्द – रस, ध्वन्यालोक, साहित्यदर्पण, नाट्यदर्पण, रसार्णव सुधाकर, अलौकिक, विरोध, महाकाव्य कवि ।

संस्कृत वाङ्मय रूपी अगाध समुद्र में, काव्य रसमयी मन्दाकिनी सहृदय सामाजिक को अलौकिक रसपान रूपी अमृतत्व की अनुभूति कराते हुये प्रवेश करती है, सहस्र वर्षो से प्रवाहित यह रसमयी धारा निरन्तर विस्तृत्व तथा सुबोधत्व को प्राप्त कर, काव्यरसिक मण्डली को आह्लादकत्व प्रदान करती जाती है । काव्य प्रयोजन गणना में रसस्वाद प्रमुख प्रयोजन बताया गया है, आचार्य अभिनवगुप्त के अनुसार रस अलौकिक है, क्योंकि वह लौकिक परिस्थितियों में बद्ध नही होता है । लोक में प्रायः दो प्रकार के कारण होते है - कारक तथा ज्ञापक, तथा दो कार्य भी होते हैं कार्य तथा ज्ञाप्य । रस ना कार्य होता है न ही ज्ञाप्य , बल्कि इन दोनो से विलक्षण अलौकिक अनुभूति है । काव्यशास्त्र के आदि विवेचन से ही रस की सर्वोच्चता सिद्ध की गई है -

अक्षरं परमं ब्रह्म सनातनमजं विभुम् ।
वेदान्तेषु वदन्त्येकं चैतन्य ज्योतिरीश्वरम् ।।
आनन्दः सहजस्तस्य व्यज्यते स कदाचन ।
व्यक्तिः सा तस्य चैतन्य-चमत्कार-रसाह्वयः ।।[1]

इसी सर्वोत्तमता का प्रतिपादन भरतमुनि नाट्यशास्त्र में करते है तथा रस के विना किसी भी प्रकार की अर्थगम्यता का निषेध करते है –

*शोधच्छात्रा, संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय

न हि रसादृते कश्चिदर्थः प्रवर्तते।[2]

इसके अतिरिक्त परवर्ती सभी काव्यशास्त्रियों ने रस के महत्व का विवेचन किया है, रस का स्वरूप विशुद्ध सात्विक है, यह काव्य में चारुत्वता का नियामक है। शब्दों की रसाभिव्यक्ति का स्वाभाविक सामर्थ्य ही शब्दों के चारुत्वद्योतन की विशेषता है । संस्कृत वाङ्मय में आचार्य भरतमुनि ने रसोत्पत्ति विषयक सूत्र का प्रणयन किया है -

तत्र विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पतिः।[3]

जिसकी विस्तृत व्याख्या परवर्ती आचार्यों द्वारा की गई है, जिसमें भट्टलोल्लट का उत्पत्तिवाद, श्री शङ्कुक का अनुमितिवाद, भट्टनायक का भुक्तिवाद तथा आचार्य अभिनवगुप्त का अभिव्यक्तिवाद प्रमुख है। संस्कृत वाङ्मय में आठ रस प्राप्त होते है –

शृङ्गारहास्यकरुणा रौद्रवीरभयानकाः ।
बीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृता ।।[4]

इसके अतिरिक्त शान्तरस को काव्य में प्रयुक्त नवम् रस की संज्ञा ही गई है। परन्तु नाट्य में यह संख्या अष्ट ही है - निर्वेदस्थायिभावोऽस्ति शान्तोऽपि नवमों रसः।[5]

रसानुभव एक लोकविलक्षण अनुभव है जिसे न तो प्रत्यक्ष कह सकते है न अनुमान, न तो प्रातिम ज्ञान मान सकते है और न योगज साक्षात्कार। रसानुभव के साधन अलौकिक है,इसलिये रसानुभव की अलौकिकता भी स्वयं सिद्ध है। रस का आस्वाद कैसे हुआ करता है, इसकी व्याख्या में आचार्य विश्वनाथ ने कहा है -

सत्त्वोद्रेकादखण्डस्वप्रकाशानन्दचिन्मयः ।
वेद्यान्तरस्पर्शशून्यो ब्रह्मस्वादसहोदरः ।।
लोकोत्तरचमत्कारप्राणः कैश्चित् प्रमातृभिः ।
स्वाकारवदभिन्नत्वेनाममास्ताद्यते रसः ।। [6]

रस के अनुभव का सार एक अलौकिक चमत्कार है और यह अनुभव ऐसा है जिसमें ज्ञाता, ज्ञान तथा ज्ञेय का कोई भेद उसी प्रकार नही आभासित हुआ करता जिस प्रकार आत्मस्वरूप के साक्षात्कार अथवा ब्रह्मानन्द के अनुभव में। इस विवेचन के क्रम में कवि दोषविवेचन भी कर देते है, काव्य रचना के नियमों की अनदेखी द्वारा यह दोष काव्य की चारुता का हनन करते है, जिसमें इस विरोधियों का वर्णन करना प्रमुख हैं, आचार्य आनन्दवर्धन के अनुसार प्रबन्ध काव्य अथवा मुक्तक काव्य में ही रसादि का निबन्धन करने वाले कवि को रसादि के विरोधियों का परिहार करने का प्रयास करना चाहिये।

प्रबन्धे मुक्तके वापि रसादीन्बद्धुमिच्छता ।
यत्नः कार्यः सुमतिना परिहारे विरोधिनाम् ।।[7]

परन्तु प्रश्न यह है कि यह रस विरोधी कौन हैं तथा इनका काव्य में परिहार किस प्रकार किया जाये? इसका उत्तर देते हुये आचार्य आनन्दवर्धन कहते हैं कि यह रस विरोधी पांच प्रकार के होते है -

विरोधिरससम्बन्धिविभावादिपरिग्रहः
विस्तरेणान्वितस्यापि वस्तुनोऽन्यस्य वर्णनम् ।।
अकाण्ड एव विच्छित्तिरकाण्डे च प्रकाशनम् ।
परिपोषं गतस्यापि पौनःपुन्येन दीपनम्
रसस्य स्याद्विरोधाय वृत्त्यनौचित्यमेव च ।।[8]

विरोधिरस सम्बन्धी विभावादि का ग्रहण करना, रस से सम्बद्ध होने पर भी अन्य वस्तु का विस्तारपूर्वक वर्णन करना, विना अवसर के ही रस को समाप्त कर देना अथवा अनुचित स्थान पर रस का प्रकाशन करना, रस का परिपोष हो जाने पर भी पुनः-पुनः उद्दीपन करना तथा व्यवहार का अनौचित्य, यह पांच रसविरोधी कहे गये है। प्रथम प्रकार के रसविरोध में रस की दृष्टि से विरोधी रस अथवा विरोधी रस के विभाव, अनुभाव तथा सञ्चारी भावों का वर्णन करना आता है, यथा शान्तरस के विभावों के वर्णन करने के क्रम में ही शृङ्गार रस के विभावादि का वर्णन करना। साहित्य दर्पण में आचार्य विश्वनाथ ने रसो की परस्पर विरोधता को विस्तार पूर्वक विवेचित किया है -

आघः करुणबीभत्सरौद्रवीरभयानकैः ।।
समानकेन करणेनापि धस्यों विरोधाक् ।
करुणो हास्यशृङ्गाररसाभ्यामपि तादृशः ।।
रौद्रस्तु हास्यशृङ्गारभयानकरसैरपि ।
भयानकेन शान्तेन तथा वीररसः स्मृतः ।।
शृङ्गारवीररौद्राख्यहास्यशान्तैर्भयानकः ।।
शान्तस्तु वीरशृङ्गाररौद्रहास्यभयानकैः ।।
शृङ्गारेण तु बीभत्स इत्याख्याता विरोधिता ।[9]

परस्पर स्वभाव-विरूद्ध रसों का सहाभिव्यञ्न कुछ नियमों के अनुपालन में सम्भव है यथा- आश्रय भेद से अभिव्यञ्जन, एक रस को परतन्त्र बनाकर उसके विरोधी का वहीं अभिव्यञ्जन, एक मुख्य रस की अधीनता में दो विरूद्ध रसों का प्रकाशन, एक हीनबल और दूसरे अधिकबल वाले रस का अभिव्यञ्जन तथा अन्य रस के स्वधान से दो परस्पर विरुद्ध रसों का अभिव्यञ्जन । इसी प्रकार का विवेचन नाट्यदर्पणम् में भी प्राप्त होता है -

एकत्र स्वैरिणोस्तुल्यशक्त्योर्योगे विरुद्धता ।।[10]

अर्थात, एक ही स्थान पर दो स्वतन्त्र तथा तुल्यशक्ति वाले रसों में विरोध होता है यथा - भिन्न आश्रयों में रहने वाले, स्वतन्त्र न रहने वाले, आदि । इसी प्रकार की रस विरुद्धता का वर्णन रसार्णवसुधाकर में भी प्राप्त होता है –

उभौ शृङ्गारबीभत्सावुभौ वीरभयानकौ ।
रौद्राद्भुतावुभौ हास्यकरुणौ प्रकृतिद्विषौ ।।

स्वभाववैरिणोरङ्गाङ्गिभावेनापि मिश्रणम् ।
विवेकिभ्यो न स्वहते गन्धगन्धकयोरिव ।।

आचार्य आनन्दवर्धन के अनुसार रसों को परस्पर विरोध तीन कारणों से सम्भव होता है प्रथम आलम्बन की एकता के कारण द्वितीय आश्रय की एकता के कारण तथा तृतीय नैरन्तर्य के कारण। यह कारण प्रथम प्रकार की रसविरुद्धता के ही नियामक बनते हैं। प्रथम प्रकार में रस दृष्टि से जो विरोधी रस हैं, उनके विभाव, अनुभाव तथा सञ्चारी भावों का वर्णन किया जाता है। यथा प्रियतम के प्रति प्रणय कलह के कारण नायिकाओं के कुपित होने पर कामिनियों को वैराग्य की चर्चा करके अनुनय करना -

प्रसादे वर्तस्व प्रकटय मुदं संत्यज रुषम्
प्रिये शुष्यन्त्याङ्गान्यमृतमिव ते सिञ्चतु वचः ।
निधानं सौख्यानां क्षणमभिमुखं स्थापय मुखं
न मुग्धे प्रत्येतुम् भवति गतकालहारिणः ।। [11]

रसविरोध के दूसरे हेतु के अन्तर्गत रसपूर्ण वर्णन करने के क्रम में उस से सम्बन्धित वस्तु का विस्तार से वर्णन करने लगना आता है, यथा किसी नायक के विप्रलम्भ शृङ्गार का वर्णन करते समय कवि का यमकादि अलङ्कारों के निबन्धन में अभिनिवेश होने के कारण विस्तारपूर्वक पर्वतादि का वर्णन करने लगना। बृहतत्रयी इसका श्रेष्ठ उदाहरण है। रसभङ्ग के तीसरे हेतु में विना अवसर के ही रस विच्छेद कर देना तथा विना अवसर के ही उसका प्रकाशन करने लगना आता है।

तात्रनवसरे विरामो रसस्य यथा नायकस्य कस्यचित्स्पृहणीयसमागमया, नायिकया कयाचित्परां परिपोषपदवीं प्राप्ते शृङ्गारे विदिते च परस्परानुरागे समागमोपायचिन्तोचितं व्यवहारमुत्सृज्य स्वतन्त्रतया व्यापारान्तरवर्णने। अनवसरे च प्रकाशनं रसस्य यथा प्रवृत्ते प्रवृत्तविविधवीरसङ्क्षये कल्पसङ्क्षयकल्पे सङ्गामे रामदेवप्रायस्यापि तावन्नामकस्यानुपक्रान्तविप्रलभ्भशृङ्गारस्य निमित्तमुचितमन्तरेणैव श्रृङ्गारकथायामवतारवर्णने।

स्वतन्त्ररूप से व्यापारान्तर के वर्णन का उदाहरण वत्सराज चरित के चतुर्थ अङ्क में रत्नावली का नाम भी नही लेकर विजय वर्मा के वृतान्त का वर्णन करने लगना आदि भी है । इसी प्रकार केवल इतिहास के वर्णन की प्रधानता हो जाने पर अङ्ग तथा अङ्गी भाव का विचार किये बिना रस तथा भाव का निबन्धन करने पर काव्यत्व की हानि अवश्य होगी । चूंकि कवि के व्यापार का मुख्य विषय रस बन्ध ही है, जब इतिहास के वर्णन की ही प्रधानता हो जायेगी तब तो जिनके अङ्गाङ्गिभाव से रहित गौण तथा प्रधान भाव का विस्तार नही किया गया है, ऐसे रसों तथा भावों का निबन्धन होगा।

रसभङ्ग के चतुर्थ हेतु के अन्तर्गत रस के परिपुष्ट हो जाने पर भी उसका पुनः उद्दीपन करना आता है, आचार्य आनन्दवर्धन इसका उदाहरण प्रस्तुत करते हुये कहते है-कि अपनी विभावादि सामग्री द्वारा परिपुष्ट तथा उपभुक्त रस का यदि बार-बार परामर्श किया जाता है तो वह प्रभाहीन कुसुम के समान मलिन हो जाता –

उपभुक्तो हि रसः स्वसामग्री लब्धपरिपोषः पुनः पुनः परामृश्यमानः परिम्लानकुसुमकल्पः कल्पते।

रसभङ्ग के पांचवें हेतु में वृत्ति अर्थात् व्यवहार के अनौचित्य का वर्णन किया गया है, यथा नायिका का बिना किसी उचित भङ्गिमा के अपने से शब्दतः नायक के प्रति सम्भोग की अभिलाषा को व्यक्त करना, अथवा भरतमुनि के ग्रन्थ में जो कैशिकी आदि वृत्तियां प्रसिद्ध है अथवा आचार्य भामह प्रणीत काव्यालङ्कर तथा उनके व्याख्याकार उद्भट के द्वारा वर्णित उपनागरिका आदि वृत्तियों के अनुचित प्रयोग से भी रसभङ्ग होता है ।

रसविरोध के पञ्च हेतुओं का विवेचन करने के पश्चात् काव्यशास्त्रीय आचार्यों ने विरोधिरसाङ्गों के निबन्धन के नियम भी व्याख्यायित किये है, सर्वप्रथम यदि काव्य का विवक्षित रस परिपुष्ट हो जाये तो अगङ्गरूपता को प्राप्त होने वाले विरोधियों का वर्णन करने में दोष नहीं होता है, विरोधी रसाङ्गों के अङ्गभाव की प्राप्ति भी दो प्रकार से सम्भव है, प्रथम स्वाभाविक रूप से तथा द्वितीय आरोपित रूप से । स्वाभाविक रूप से अङ्गत्व की प्राप्ति में कोई विरोध नही है परन्तु आरोपित रूप में कवि को विशेष श्रम करता पड़ता है यथा विप्रलम्भ शृङ्गार में व्याधि इत्यादि का वर्णन तो स्वाभाविक अङ्गता को धारण करता है परन्तु मरणादि का वर्णन रसक्रम में विघ्न उत्पन्न करता है । जहां कहीं पुनः समागम की सम्भावना निकट परिलक्षित हो वहां यदि मरण का वर्णन किया जाये तो अत्यधिक विरोध प्राप्त नही होता है परन्तु दीर्घकाल के पश्चात् पुनर्मिलन सम्भव हो वहां मध्य में ही रसविच्छेद स्वभावतः हो ही जाता है । परन्तु इस समस्या का समाधान आचार्य आनन्दवर्धन स्वयं कवि के कवित्व को बताते है । इनके अनुसार यदि कवि में इस विशिष्ट भङ्गी को संघटित करने का कौशल हो तब ही मरण विप्रलम्भ शृङ्गार का अङ्ग हो पाता है, उदाहरणार्थ- इन्दुमती के मर जाने पर आठ वर्ष की बीमारी के पश्चात् गङ्गा तथा सरयू नदी के सङ्गम स्थल पर शरीर त्यागकर महाराज अज ने शीघ्र ही देवत्व को प्राप्त कर लिया तथा देवलोक में पहले से पहुंची हुई कान्ता इन्दुमती के साथ नन्दन वन में बने हुए लीला भवनों में रमण किया[12]। काव्य के प्रधान रस के परिपुष्ट हो जाने पर विरोधी रसों के अङ्गों का बाध्य रूप से वर्णन करने पर कोई दोष नही होता है, यथा -

क्वाकार्यं शशलक्ष्मणः क्व च कुलं भूयोऽपि दृश्येत सा
दोषाणां प्रशमाय मे श्रुतमहो कोपेऽपि कान्तं मुखम् ।
किं वक्ष्यन्त्यकलम्षाः कृतधियः स्वप्नेऽपि सा दुर्लभा
चेतः स्वास्थ्यमुपैहि कः खलु युवा धन्योऽधरं पास्यति ।। [13]

प्रस्तुत श्लोक में आठ सञ्चारी भावों का वर्णन किया गया है उनमें चार शृङ्गार रस के सञ्चारी भाव है तथा चार शान्तरस के सञ्चारी भाव है, यहां शृङ्गार तथा शान्त दोनो का नैरन्तर्य है, शान्तरस, शृङ्गार रस का विरोधी है अतः विरोधी शान्त रस के अङ्गों का वर्णन शृङ्गार रस के बाध्य अङ्गरूप से किया गया है। इसीप्रकार कादम्बरी में महाश्वेता के प्रति पुण्डरीक के अत्यधिक मोहित हो जाने पर दूसरे मुनिकुमार के द्वारा किये जाने वाले उपदेश के वर्णन में भी शृङ्गार के विरोधी शान्त रस के अङ्ग का वर्णन बाध्य रूप से किया गया है, उस बाध्य-विरोधी रसाङ्ग का बाध प्रधानतया वर्णित शृङ्गार रस के अङ्गों द्वारा हो जाता है। इसी प्रकार प्रमुख रस में विरोधी रसों का स्वाभाविक अङ्ग हो जाने पर भी दोष नही होता है –

भ्रमिमरतिमलसहृदयतां प्रलयं मूर्च्छां तमः शरीरसादम् ।

मरणं च जलदभुजगणं प्रसह्यं कुरुते विषं वियोगिनीनाम् ।।[14]

यहां करुणरसोचित व्याधि के अनुभावों का विप्रलम्भ शृङ्गार में भी वर्णन होने के कारण यह करुण रस के अङ्ग, विप्रलम्भ श्रृङ्गार के स्वाभाविक अङ्ग बन गये है अतएव उनमें किसी भी प्रकार का विरोध नहीं है। इसी प्रकार समारोपित अङ्गता में भी विरोध नही होता है –

पाण्डुसमं वक्त्रं हृदयं सरसं तवालसं च वपुः ।
आवेदयति नितान्तं क्षेत्रियरोगं सखि हृदन्तः ।। [15]

यहां करुणरसोचित व्याधि का वर्णन किया गया है, किन्तु श्लेष के माध्यम से उसको विप्रलम्भ शृङ्गार का अङ्ग बना दिया गया है। इसी प्रकार एक प्रधान रस के अन्तर्गत अङ्गभूत दो विरोधी रसाङ्गों का वर्णन होने पर भी रसविरोध की प्राप्ति नही होती है।[16] यहां शङ्का होती है कि वस्तु के अन्यपरक होने मात्र से किसी रसाङ्ग का स्वभाव किस प्रकार परिवर्तित हो सकता है, तब कहते है कि किन्ही दो वस्तुओं में होने वाला विरोध तथा अविरोध, सामग्री विशेष के अनुप्रवेश के कारण होता है, स्वभाव के कारण नही, प्रायः ऐसा देखा जाता है कि सामग्री विशेष के कारण शीत तथा उष्ण में भी विरोध नही रह जाता है।

ऐहि गच्छ पतोत्तिष्ठ वद मौनं समाचर ।
एवमाशाग्रहग्रस्तैः क्रीडन्ति धनिनोऽर्थिभिः ।। [17]

प्रस्तुत श्लोक में परस्पर विरोधी अर्थों का अभिधान क्रीडाङ्ग रूप में किया गया है यथा राजा के निकट स्थित दो आततायियों का परस्पर विरोध समाप्त हो जाता है, उसी प्रकार रसों की भी स्थिति प्राप्त होती है । इसीप्रकार रस विरुद्धत्व के समाधान में आचार्य आनन्दवर्धन महाकाव्यादि प्रबन्धों अथवा नाटकों में एक ही रस की प्रमुखता का समर्थन करते है -

प्रसिद्धेऽपि प्रबन्धानां नानारसनिबन्धने ।
एको रसोऽङ्गीकर्तव्यस्तेषामुत्कर्षमिच्छता ।। [18]

यहां पर प्रश्न होता है कि प्रबन्ध में परिपोष प्राप्त अनेक रसों के रहने पर भी किसी एक रस का प्रधान होना कैसे विरुद्ध नही होगा, इसके समाधान में आचार्य कहते है -

रसान्तरसमावेशः प्रस्तुतस्य रसस्य यः ।
दोपहन्त्यङ्गिन्तां सोऽस्य स्थापित्वेनावभासिनः।। [19]

प्रबन्धेषु प्रथमतरं प्रस्तुतः सन् पुनः पुनरनुसन्धीयमानत्वेन स्थायी यो रससस्तस्य सकलबन्धव्यापिनो रसान्तरैरन्तरालवर्तिभिः समावेशो यः स नाङ्गितामुपहन्ति ।

जिस तरह सम्पूर्ण प्रबन्ध में व्यापक रूप से पाया जाने वाला एक प्रधान कार्य (कथा) का सन्निवेश किया जाता है, उसी तरह सम्पूर्ण प्रबन्ध में व्यापक रहने वाले एक रस के विधान में कोई विरोध नही है। जिस प्रकार, आधिकारिक कथावस्तु का प्रासङ्गिक वस्तुओं से सम्बन्ध अवश्य होता है, किन्तु उन प्रासङ्गिक कथाओं से सम्बन्ध होने पर भी उस आधिकारिक कथा का महत्व कम नही होता है, इसी तरह अङ्गभूत अन्यरसों के साथ प्रधानभूत किसी एक रस का अङ्गी रूप से सन्निवेश करने में कोई विरोध नही होता है, अपितु

विवेक सम्पन्न सहृदय पुरुषों को, उस प्रकार के विषय में अत्यधिक आनन्द की अनुभूति ही होती है। फिर प्रश्न होता है कि जिन रसों का परस्पर अविरोध है उनका परस्पर अङ्गाङ्गिभाव रूप सम्भव कैसे हो सकता है, इसके समाधान में आचार्य कहते है कि दूसरे रस के अङ्गी होने पर विरोधी अथवा अविरोधी रस को परिपोष पर्यन्त नही पहुंचना चाहिये।[20]

एकन्तो रुअइ पिआ अण्णन्तो समरतूरणिग्घोसो ।
णेहेण रणरसेण अ भडस्स दोलाइअं हिअअम् ।। [21]

प्रस्तुत श्लोक में वीर तथा शृङ्गार दोनो का साम्य होने पर भी विरोध नही है। इसी प्रकार रत्नावली नाटिका में ऐन्द्रजालिक के दर्शन के प्रसङ्ग में शृङ्गार तथा अद्भुत दोनों में विरोध के होने पर भी अङ्गाङ्गिभाव देखा जाता है इसी प्रकार अङ्गी रस के विरोधी रसों के परिपोष के परिहार हेतु अङ्गी रस के विरोधी रसों के व्यभिचारियों का अधिकाधिक सन्निवेश नही करना चाहिए, निवेश कर देने पर भी शीघ्र ही उन सबों को अङ्गी रस के व्यभिचारियों के रूप में परिणत कर देना चाहिये। इसी प्रकार अङ्गी रस के विरोधी रसों के विभावों तथा अनुभावों का भी उत्कर्ष नहीं करना चाहिये यदि निवेश हो गया है तो उन सबों का अङ्गिरसों के ही विभावों तथा अनुभावों के द्वारा उपबृंहण करना चाहिए। इस समाधान शृङ्खला में आचार्य एकाश्रय में विरोधी रसों का अविरोध प्रतिपादित करते हैं। यदि प्रधान रस का विरोधी रस भी निबन्धित हो तो उसे अनेकाश्रयी बना देना चाहिए, ऐसा करने से उसे इस के परिपोष मे भी कोई दोष नही होता है। प्रधान रस के विरोधी दो प्रकार के होते हैं- ऐकाधिकरण्य विरोधी तथा नैरन्तर्य विरोधी। उसमें भी प्रबन्ध में स्थायी रूप से विद्यमान अङ्गी रस की दृष्टि से जो विरुद्धैकाश्रय (ऐकाधिकरण्य) विरोधी रस होता है, उसको अनेकाश्रयी बना देना चाहिए, यथा वीर को नायकनिष्ठ तथा भयानक को प्रतिनायकनिष्ठ बना देना चाहिए क्योंकि नायक के विपक्षी प्रतिनायक में अत्यधिक भय का वर्णन करने से नायक के न्याय तथा पराक्रम आदि का बाहुल्य ही प्रकाशित होता है। इसी प्रकार नैरन्तर्य विरोध में जिन रसों के एकाश्रयरूप से वर्णन करने में कोई दोष नही होता है अपितु उनके निरन्तर (विना किसी व्यवधानक) वर्णन करने में दोष होता है उन रसों के वर्णन में प्रधान रस का बीच में वर्णन करके दोनों को व्यवहित करना चाहिए -

एकाश्रयत्वे निर्दोषो नैरन्तर्ये विरोधवान् ।
रसान्तरव्यवधिना रसो व्यङ्ग्यः सुमेधसा ।।[22]

यथा नागानन्द नामक नाटक में शान्त तथा शृङ्गार के निरन्तर वर्णन के बीच में अद्भुत रस के समावेश के द्वारा उन दोनों को व्यवहित किया गया है, इसी प्रकार एक ही वाक्य में विद्यमान रहने पर भी, दोनों के मध्य में अविरोधी रस को व्यवहित करने पर दो विरोधी रसों का समावेश होने पर भी विरोध समाप्त हो जाता है।

इस प्रकार इन विरोधियों का परिहार करने हेतु सत्कवियों को सदैव सावधान रहना चाहिये, इस हेतु आचार्य आनन्दवर्धन समाधान प्रस्तुत करते हैं-

मुख्या व्यापारविषयाः सुकवीनां रसादयः ।
तेषां निबन्धने भाव्ये तैः सदैवाप्रमादिभिः ।।

नीरसस्तु प्रबन्धो यः सोऽपशब्दो महान कवेः ।
स तेनाकविरेव स्यादन्येनास्मृतलक्षणः ।।
पूर्वे विशृङ्खलगिरः कवयः प्राप्तकीर्तयः ।
तान्समाश्रित्य न त्याज्या नीतिरेषा मनीषिणा ।।
वाल्मीकिव्यासमुख्याश्च ये प्रख्याताः कवीश्वराः ।
तदभिप्रायबाह्योऽयं नास्माभिर्दर्शितो नयः ।।

महाकाव्यादि प्रबन्धों अथवा नाटकादि अभिनेयार्थों में अङ्गाङ्गिभाव रूप से बिखरे हुये अनेक रसों का उपनिबन्धन किया जाता है। कवि प्रबन्धों में अत्यधिक सौन्दर्य स्थापित कर सहृदय सामाजिक को रस की अलौकिकता का प्रत्यक्षीकरण करवाता है अतः कवि को चाहिये वह पूर्व कवियों द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करते हुये काव्यगत उत्कृष्टता से प्राप्त करे।

विज्ञायेत्थं रसादीनामविरोधविरोधयोः ।
विषयं सुकवि : काव्यं कुर्वन्मुह्यति न क्वचित् ।।

सन्दर्भ -

1. अग्निपुराण 4/1,2
2. नाट्यशास्त्र 6/34
3. नाट्यशास्त्र 6/34
4. नाट्यशास्त्र 6/16
5. काव्यप्रकाश 4/47
6. साहित्य दर्पण 3/2,3
7. ध्वन्यालोक 3/17
8. ध्वन्यालोक 3/18,19
9. साहित्यदर्पण 3/254, 255, 256, 257
10. नाट्यदर्पण 3/176
11. शार्ङ्गधरपद्धति 114/12
12. द्विवेदी शिवप्रसाद, 2020, ध्वन्यालोक, पृष्ठ 443, चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन,वाराणसी ।
13. द्विवेदी शिवप्रसाद, 2020, ध्वन्यालोक, पृष्ठ 446, चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन,वाराणसी ।
14. द्विवेदी शिवप्रसाद, 2020, ध्वन्यालोक, पृष्ठ 447, चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन,वाराणसी ।
15. द्विवेदी शिवप्रसाद, 2020, ध्वन्यालोक, पृष्ठ 448, चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन,वाराणसी ।
16. द्विवेदी शिवप्रसाद, 2020, ध्वन्यालोक, पृष्ठ 448, चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन,वाराणसी ।
17. ध्वन्यालोक 3/21
18. ध्वन्यालोक 3/22
19. ध्वन्यालोक 3/24
20. द्विवेदी शिवप्रसाद, 2020, ध्वन्यालोक, पृष्ठ 463, चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन,वाराणसी ।
21. ध्वन्यालोक 3/26

महाकाव्य निकष पर सतीशंकरम् महाकाव्य

· राघवेन्द्र मणि तिवारी*

शोधसार-

प्रस्तुत शोधपत्र में अलंकारशास्त्रों में वर्णित महाकाव्य-लक्षण के आधार पर 'सतीशंकरम्' महाकाव्य के महाकाव्यत्व की समीक्षा की गई है। सतीशंकरम् महाकाव्य १७ सर्गों में निबद्ध ५९८ श्लोकों से युक्त है। इसका उपजीव्य शिवमहापुराण का सतीखण्ड है। अतएव यह एक पौराणिक महाकाव्य है। इसके नायक भगवान शंकर तथा नायिका माता सती हैं। इस महाकाव्य का प्रधान रस शृंगार है। इसमें शिव जी धीरोदात्त श्रेणी के नायक हैं। सतीशंकरम् महाकाव्य में निर्दिष्ट महाकाव्य-लक्षण के सभी तत्व प्राप्त होते हैं। इस शोधपत्र में इन्हीं तथ्यों का उल्लेख किया गया है।

बीजशब्द - महाकाव्य, सतीशंकरम्, निकष, काव्यशास्त्र, नायक, कथावस्तु, रस, मंगलाचरण, पुरुषार्थचतुष्टय।

सतीशंकरम् महाकाव्य के अध्ययनोपरान्त ज्ञात होना आवश्यक है कि भारतीय काव्यशास्त्रमर्मज्ञों ने महाकाव्य में जिन मूलभूत तत्वों की चर्चा की है, उनकी उपस्थिति है अथवा नहीं। लक्षणग्रन्थों की कल्पना लक्ष्य-ग्रन्थों के आधार पर होती है। इसी को आधार मानकर अलंकारिकों ने सर्वप्रथम रामायण आदि लक्ष्य ग्रन्थों का विश्लेषण करके महाकाव्यस्वरूप को प्रस्तुत किया। इन अलंकारशास्त्रियों में भामह का नाम अग्रगण्य है। भारतीय अलंकारशास्त्रियों में अग्रगण्य आचार्य भामह प्रणीत महाकाव्य लक्षण विषयक मत का उपस्थापन द्रष्टव्य है। भामह के लक्षण के अनुसार सर्गों से युक्त तथा आकार में विशाल, उसमें श्रेष्ठ चरित्र का आश्रय होना चाहिए, ग्राम्य शब्दों के प्रयोग से रहित, सुष्ठु सम्पन्न अर्थ तथा अलंकारयुक्त, राजदूत, प्रयाण, युद्ध, नायक का अभ्युदय, नाटकों की पञ्चसन्धियाँ, पुरुषार्थचतुष्टय एवं पुरुषार्थचतुष्टय में अर्थ की प्रधानता, लौकिक व्यवहार, सभी रसों की उपलब्धता इत्यादि तत्वों की उपस्थिति को स्वीकार किया है। आचार्य दण्डी के पश्चात् रुद्रट ने महाकाव्य के स्वरूप को काव्यालंकार में विशद रूप से प्रस्तुत किया है। इन्होंने महाकाव्य के लक्षण में राजसम्बन्धी मत को अधिक आश्रय दिया है। आचार्य रुद्रट के द्वारा निर्दिष्ट लक्षण का प्रभाव विश्वनाथ प्रणीत लक्षण में स्पष्ट परिलक्षित होता है।

तत्पश्चात् विश्वनाथकृत् महाकाव्यलक्षण का उल्लेख किया जा रहा है इन्होंने कथावस्तु,

*शोधच्छात्र, संस्कृतविभाग,कलासंकाय, काशीहिन्दूविश्वविद्यालय

चरित्रचित्रण तथा रसभावाभिव्यक्ति तीनों की दृष्टि से महाकाव्य का लक्षण प्रस्तुत किया है-

सर्गबन्धो महाकाव्यं तत्रैको नायकः सुरः॥
सद्वंशः क्षत्रियो वापि धीरोदात्तगुणान्वितः।
एकवंशभवा भूपाः कुलजाः बहवोऽपि वा॥
श्रृंगारवीरशान्तानामेकोऽङ्गी रस इष्यते।[1]

महाकाव्य में किसी ऐतिहासिक या पौराणिक अथवा किसी सज्जन के चरित्र पर आश्रित कथावस्तु होनी चाहिए । महाकाव्यान्तर्गत पुरुषार्थचतुष्टय में से एक प्रयोजन तथा ग्रन्थारम्भ में मंगलविधान, दुर्जनों की निन्दा तथा सज्जनों की प्रशंसा का उल्लेख है। इसमें नायक देवता, कुलीन क्षत्रिय या एक वंशज कुलीन अनेक राजा होते हैं। रचना की दृष्टि से नाटक की पञ्चसन्धियां आवश्यक मानी गयी हैं। प्रत्येक सर्ग एक छन्द में पद्यबद्ध होते हैं, किन्तु सर्ग के अन्त में छन्द परिवर्तित होता है। इसमें आठ से अधिक सर्ग होते हैं जो न अत्यन्त लघु एवं न ही अधिक दीर्घ होते हैं। कहीं-कहीं विभिन्न छन्दों वाले सर्ग भी होते हैं। महाकाव्य में सन्ध्या, सूर्योदय, चन्द्रोदय, रात्रि, प्रदोष, अन्धकार, दिन, प्रातः, मध्याह्न, मृगया, शैल, ऋतु, वन, सागर, युद्ध, प्रस्थान, विवाह, मन्त्र इत्यादि का वर्णन होना चाहिए। महाकाव्य का नामकरण कथानक, नायक, प्रतिनायक अथवा कवि के नाम पर होता है।

आधुनिक महाकाव्य के लक्षणकारों में प्रो० अभिराजराजेन्द्र मिश्र जी ने महाकाव्य-लक्षण में सामान्यतः पूर्ववर्ती आचार्यों के मत को स्वीकार किया है किन्तु नायक के विषय में महिला नायिकाओं तथा लोकनायकों को भी पर्याप्त स्थान मिला है। इन्होंने महाकाव्य के लक्षण को नवीन समाजिक-व्यवस्था के अनुकूल निर्दिष्ट किया है।

सर्गबन्धो महाकाव्यं लोकवन्द्यजनाश्रमम्।.. आचार्यप्रतिभो नूनं यदि वा भवति क्षमः॥[2]

आचार्य मिश्र जी महाकाव्य में लोकवन्द्य-नायक, तथा विश्वमंगल की स्थापना करने वाली कथावस्तु को स्वीकार करते हैं। महाकाव्य में नायक से सम्बन्धित आद्योपान्त वर्णन सर्गों में होना चाहिए।

इस महाकाव्य लक्षण पर विचार करने के पश्चात् प्रो० राधावल्लभ त्रिपाठी प्रणीत महाकाव्य-स्वरूप विषयक मत भी दृष्टव्य है-

"पद्यात्मकं समग्रजीवननिरूपणपरं महाकाव्यं"।[3]

अर्थात् जिस पद्यबन्ध में नायक के समग्र जीवन का निरुपण हो उसे महाकाव्य कहते है। इसमें विविधता. (गीति, पुराण, लोककथा तथा ऐतिह्य के आधार पर) हो सकती है।

"गीतैतिह्यपुराणलोककथाभेदादस्य नानात्वम्"।[4]

प्रो० त्रिपाठी जी का मानना है कि सिद्धान्त सिर्फ अपनी सन्तुष्टि के लिए नहीं, अपितु सहृदयों के परितोषार्थ होना चाहिए।[5]

महाकाव्य निकष पर सतीशंकरम् :-

'सतीशंकरम्' महाकाव्य पर विचार करना आवश्यक है कि यह ग्रन्थ महाकाव्य निकष पर खरा

उतरता है अथवा नहीं। अलंकारशास्त्रों में प्राप्त महाकाव्य-लक्षण अर्थात् महाकाव्य के लिए मानक मानदण्ड पर खरा उतरना अवश्यक है। सतीशंकरम् महाकाव्य के प्रणेता गोस्वामी बलभद्रप्रसाद शास्त्री हैं।

पौराणिक कथावस्तु –

सतीशंकरम् महाकाव्य की कथावस्तु शिवमहापुराण से उद्धृत है। पौराणिक कथावस्तु होने के साथ ही गोस्वामी बलभद्रप्रसाद शास्त्री ने अपनी मौलिकता एवं कल्पनाओं को पर्याप्त स्थान दिया है। कथावस्तु के विषय में आचार्य विश्वनाथ ने महाकाव्य के लक्षण में **"इतिहासोद्भवं वृत्तमन्यद्वा सज्जनाश्रयम्"**[6] निर्दिष्ट किया है कि कथावस्तु या तो इतिहास, पुराणादि से उद्भूत हो या फिर किसी सज्जन पर आश्रित हो। सतीशंकरम् महाकाव्य में प्राप्त कथावस्तु में भगवान शिव और माता सती के अनुराग-पराग को वर्णित किया गया है, जो पौराणिक एवं लोक-प्रसिद्ध है।

चरितमपारं शम्भोः प्रणमन् महेशचरणौ।
को नु कविः शक्नुते वर्णयितुं यतते कवयितुं गोस्वामी॥[7]

इसकी कथावस्तु विविधता एवं रोचकता से परिपूर्ण है। कवि ने यत्र-तत्र परिवर्तन कर कथावस्तु को अत्यन्त सरल एवं मनोरम बना दिया है। अतः कथावस्तु की दृष्टि से 'सतीशंकरम्' एक श्रेष्ठ महाकाव्य है।

सर्ग–

महाकाव्य लक्षण में प्रायः आचार्यों ने सर्वप्रथम सर्ग के विषय में निर्देश किया है, जैसे भामह ने **"सर्गबन्धो महाकाव्यम्"** आचार्य दण्डी, विश्वनाथ आदि आचार्यों ने महाकाव्य-लक्षण के विषय में यही निर्दिष्ट किया है। अर्थात् महाकाव्य सर्गबद्ध होना चाहिए । 'सतीशंकरम्' महाकाव्य १७ सर्गों में विभक्त ५९८ श्लोकों से युक्त है। इस महाकाव्य में सर्ग न ही अधिक विस्तीर्ण और न ही अधिक लघु हैं। जैसा कि लक्षणकारों ने निर्देशित किया है।

"नातिस्वल्पा नातिदीर्घाः सर्गा अष्टाधिका इह"।[8]

सतीशंकरम् महाकाव्य में सबसे छोटा सर्ग २९ श्लोकों का तथा सबसे बड़ा सर्ग ५२ श्लोकों से युक्त है। अतएव सर्गबद्धता की दृष्टि से 'सतीशङ्करम्' महाकाव्य लक्षण के निकष पर पूर्णतः खरा उतरता है।

नायक–

महाकाव्य में नायक के विषय में प्रायः सभी आचार्यों ने अपने मत का प्रकटन किया है। विश्वनाथ ने 'तत्रैको नायकः सुरः" कहकर नायक सम्बद्ध अपने मत को प्रस्तुत किया है जिसमें नायक देवता या नृपादि सद्वंशोत्पन्न होना चाहिए। प्रस्तुत महाकाव्य के नायक भगवान शंकर हैं जिनमें धीरोदात्त नायक के सभी लक्षण विद्यमान हैं-

अविकत्थनः क्षमावानतिगम्भीरो महासत्त्वः।
स्थेयान्निगूढमानो धीरोदात्तो दृढव्रतः कथितः॥[9]

कवि ने भगवान शिव के गाम्भीर्य के विषय में वर्णित किया है कि भगवान शिव को विवाह हेतु मनाने के लिये सभी देवतागण उनसे भेंट करने कैलास पर पहुँचते है तो उन्हें भगवान शंकर योग के द्वारा गम्भीर

समाधि में लीन मिलते हैं-

गम्भीरयोगेन समाधिमुद्राव्याप्तं शिवं वीक्ष्य कृतप्रणामाः ।
विरञ्चिविष्णुप्रमुखा विनम्रा बद्धवा स्वहस्तानुपतस्थिरे तम्॥[10]

सती के सामने दक्ष द्वारा शिव के घोर अपमान के कारण सती जी अपने प्राण का त्याग कर देती हैं फिर भी देवगणों के मनाने पर शिव जी सभी को क्षमा कर देते हैं।

इस प्रकार धीरोदात्तता के अन्य लक्षण भी इस महाकाव्य के नायक भगवान शंकर में विद्यमान हैं। अतः नायक की दृष्टि 'सतीशंकरम्' महाकाव्यत्व के निकष पर पूर्णतः खरा उतरता है।

मंगलाचरण-

मंगलाचरण विषयक मत के रूप में सभी अलंकारशास्त्रियों ने निर्देश किया है। विश्वनाथ ने 'आदौनमस्क्रियाशीर्वा वस्तुनिर्देश एव वा" कहकर मङ्गलाचरण का विधान किया है। मङ्गलाचरण तीन प्रकार के होते हैं –

1. नमस्कारात्मक 2. आशीर्वादात्मक 3. वस्तुनिर्देशात्मक

इस महाकाव्य में सर्वप्रथम भगवान गणेश की वन्दना की गई है। तत्पश्चात् माता सरस्वती, भगवान शंकर, भगवान विष्णु, भगवान राम, भगवती दुर्गा, हनुमान जी, परब्रह्म परमेश्वर की स्तुति की गयी है। सतीशंकरम् महाकाव्य में आशीर्वादात्मक और नमस्कारात्मक दोनों प्रकार मंगलाचरण हैं-

नमस्कारात्मक -

वीणावादिनि वन्दे चरणसरोजौ रजः कणैर्येषाम्।
मलिनामोहकर्दमे बुद्धिः सद्यश्चमत्कुरुते॥ [11]

दुर्जननिन्दा-

जैसा की आचार्य विश्वनाथ ने "**क्वचिन्निन्दा खलादिनाम्**"[12] निर्दिष्ट किया है। महाकाव्य में दुर्जनों की निन्दा महाकाव्य लक्षण का अनिवार्य तत्व है। आचार्य गोस्वामी जी ने सतीशंकरम् महाकाव्य में यथास्थान दुष्टों राक्षसों, तथा दक्ष एवं उसके अनैतिक दुर्व्यवहार की निन्दा की है-

यदि गर्वसमुद्धतो नरो निजधर्माचरणं परित्यजेत्।
नहि कापि बलीयसी क्रिया पतनात् तं भुवि या समुद्धरेत्॥[13]

सज्जनप्रशंसा-

महाकाव्य में "**सतां च गुणकीर्तनम्**"[14] सज्जनों की प्रशंसा भी होनी चाहिए। सतीशंकरम् महाकाव्य में सत्पुरुषों, देवी-देवताओं एवं भगवान शिव की यथास्थान प्रशंसा की गई है जो कि द्रष्टव्य है-

ऐश्वर्यसौख्यं धनवैभवानि दत्ते स्वभक्ताय कृपापरो यः ।
अनन्तलोकोत्तरभोगभर्तुः किं योगिनस्तत्प्रतिलोभनेन॥[15]

पर्वतवर्णन-

प्रस्तुत महाकाव्य में कैलास पर्वत की अनुपम छटा का अत्यन्त मनोरम वर्णन किया गया है। भगवान

शिव का निवास स्थल कैलास पर्वत है। देवगण शिव जी के पास उनके विवाह के लिए मनाने जाते हैं तो कैलास की मनोरम छटा को देखकर आह्लादित हो उठते हैं--

कैलास रम्यप्रकृतेः प्रसादं ब्रह्मादयोः नेत्रपुटैः पिबन्तः।
शनैः शनैर्मञ्जुलपादपानां मध्ये शिवाधिष्ठितपीठमापुः॥[16]

ऋतुवर्णन-

महाकाव्य के लक्षण में ऋतुवर्णन के विषय में भी निर्देश किया गया है। आचार्य विश्वनाथ के मतानुसार सन्ध्या, सूर्य, चन्द्रमा, दिन, अन्धकार, प्रातः, मध्याह्न, ऋतु इत्यादि का वर्णन महाकाव्य में होना चाहिए। इनके पूर्ववती आचार्य दण्डी, रुद्रट, तथा अन्य अलंकारशास्त्रमर्मज्ञों ने भी इस मत का प्रतिपादन किया है। सतीशंकरम् महाकाव्य में अनेक स्थानों पर ऋतुओं का वर्णन किया गया है-

वर्षन्ति मेघाः सुखदाः समन्तात्वहन्ति वाताः सरसाः सुगन्धाः।
केकारवैर्वृक्षतले मयूरा नृत्यन्ति वै पक्षततिं प्रसार्य॥[17]

इस प्रकार प्रस्तुत महाकाव्य में वसन्त, शिशिर, ग्रीष्म, वर्षा सभी ऋतुओं का बहुत सुन्दर एवं मनोरम वर्णन किया गया है।

यज्ञवर्णन-

शास्त्री जी ने इस महाकाव्य के दशम सर्ग में यज्ञ का विस्तृत वर्णन किया है। मुनियों के द्वारा प्रयागराज में सद्ज्ञान यज्ञ को आयोजित किया जाता है जिसमें भगवान शिव से प्रजापति दक्ष के नाराज होने की कथा वर्णित है। प्रयागराज में आयोजित यज्ञ में दक्ष का शिव से विद्वेष हो जाने पर दक्ष ने कनखल प्रदेश में यज्ञ का आयोजन किया।

प्रयागयज्ञे विद्वेषात् शिवेन सह दुर्मनाः।
क्षुब्धः कनखले दक्षः, यज्ञं कर्तुं मनो दधे॥ [18]

कनखल के महायज्ञ में दुर्बुद्धि दक्ष भगवान शिव की भगवती सती के सामने ही अतीव निन्दा करते हैं।[19] अतएव सती जी के द्वारा कनखल यज्ञ में अग्निसमाधि लेने की कथा त्रयोदश सर्ग में वर्णित किया गया है।

युद्धवर्णन-

सतीशंकरम् महाकाव्य में एकादश सर्ग के अन्तर्गत भगवती सती और प्रभु राम के सम्वाद स्थापन के समय माता सती से भगवान राम खरदूषण विषयक युद्ध का वर्णन करते हैं।[20] तत्पश्चात् चतुर्दश सर्ग में माता सती के अग्निसमाधि ले लेने पर वीरभद्र का विष्णु तथा इन्द्र के साथ घोर युद्ध होता है जिसमें दोनों पक्ष के योद्धाओं को हानि पहुंचती है-

युद्धे तयोस्तदनु घोरमभूत् प्रचण्डं तत्रेषुभिः प्रचुरशस्त्रबलैरवाच्यम् ।
पक्ष द्वये शिवगणाश्च सुरादयोऽपि बाणैर्हताश्च विपुलाः क्षतविक्षताङ्गाः॥ [21]

विवाह वर्णन-

सतीशंकरम् महाकाव्य में भगवान शंकर और माता सती के विवाह की अलौकिक छटा वर्णित है।

सती की तपस्या पूर्ण होने पर शिव जी उनको अपनी भार्या होने का वरदान प्रदान करते हैं।[22] तत्पश्चात् सती जी विनम्रतापूर्वक कहती हैं कि आपके वरदान के प्रभाव से मैं आपकी अर्धांगिनी हो चुकी हूँ, परन्तु आप मेरे पिता के द्वार आकर वैवाहिक संस्कार के द्वारा मेरा वरण करें।[23] भगवान शिव और माता सती के विवाह विषयक वृतान्त का विशद वर्णन सप्तम, अष्टम, एवं नवम सर्ग में किया गया है।

महेश्वरश्चापि विवाहमण्डपे सुभूषिताङ्गो रमणीयदर्शनः ।
सुचारुचन्द्रप्रभया सतीमुखस्वरूपशोभां द्विगुणीचकार सः॥ [24]

रसविवेचन –

"श्रृंगारवीरशान्तनामेकोऽङ्गी रस इष्यते"। [25]

उपर्युक्त कारिका से स्पष्ट है कि महाकाव्य में श्रृंगार, वीर,तथा शान्त इनमें से एक प्रधान रस होता है इस महाकाव्य में बलभद्रप्रसाद शास्त्री ने मुख्य रूप से सतीजी और शिवजी के अनुराग-पराग को वर्णित किया है-

अनुरागविरागरञ्जितं करुणाक्रोधकृशानुतर्जितम् ।
शिवलोककथाक्रमे शुभंचरितं मंगलमोदवर्धनम्॥ [26]

सतीशंकरम् महाकाव्य के षष्ठ सर्ग में सती की तपस्या पूर्ण को जाने के उपरान्त भगवान शंकर से मिलन का मनोरम वर्णन किया गया है। अष्टम सर्ग में शिवजी सती से मिलकर कैलास पर लौटते हैं परन्तु वे सती का वियोग में विह्वल होने लगते हैं। शिवजी का भोजन-पान् एवं भाँग से विरक्ति हो जाती है।[27] गोस्वामी जी ने सती के आत्मदाह कर लेने पर करुण-रस का मार्मिक वर्णन किया है। युद्धवर्णन प्रसंग में गौणरूप से रौद्र तथा वीर रस का भी वर्णन प्राप्त होता है। सप्तदश सर्ग में पुनः माता सती पार्वती के रूप में जन्म लेती हैं फिर उनका मिलन भगवान शंकर से होता है। इस प्रकार श्रृंगार रस इस महाकाव्य का प्रधान रस है इसके साथ ही करुण, वीर, रौद्र इत्यादि इसके गौण रस के रूप में हैं।

पुरुषार्थ वर्णन-

कतिपय अलंकारशास्त्रियों ने धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष पुरुषार्थ-चतुष्ट्य को महाकाव्य के प्रयोजन के रूप में स्वीकार किया है। परन्तु आचार्य विश्वनाथ ने एक भी पुरुषार्थ हो तो उसको प्रयोजन रूप में स्वीकार किया है। प्रस्तुत महाकाव्य के आद्यन्त समीक्षण से ज्ञात होता है कि इस महाकाव्य में प्रमुखतः काम की सिद्धि हुई है। भगवती सती एवं शिवजी का मिलन तथा माता सती के अग्निसमाधि लेने पर पार्वती जी के रूप में सती तथा शिव का पुनर्मिलन ही इस महाकाव्य का प्रयोजन है। गौणरूपेण धर्मपुरुषार्थ भी इस महाकाव्य का प्रयोजन है

नामकरण-

महाकाव्य का नामकरण कवि, चरित्र,नायक, प्रतिनायक, तथा कथावस्तु के आधार पर होना चाहिए। सतीशंकरम् महाकाव्य के नायक भगवान शंकर हैं तथा नायिका माता सती हैं। यहाँ पर नायक एवं नायिका के गुणानुवादकीर्तन को उद्देश्य करके 'सतीशंकरम्' नामकरण किया गया है।

उपसंहार-

उपर्युक्त समीक्षा से प्रतीत होता है कि कवि ने महाकाव्य लक्षणों के आधार पर ही सतीशंकरम् महाकाव्य का प्रणयन किया है। यथा– इस महाकाव्य में नायक देवता तथा धीरोदात्त गुणों से समन्वित है। इस महाकाव्य में प्रधान रस शृङ्गार तथा अन्य गौण रस हैं। कथा पुराण आश्रित है। इस महाकाव्य में काम पुरुषार्थ प्रयोजन के रूप में विदित है। प्रस्तुत महाकाव्य में मङ्गलाचरण के दो प्रकार प्राप्त हुये हैं। तथा महाकाव्य लक्षण में निर्दिष्ट अन्य तत्वों के आधार पर इसका प्रणयन किया गया है किन्तु छन्दों में यत्र-तत्र च्युतसंस्कार, अप्रयुक्तादि दोष विद्यमान हैं। इस महाकाव्य के कुछ सर्गों में सर्गान्त से पूर्व ही छन्द परिवर्तन कर दिया गया है तथा सर्गान्त में उन्हीं छन्दों का प्रयोग है जो सर्ग के प्रारंभ में प्रयुक्त थे। ऐसे कतिपय दोषों के अतिरिक्त यह ग्रन्थ महाकाव्य-लक्षण की कसौटी पर खरा उतरता है।

सन्दर्भ -

1. साहित्यदर्पण ६.३१५-३१७
2. अभिराजयशोभूषणम्, अभिराजराजेन्द्र मिश्र ६६-८०
3. अभिराजयशोभूषणम्, अभिराजराजेन्द्र मिश्र पृष्ठ २२२-२२३
4. अभिराजयशोभूषणम्, अभिराजराजेन्द्र मिश्र पृष्ठ २२३
5. अभिराजयशोभूषणम्, अभिराजराजेन्द्र मिश्र पृष्ठ २२३
6. साहित्यदर्पण ६.३१८
7. सतीशंकरम् १.९
8. साहित्यदर्पण ६.३२०
9. साहित्यदर्पण ३.३२
10. सतीशंकरम् ५.१३
11. सतीशंकरम् १.२
12. साहित्यदर्पण ६.३१९
13. सतीशंकरम् १३.२
14. साहित्यदर्पण ६.३१९
15. सतीशंकरम् १०.२०
16. सतीशंकरम् ५.१३
17. सतीशंकरम् ३.१८
18. सतीशंकरम् १२.१
19. सतीशंकरम् 13.30
20. सतीशंकरम् 11.29
21. सतीशंकरम् १४.२३
22. सतीशंकरम् 6.23
23. सतीशंकरम् 6.28
24. सतीशंकरम् ९.२१
25. साहित्यदर्पण ६.३१७
26. सतीशंकरम् १.११
27. सतीशंकरम् 8.3

पराशर एवं शंखस्मृति में वर्णित दाम्पत्य जीवन

· सुनील कुमार*

शोधसार –

पति एवं पत्नी गृहस्थ जीवन के आधार-स्तम्भ हैं। पति के द्वारा पत्नी हमेशा प्रत्येक परिस्थिति में रक्षणीय होती है और पत्नी भी अपने पति के प्रति सदैव सेवाभाव से पतिव्रता रहती है। दम्पत्ति को परस्पर में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर घर के श्रेष्ठजनों के सहयोग से सुलझाने का प्रयत्न करना चाहिए। दाम्पत्य जीवन में रहते हुए आजीवन परस्पर सामञ्जस्य की भावना आवश्यक रूप से होनी चाहिए। समाज में व्याप्त व्यभिचारों से बचने के लिए पुनर्विवाह की संकल्पना प्राप्त होती है। पत्नी के द्वारा पति को विना बताये यदि व्रतादि क्रिया का सम्पादन किया जाता है, तो वह अपने पति की आयु को कम करती है। पत्नी पति की सेवा से ही स्वर्ग को प्राप्त करती है।

बीजशब्द – दम्पत्ति, पति, पत्नी, पतिव्रता, विवाह, परिवार, घर, गृहस्थ, रक्षा, काम, पुरुषार्थ।

भारतीय समाज में परिवार की प्रधानता को बनाए रखने के लिए दाम्पत्य जीवन का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। "दम्पत्ति" शब्द स्त्री एवं पुरुष में एकत्व की भावना को संकेतित करता है। पति एवं पत्नी को दम्पत्ति कहा जाता है- दम अर्थात् घर, पति अर्थात् स्वामी। ये दोनों संयुक्त रूप से घर के स्वामी होते हैं।[1] पति – पत्नी ही परिवार वृध्दि के मूल स्रोत हैं। पत्नी को परिवार रूपी शरीर की रीढ़ की हड्डी कहा गया है क्योंकि सम्पूर्ण परिवार उसी से ही किसी न् किसी प्रकार से सम्बध्द रहता है। भारतीय परम्परा में पति के बिना पत्नी का अस्तित्त्व नगण्य है।[2] समाज में पत्नी अपने पति के सहयोग, विश्वास एवं सौहार्द के आधार पर ही समस्त उत्तरदायित्वों का निर्वहन भलीभांति कर पाती है। शंख स्मृति के अन्तर्गत यह उल्लेख मिलता है कि विद्या प्राप्त करने के पश्चात् ब्रह्मचारी द्वारा अपने प्रवर एवं गोत्र से भिन्न प्रवर एवं गोत्र वाली अथवा अपनी माता की पांच तथा पिता की सात पीढियों से पृथक् वाली भार्या को प्राप्त करने का विधान मिलता है-

विन्देत् विधिवद्भार्यामसमानार्षगोत्रजाम्।
मातृतः पञ्चमीञ्चापि पितृतस्त्वथ सप्तमीम्॥[3]

पराशर स्मृति में उल्लेख किया गया है कि जिस पुरुष का शरीर युध्द क्षेत्र में बाण, शक्ति, ऋष्टि एवं मुदगरों के द्वारा घावों से जख्मी हो जाता है अथवा मृत्यु को प्राप्त हो जाता है तो स्वर्ग लोक में देवकन्याएं एवं

*शोधच्छात्र, संस्कृत एवं प्राच्यविद्या अध्ययन संस्थान, जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय, नई-दिल्ली।

नागकन्याएं उस पुरुष की स्तुति करते हुए पति बनाने का प्रयास करती हैं।[4] इससे स्पष्ट होता है कि समाज में वीर पुरुष सभी प्रकार की स्त्रियों के लिए प्रापणीय होता है।

पति एवं पत्नी का सम्बन्ध अत्यन्त पवित्र होता है क्योंकि ये दोनों एक-दूसरे के अंग प्रत्यंग माने जाते हैं, इसीलिए पत्नी को अर्ध्दाङ्गिनी कहा जाता है। गृहकार्यों, धार्मिक कर्त्तव्यों एवं सुख-दुःख में ये दोनों परस्पर एक दूसरे के साथी होते हैं। जो अपने पति के साथ यज्ञ में भागीदार हो, पतिव्रता हो, पति प्राण-प्रिय हो तथा जो सन्तान वाली हो वह पत्नी कहलाती है-

सा भार्य्या या वहेदग्निं सा भार्य्या या पतिव्रता।
सा भार्य्या या पतिप्राणा सा भार्य्या या प्रजावती॥[5]

पत्नी को घर की लक्ष्मी कहा जाता है इस कारण से पत्नी सदैव लालन-पालन और संरक्षण के योग्य होती है। जब उसका लालन और पालन किया जाएगा तभी वह लक्ष्मी बन सकती है अन्यथा कदापि नहीं बन सकती है।[6] पति द्वारा पत्नी स्नेहभाजन के योग्य तथा हमेशा संरक्षणीय होती है। पति अपनी पत्नी के ऊपर अपनी छत्रछाया हमेशा बनाए रखें चाहें विप्लव के समय, युध्द के समय, अकाल पड़ने के समय, जन-संहार के समय, बन्दी बनाये जाने के समय और आतंक काल में उसकी रक्षा करे।[7] अन्यान्य स्मृतियों में भी इसी मत को पुष्ट किया गया है।[8]

भारतीय संस्कृति के अन्तर्गत समाज का स्वरूप ही मनीषियों के द्वारा ऐसा बनाया गया था कि पुरुष घर से बाहर के कामों को तथा स्त्री घर के अन्दर के कामों को सम्यक् ढंग से सञ्चालित किया करते थे। यह व्यवस्था वर्तमान समाज में आज भी दृष्टिगत होता है लेकिन अब स्त्रियां भी पुरुषों की भांति घर के अन्दर के कार्यों के साथ – साथ बाहर के कार्यों को भी पुरुषों के समान ही करने में सक्षम हैं और पुरुष भी घर से बाहर के कार्यों के साथ ही साथ घर के अन्दर के कार्यों को बहुत अच्छे ढंग से करने में समर्थ हैं। पत्नी पतिव्रता एवं पति पत्नीव्रता का पालन करते हुए अपने जीवन को सुगम बनाते हैं। पतिव्रता स्त्री का वर्णन करते हुए पराशर स्मृति में कहा गया है कि जो स्त्री पतिव्रता होती है वह शरीर में स्थित साढ़े तीन करोड़ लोम सदृश उतने ही समय तक स्वर्ग का भोग करती है। जिस प्रकार से सपेरा बलपूर्वक सांप को बिल से बाहर निकालता है ठीक उसी प्रकार से वह पतिव्रता स्त्री अन्य जन्म के प्राप्त होने पर उसके साथ ही आनन्दपूर्वक जीवन यापन करती है–

तिस्रः कोट्यर्ध्दकोटी च यानि रोमाणि मानुषे।
तावत् कालं वसेत् स्वर्गे भर्त्तारं यानुगच्छति॥
व्यालग्राही यथा व्यालं बिलादुध्दरते बलात्।
एवमुद्धृत्य भर्त्तारं तेनैव सह मोदते॥[9]

महर्षि शंख का मत है कि स्त्री अत्यन्त पवित्र होती है, रात्रिकाल में सम्भोग करने के समय स्त्री का मुख विशेष रूप से पवित्र होता है।[10] महर्षि वशिष्ठ का मत भी है कि जिस प्रकार से बछड़े एवं पक्षी का मुख पवित्र होता है उसी प्रकार से ही स्त्री भी केवल सम्भोग के समय ही नहीं अपितु सदैव सभी ओर से पवित्र होती है।[11] रजस्वला स्त्री पति के लिए चौथे ही दिन पवित्र हो जाती है।[12] ऋतु में स्नान की हुई जो स्त्री अपने पति के

समीप नहीं जाती है, वह मृत्यु को प्राप्त करके नरक में जाती है और अनेक बार वैधव्य जीवन को व्यतीत करती है। ठीक उसी प्रकार जो पति ऋतु में स्नान की हुई स्त्री के पास नहीं जाता है, वह घोर भ्रूणहत्या से युक्त होता है। जो अपनी पतिव्रता स्त्री को यौवन में त्याग देता है वह सात जन्मों तक वैधव्य स्त्री का जीवन यापन करता है।[13]

चतुर्विध पुरुषार्थों की प्राप्ति का आधार गृहस्थ ही है। धर्मशास्त्रानुसार वर्णित धर्मपुरुषार्थ पर आश्रित होकर ही अर्थ एवं काम की प्राप्ति करनी चाहिए। काम का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि पति एवं पत्नी के द्वारा काम की प्राप्ति भी धर्मानुसार करने का विधान है। गृहस्थ में रहते हुए स्त्री एवं पुरुष परिवार रूपी गाड़ी के दो पहिए के सदृश हैं, इन दोनों में मानसिक साम्यता होना अत्यन्त आवश्यक है। इसीलिए महर्षि मनु ने भी कहा है कि जब पति और पत्नी परस्पर वशीभूत होकर एक दूसरे के अनुगामी होते हैं, तब परिवार के अन्तर्गत धर्म, अर्थ और काम स्वयं ही एकत्रित हो जाते हैं।[14] इस प्रकार के क्रियाकलाप के सञ्चालन से ही वास्तविक सुख की उपलब्धि सम्भव है।

महर्षि पराशर का मत है कि मूर्ख, दरिद्र एवं रोगी पति का जो पत्नी आदर-सम्मान नहीं करती है तो वह स्त्री मृत्यु को पाकर सांपिन बनती है तथा बार – बार वैधव्य जीवन जीती है।[15] इसी प्रकार का उल्लेख रामचरितमानस में भी मिलता है कि जिस स्त्री के द्वारा अपङ्ग, निर्धन एवं गुणहीन पति का सम्मान नहीं किया जाता है तो वह स्त्री निन्द्य है।[16] इस प्रकार यदि कोई स्त्री किसी पुरुष के साथ विवाह के बन्धन में बंध जाती है तो उसको आजीवन अपने पातिव्रत्य धर्म का पालन करते हुए पति सेवा में संलग्न रहना चाहिए। चाहें पति शारीरिक एवं मानसिक रूप से अक्षम ही क्यों न हो। यदि इस प्रकार की भावना वर्तमान समाज में प्रत्येक दम्पत्ति के मध्य में रहे तो सामाजिक व्यभिचार का उन्मूलन आसानी से हो सकता है जिससे स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है। जो स्त्री पति के जीवित रहते हुए अथवा बिना बताए उपवास करती है तो वह अपने पति की आयु को कम करती है और खुद भी नरक को प्राप्त होती है एवं उस उपवास का फल राक्षसों को प्राप्त होता है।[17] समाज के अन्तर्गत अनेक प्रकार की मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु अनेक प्रकार के व्रतों का प्रचलन मिलता है। व्रतों को करने से विविध प्रकार के कष्टों का शमन होता है, लेकिन यह व्रत विना पति के संज्ञान में लाये नहीं करना चाहिए क्योंकि यदि ऐसा किया जाता है तो इससे पति की आयु कम होती है तथा दम्पति नरक को प्राप्त होते हैं।

भारतीय समाज में यदि किसी पुरुष का किसी अन्य स्त्री के प्रति व्यभिचार हो जाता है तो उसके विषय में नियम प्रतिपादित करते हुए कहा गया है कि जिस प्रकार आंधी द्वारा उड़ाकर लाया हुआ बीज जिसके खेत में गिरकर उत्पन्न हो जाता है, उस खेत का स्वामी ही उस बीज के फल को प्राप्त करता है, बीज वाला उसमें हिस्सेदार नहीं होता है, ठीक उसी प्रकार किसी स्त्री का अन्य पुरुष के साथ समागम होने के पश्चात् उससे उत्पन्न हुआ पुत्र उसी पुरुष का होता है जिसकी वह पत्नी होती है।[18] जिस विवाहिता स्त्री का पति छोड़कर कहीं अन्यत्र स्थान पर चला गया हो या मर गया हो उसके अलावा स्त्री गर्भ को धारण कर लेती है तो राजा उस स्त्री को पतित सम्बोधित करते हुए देश निकाला दे दे।[19] जो स्त्री अपनी इच्छा से अथवा अज्ञानतावश अपने पति,

पुत्र और बन्धु-बान्धवों को छोड़कर चली जाती है उस स्त्री कदापि स्वीकार नहीं करने का विधान है। ऐसी स्त्री इहलोक एवं परलोक में नष्टा समझी जाती हैं। मना करने के पश्चात् भी यदि कोई स्त्री अन्य पुरुष के साथ भाग जाती है और अनेक पुरुषों के सम्बन्ध स्थापित करती है तो ऐसी स्त्री को सम्पूर्ण गोत्र वाले मिलकर उसका परित्याग करें।[21] जो अपने पति को छोड़कर किसी अन्य से विवाह कर लेती है तो वह स्त्री तीन दिन में शुध्द होती है।[20] स्त्री के लिए मादक द्रव्य को ग्रहण करने का निषेध किया गया है। जिस मनुष्य की पत्नी नशीले पदार्थ का सेवन करती है उसका आधा शरीर पतित हो जाता है।[22] इस प्रकार के अनैतिक अनाचार से बचने के लिए ही इन स्मृतियों में स्त्रियों के पुनर्विवाह का विधान मिलता है।

विधवा विवाह का उल्लेख करते हुए महर्षि पराशर कहते हैं कि जिस स्त्री का पति गुम हो गया हो, मर गया हो, संन्यास ग्रहण कर लिया हो, नपुंसक हो गया हो और पतित हो गया हो तब वह दूसरा विवाह कर सकती है। पति की मृत्यु के पश्चात् यदि स्त्री ब्रह्मचर्य पूर्वक अपना जीवन व्यतीत करती है तो वह मरकर उत्तम ब्रह्मचारिणियों के समान स्वर्ग को प्राप्त करती है।[23] साम्प्रतिक समाज में इस प्रकार की व्यवस्था प्रचलित है कि यदि विवाह के पश्चात् स्त्री के पति की मृत्यु हो जाती है तो उसके पुनर्विवाह की व्यवस्था विद्यमान है, लेकिन पति के जीवित रहते हुए भी आजकल पति एवं पत्नी में सामञ्जस्य न होने के कारण विवाहविच्छेद (तलाक) की परम्परा समाज में तीव्र गति से फैल रही है। यदि इन दोनों स्मृतियों में बताये गये विधानों का सम्यक रीति से पालन किया जाये तो सुखी गृहस्थ जीवन बिताया जा सकता है।

दाम्पत्य जीवन बिताते हुए यदि किसी बात को लेकर पति एवं पत्नी में झगड़ा हो जाए और पति अपनी पत्नी को "तू मेरे लिये अगम्या है" कहे और कुछ समय के पश्चात् वह अपनी पत्नी के पास वापस जाना चाहे तो वह इस बात की घोषणा विद्वज्जनों के मध्य करे।[24] मनुस्मृति में भी पति को निर्देश देते हुए कहते हैं कि पुरुषों को अपनी स्त्रियों के साथ कलह नहीं करना चाहिए।[25] पति एवं पत्नी के बीच में यदि किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न हो जाए तो उस विवाद को परिवार के प्रधान सदस्यों के समक्ष रखना चाहिए और उसको वहीं पर समाप्त करने का प्रयास किया जाना चाहिए। वर्तमान समय में दम्पत्तियों के मध्य सामञ्जस्य का अत्यधिक अभाव मिलता है जिस कारण से ज्यादातर समस्याओं की उत्पत्ति होती है। स्त्री न तो व्रतों से, न तो उपवासों से, तथा न ही अनेक प्रकार के धर्मों के आचरण से स्वर्ग को प्राप्त करती है, वह केवलमात्र पति सेवा से ही स्वर्ग को प्राप्त करती है-

न व्रतैर्नोपवासैश्च धर्मेण विविधेन च।
नारी स्वर्गमवाप्नोति प्राप्नोतिपतिपूजनात्॥[26]

महर्षि मनु एवं वशिष्ठ का भी मानना है कि पति की सेवा करने से ही स्वर्ग को प्राप्त होती हैं।[27] इस प्रकार से पराशर एवं शंखस्मृति में वर्णित दाम्पत्य जीवन का वर्णन मिलता है। इनके प्रयोग से मनुष्य गृहस्थ जीवन को सुखमय बनाते हुए स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है।

सन्दर्भ –

1. डॉ० कृष्णकुमार, प्राचीन भारत का सांस्कृतिक इतिहास, पृ० 223

2. जिय बिनु देह नदी बिनु वारी। तेसिअ नाथ पुरुष बिन नारी॥ रामचरितमानस, अयो० दो० 64, चौ० 4
3. विन्देत् विधिवद्भार्यामसमानार्षगोत्रजाम्। मातृतः पञ्चमीञ्चापि पितृतस्त्वथ सप्तमीम्॥ शं० स्मृ०, 4/1
4. यस्य च्छेदक्षतं गात्रं शरशक्त्यृष्टिमुद्गरैः। देवकन्यास्तु तं वीरं गायन्ति रमयन्ति च॥ देवाङ्गनासहस्राणि शूरमायोधने हतं। नागकन्याश्च धावन्ति मम भर्त्ता भवेदिति॥ परा० स्मृ०, 3/42-43
5. सा भार्य्या या वहेदग्निं सा भार्य्या या पतिव्रता। सा भार्य्या या पतिप्राणा सा भार्य्या या प्रजावती॥ शं० स्मृ०, 4/14
6. लालनीया सदा भार्य्या ताडनीया तथैव च। लालिता ताडिता चैव स्त्री श्रीर्भवति नान्यथा॥ शं० स्मृ०, 4/15
7. डामरे समरे वापि दुर्भिक्षे वा जनक्षये। वन्दिग्राहे भयार्त्ते वा सदा स्वस्त्रीं निरीक्षयेत्॥ परा० स्मृ०,10/17
8. मनु०, 9/96, याज्ञ०, 1/85, व्यास०, 2/53-54, वसि०, 5/4, नारद०,13/30-31
9. परा० स्मृ०, 4/33-34
10. शय्या भार्या शिशुवस्त्रमुपवीतं कमण्डलुः। आत्मनः कथितं शुध्दं न शुध्दं हि परस्य च॥ नारीणां चैव वत्सानां शकुनीनां शुनां मुखम्। रात्रौ प्रस्रवणे वृक्षे मृगयायां सदा शुचि॥ शं० स्मृ०,16/14-15
11. स्त्रियो मेध्यास्तु सर्वतः। वसि० 28/8-9
12. शुध्दा भर्तुश्चतुर्थेऽह्नि स्नानेन स्त्री रजस्वला। शं० स्मृ०,16/16
13. ऋतुस्नाता तु या नारी भर्त्तारं नोपसर्पति। सा मृता नरकं याति विधवा च पुनः पुनः॥ ऋतौ स्नातान्तु यो भार्य्यां सन्निधौ नोपगच्छति। घोरायां भ्रूणहत्यायां युज्यते नात्र संशयः॥ परा० स्मृ०, 4/13-1
14. मनु०, 3/61
15. अदुष्टा पतितां भार्य्यां यौवने यः परित्यजेत्। सप्त जन्म भवेत् स्त्रीत्वं वैधव्यं च पुनः पुनः॥ दरिद्रं व्याधितं मूर्खं भर्त्तारं या न मन्यते। सा मृता जायते व्याली वैधव्यञ्च पुनः पुनः॥ परा० स्मृ०, 4/15-16
16. वृध्द रोगबस जड़ धनहीना। अन्ध बधिर क्रोधी अतिदीना॥ एसेहुं पति कर किए अपमाना। नारि पाव जमपुर दुख नाना॥ रामचरितमानस, अरण्य० दो० 4, चौ० 3
17. पत्यौ जीवति या नारी उपोष्य व्रतमाचरेत्। आयुष्यं हरते भर्तुः सा नारी नरकं व्रजेत्॥ अपृष्ट्वा चैव भर्तारं या नारी कुरुते व्रतम्। सर्वं तद्राक्षसान् गच्छेदित्येवं मनुरब्रवीत्॥ परा० स्मृ०, 4/17-18
18. ओघवाताहतं बीजं यथा क्षेत्रे प्ररोहति। क्षेत्री तल्लभते बीजं न बीजी भागमर्हति॥ तद्वत् परस्त्रियाः पुत्रौ द्वौ सुतौ कुण्डगोलकौ। परा० स्मृ०, 4/22-23
19. जारेण जनयेद् गर्भं गते त्यक्ते मृते पतौ। तां त्यजेदपरे राष्ट्रे पतितां पापकारिणीम्॥ परा० स्मृ०,10/30
20. ब्राह्मणी तु यदा गच्छेत् परपुंसा समन्विता। सा तु नष्टा विनिर्द्दिष्टा न तस्यां गमनं पुनः॥ कामान्मोहाद्यदा गच्छेत्त्यक्त्वा बन्धून् सुतान् पतिम्। सा तु नष्टा परे लोके मानुषेषु विशेषतः॥ ब्राह्मणी तु यदा गच्छेत् परपुंसा विवर्जिता। गत्वा पुंसां शतं याति त्यजेयुस्तान्तु गोत्रिणः॥ परा० स्मृ०, 10/31-32,36
21. अनौरसेषु पुत्रेषु भार्यास्वन्यगतासु च। परपूर्वासु च स्त्रीषु त्र्यहाच्छुध्दिरिहेष्यते॥ शं० स्मृ०,15/13
22. पतत्यर्ध्दं शरीरस्य यस्य भार्य्या सुरां पिबेत्। परा० स्मृ०, 10/27
23. नष्टे मृते प्रव्रजिते क्लीवे च पतिते पतौ। पञ्चस्वापत्सु नारीणां पतिरन्यो विधीयते॥ मृते भर्त्तरि या नारी ब्रह्मचर्य्ये व्यवस्थिता। सा मृता लभते स्वर्गं यथा सद्ब्रह्मचारिणः॥ परा० स्मृ०, 4/31-32
24. यस्तु क्रुध्दः पुमान् भार्य्यां प्रतिज्ञायाप्यगम्यताम्। पुनरिच्छति ताङ्गन्तुं विप्रमध्ये तु श्रावयेत्॥ परा० स्मृ०, 12/53
25. मनु०, 4/180
26. शं० स्मृ०, 5/8
27. मनु०, 5/155 वसि०, 5/3-4

संस्कृत काव्यशास्त्र के प्रति आचार्य श्रीभोजदेव का अवदान

· अजय सिंह*

शोधसार –

शब्दार्थ काव्य का शरीर है, शरीर की सुषमा तभी होती है जब वह सुगठित हो निर्दोष, सगुण हो, अलङ्कृत हो, अवयवों का विन्यास पेशल हो। अन्तःशब्दार्थ की संघटना, रीति तथा वृत्ति, उक्ति, दोषाभाव, गुण, अलङ्कार तथा रस की समीक्षा काव्य में आवश्यक है। इसी समीक्षात्मक अध्ययन में अनेक काव्यशास्त्रीय आचार्यों ने संस्कृत काव्यशास्त्र को उत्कृष्टता के परमशिखर पर प्रतिष्ठित किया है। इसी विद्वत शृङ्खला में, प्रस्तुत शोधपत्र में आचार्य भोजदेव द्वारा संस्कृत काव्यशास्त्र को समृद्ध करने का समुचित विवेचन किया गया है।

बीजशब्द – काव्यशास्त्र, समराङ्गसूत्रधार, परमनिष्णात, उज्जयिनी, धारेश्वर, त्रिभुवननारायण, व्यवहारविदे, कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे।

संस्कृत भाषा में रम्य या हृदयग्राही रचना की समीक्षा की पद्धत्ति को काव्यशास्त्र, अलङ्कारशास्त्र, साहित्याशास्त्र या आलोचनाशास्त्र कहते हैं, काव्यशास्त्र में उन समस्त विषयों का ग्रहण होता है जिनका काव्य की रचना में भावात्मक या अभावात्मक योगदान है, इसमें काव्य के लिए उपादेय (रस, ध्वनि, रीति, गुण, अलङ्कार) तथा हेय (दोष) विषयों का अनुशीलन होना है, इन्ही तत्त्वों के आधार पर किसी रचनाकार या उनकी रचना के समीक्षा की जा सकती है, यदि काव्यशास्त्रीय व्युत्पत्ति न हो तो समस्त कवि एक समान ही लगेंगे, भावुकता में आकर सबको उत्कृष्ट या निकृष्ट ही कह देना अशास्त्रीय घोषणा-मात्र है। यद्यपि किसी रचना का आनन्द या प्रभावकता बहुत दूर तक आत्मनिष्ठ विषय है किन्तु संस्कृत काव्यशास्त्र उसे अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ अभिव्यक्ति का विषय बनाने का प्रयास करता है, यही इसकी महत्ता है।

उपरोक्त उपादेय तथा हेय विषयों के अतिरिक्त संस्कृत काव्यशास्त्र में काव्य के प्रयोजन, काव्यहेतु, काव्यलक्षण, काव्यभेद जैसे अनेक विषय भी अनेक आचार्यों के द्वारा विवेचित हुए हैं, इन्हे भी शास्त्र का विषय कहा जाता है। संस्कृत काव्यशास्त्र में प्रतिष्ठित काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ इन समस्त तत्त्वों को समाहित कर संस्कृत काव्य को समृद्ध किया है।

काव्यशास्त्र में आदि के सभी आचार्यों ने काव्यशास्त्रीय ग्रन्थों को काव्यालङ्कार नाम से अभिषिक्त

*शोधच्छात्र, संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय

किया है। अतः आचार्य भोजदेव ने मुख्य रूप से इस शास्त्र के लिए 'काव्यशास्त्र' पद का प्रयोग किया है, परन्तु उन्होंने शास्त्र शब्द की विधि- प्रतिषेध परक शासनात् शास्त्रं इस पहली व्युत्पत्ति को लेकर ही शास्त्र शब्द का प्रयोग माना है-

यद्विधौ च निषेधे च व्युत्पत्तेरेव कारणम्।
तदध्येयं विदुस्तेन लोकयात्रा प्रवर्तते।।
काव्यं शास्त्रेतिहासौ च काव्यशास्त्रं तथैव च।
काव्येतिहासः शास्त्रेतिहासस्तदपि षड्विधम्।।[1]

जो विधि तथा निषेध दोनों दशाओं में विशद ज्ञान का ही कारण है,उसको अध्येय समझा जाता है। इसमे लोकव्यवहार सम्पन्न होता है। यह अध्येय भी छः प्रकार का होता है- काव्य, शास्त्र, इतिहास, काव्यशास्त्र, काव्येतिहास, शास्त्रेतिहास।

आचार्य भोजदेव द्वारा दिया गया यह विभाजन तथा अध्येय का उद्देश्य दोनों ही आश्चर्य जनक तथा आनन्दप्रद है। लोग काव्य के कारणों में व्युत्पति का योग आवश्यक समझते हैं, किन्तु यहाँ अध्येय-साहित्य को ही व्युत्पत्ति का कारण कहा जाता है।वस्तुतः इसमें ही आचार्य मम्मट द्वारा निर्दिष्ट 'व्यवहारविदे' तथा 'कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे' दोनों का समावेश हो जाता है, तथापि रुद्रट की ये पंक्तियां उससे भी मनोहर है-

छन्दोव्याकरणकलालोकस्थिति पदपदार्थ विज्ञानात्।
युक्तायुक्तविवेको व्युत्पत्तिरियं समासेन।।
विस्तरतस्तु किमन्यत् तद् इह वाच्यं न वाचकं लोके।
न भवति यत्काव्याङ्ग सर्वज्ञत्वं ततोऽन्यैषा।।

आचार्य भोजदेव ने काव्य का प्रयोजन कीर्ति और प्रीति को ही माना हैं।

निर्दोषं गुणवत्काव्यमलङ्कारैरङ्कृतम्।
रसान्वितं कविःकुर्वन् कीर्तिं प्रीतिं च विन्दति।।[3]

दोषहीन, गुणसमन्वित, अलङ्कारों से विभूषित तथा रसपेशल काव्य की रचना करता हुआ कवि यश तथा आनन्द प्रीति प्राप्त करता है। यहाँ 'काव्यम्' पद के विशेषण के रूप में प्रयुक्त 'निर्दोष' 'गुणवत्' 'अलङ्कारैरलंकृतम्' तथा 'रसान्वितम्' पद ग्रन्थकार की काव्य-विषयक मान्यता को स्पष्ट कर देते हैं।

आचार्य भामह ने भी काव्य को 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्'[4] तथा आचार्य दण्डी ने 'शरीरं तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्न पदावली काव्यम्'[5], अग्निपुराण में 'संक्षेपाद् वाक्यमिष्टार्थव्यवच्छिन्न पदावली काव्यम्'[6] आचार्य रुद्रट ने 'शब्दार्थौ काव्यम्'[7], आचार्य वामन ने 'काव्यशब्दोऽयं गुणालङ्कारसंस्कृतयोः वर्तते'[8] आदि समस्त परिभाषाओं मे शब्द तथा अर्थ अनिवार्यतः काव्य शरीर के रूप में स्वीकृत हैं। आचार्य भोजदेव के परवर्ती आचार्यों में आचार्य हेमचन्द्र की काव्य परिभाषा 'अदोषौ सगुणौ सालङ्कारौ च शब्दार्थौ काव्यम्'[9] इनके अत्यन्त निकट है। इसी प्रकार आचार्य मम्मट का 'तद् दोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कती पुनः क्वापि'[10], वाग्भट्ट का 'शब्दार्थौ निर्दोषौ सगुणौ प्रायः सालङ्कारौ च काव्यमय'[11], विद्यानाथ' गुणालङकार

सहितौ शब्दार्थौ दोषवर्जितौ काव्यम्'[1 2], जयदेव-'निर्दोषा लक्षणवती सरीतिर्गुणभूषिता। सालङ्काररसानेकवृत्तिर्वाक् काव्यनामभाक्।।[13]

आदि काव्य लक्षणों में आचार्य भोजदेव का प्रभाव परिलक्षित होता है। आचार्य भोजदेव रसवादी समीक्षक है। अतः काव्य के लिए अपेक्षित गुण एवं अलङ्कार दोनों में से किसी एक को ही यदि ग्रहण करना हो तो वह गुणों को ही वरीयता प्रदान करेंगे, गुणों का रस से नित्य सम्बन्ध है जबकि अलङ्कारों का नहीं-

अलङ्कृतमपि श्रव्यं न काव्यं गुणवर्जितम्।
गुणयोगस्तयोर्मुख्यो गुणालङ्कारयोगयोः।।[14]

अलङ्कार युक्त रहने पर भी गुणहीन काव्य को नहीं सुनना चाहिए। गुण तथा अलङ्कार इन दोनों के योगों में गुण का योग अपेक्षाकृत प्रमुख है।

आचार्य भोजदेव ने वाङ्मय के तीन भेद किये है-

वक्रोक्तिश्च रसोक्तिश्च स्वभावोक्तिश्च वाङ्मयम्।
सर्वानुग्राहिणी तासु रसोक्ति प्रतिजानते।। [15]

आचार्य दण्डी ने वाङ्मय के दो भेद माने है-

भिन्नं द्विधा स्वभावोक्तिर्वक्रोक्तिश्चते वाङ्मयम्।

आचार्य भोजदेव रसोक्ति को स्पष्ट करते हुए कहते है-

विभावस्यानुभावस्य सात्विकव्यभिचारिणोः।
संयोगे तस्य निष्पत्तिमात्रं निष्पत्तिरिष्यते।। [16]

पूर्ववर्ती आचार्य भरतमुनि, आनन्दवर्धन, अभिनवादि को प्रमाण मान कर रस निष्पत्ति की प्रक्रिया उनके द्वारा जो वर्णित थी, उसी को स्वीकार करते है।

उक्ता भावादिभेदेन तेऽमी रत्यादयो रसाः।
अथैतेष्वेव केषाञ्चिद्विशेषानभिदध्महे ।।
श्रृङ्गारवीरकरुणा रौद्राद्भुतभयानकाः।
बीभत्सहास्यप्रेयांसः शान्तादात्तोद्धता रसाः।।[17]

आचार्य भोजदेव ने 12 रसों का उल्लेख किया है। यह संख्या तथा नाम दोनों ही परम्परा से कुछ भिन्न हैं। आचार्य भरतमुनि ने महात्मा द्रुहिण का मत उद्धृत किया तथा स्वयं भी माना कि-

श्रृङ्गारहास्यकरुणा रौद्रवीरभयानकाः।
बीभत्साद्भुतसंज्ञोचेत्यष्टौ नाटये रसाःस्मृताः।।
एते ह्यष्टौ रसाः प्रोक्ताः द्रुहिणेन महात्मना।।[18]

आचार्य भरतमुनि के समतुल्य ही धनञ्जय ने दशरूपक में शान्त रस के स्थायी भाव को ही अस्वीकार कर दिया-

शममपिकेचित्प्राहुः पुष्टिर्नाटयेषु नैतस्य।।[19]

आचार्य आनन्दवर्धन, आचार्य अभिनवगुप्त, आचार्य मम्मट आदि ने पुनः शान्त रस की स्थापना की अन्ततः मम्मट का यह वाक्य एक प्रकार से सिद्धान्त बन गया -

निर्वेदः स्थायिभावोऽपि शान्तोऽपि नवमो रसः।[20]

आचार्यों के मतानुसार सर्वप्रथम शान्तरस की स्थापना नाट्यशास्त्र के प्रसिद्ध टीकाकार उद्भट ने अपने प्रतिष्ठित ग्रन्थ काव्यालङ्कार संग्रह में प्रस्तुत किया था।[21]

रुद्रट ने अपने काव्यालङ्कार में भी इसी प्रकार इन्हीं रसों को ही प्राथमिकता प्रदान की है-

श्रृङ्गारवीरकरुणा बीभत्सभयानकाद्भुता हास्यः।
रौद्रःशान्त प्रेयानिति मन्तव्या रसाः सर्वे।।[22]

वहीं इन्होंने मधुर रस की ओर संकेत किया -

रसनाद्रसत्वमेषां मधुरादीनामिवोक्तमाचार्यो।[23]

अन्त में रूपगोस्वामी ने अपने भक्तिरसामृतसिन्धु तथा उज्ज्वलनीलमणि में भक्ति को भी रस रूप में मान्यता प्रदान की है।

आचार्य भोजदेव ने ना तो भक्ति को रस रूप में विवेचन किया है और नहीं स्थायी भावों के प्रकरण में ऐसा कोई प्रमाण दिया है।

आचार्य भोजदेव के जीवन परिचय में डॉ द्विजेन्द्र नाथ शुक्ल के शब्दों में- महाराज भोजदेव की जीवन गाथा भारतीय इतिहास में राजर्षि, प्रियदर्शी अशोक महाप्रतापी तथा महाराज विक्रमादित्य के बाद भारतीय जन समाज में अतिप्रसिद्धि राजा भोजदेव को ही प्राप्त हुई हैं।

महाराजा विक्रमादित्य का यदि न्याय प्रसिद्ध है तो महाराज अशोक का धर्म प्रचार तथा महाराज भोजदेव की साहित्यिक गरिमा।[24]

भोजदेव का दूसरा नाम त्रिभुवननारायण भी मिलता है। इसी नाम का एक और पर्याय त्रिलोकनारायण भी प्रयुक्त हुआ है।[25]

इन्होंने राजधानी उज्जयिनी से हटाकर धारा नगरी को बनाया था,अतः इनको धारेश्वर भी कहा जाता है।[26]

इनके पिता का नाम सिन्धुल अथवा सिन्धुराज पितामह का नाम सीयदेव था।

आचार्य भोजदेव अनेक विद्याओं- काव्यशास्त्र, दर्शनशास्त्र, वास्तुशास्त्र, युद्धकौशल, ज्योतिष, आयुर्वेद आदि में परमनिष्णात, समराङ्गणसूत्रधार, चतुष्षष्टिकलापारदृश्वा, कुशलप्रशासक, कवि, दानवीर विद्वानों तथा कवियों के आश्रयदाता थे।[27]

ऐतिहासिक कवि कल्हण ने अपने प्रतिष्ठित ग्रन्थ 'राजतरङ्गिणी' में भोजदेव के समय के विषय में बताया है-

स च भोजनरेन्द्रश्च दानोत्कर्षेण विश्रुतौ।
सूरी तस्मिन् क्षणे तुल्यं द्वावास्तां कवि बान्धवौ।।[28]

विल्हण इन्होंने भी भोजदेव के समय को स्पष्ट करते हुए कहा है कि-

यस्य भ्राताक्षितिपतिरितिक्षत्रतेजोनिधानम्।
भोजक्ष्माभृत्सदृशमहिमा लोहराखण्डलोऽभूत।।[29]

वस्तुतः दोनों ऐतिहासिक ग्रन्थों के आधार पर भोजदेव का समय लगभग 999-1062 होना चाहिए।

धार्मिक कृत्य-

भोजदेव शैवमतानुयायी थें उदयपुर प्रशस्ति में इनको भर्गभक्त- शिवभक्त कहा जाता है।[30]

स्वयं भोजदेव के ही 1076 और 1078 विक्रमसम्वत् के दोनों दानपात्रों का पूर्वार्ध समान पदावली में निबद्ध है जिनमे भगवान शिवपूजा के अनन्तर दान देने का उल्लेख है।

आफ्रेक्ट महोदय ने अपने ही स्कैटेलागस कैटेलागोरमस्में आचार्य भोजदेव के नाम से भिन्न-भिन्न विषयों के ग्रन्थों की सूची दी है।[31]

काव्यशास्त्र- 1 सरस्वतीकण्ठाभरण 2 श्रृङ्गारप्रकाश।

व्याकरण- 3 सरस्वतीकण्ठाभरण 4 शब्दानुशासन 5 भर्तृहरिकारिका।

चिकित्सा- 6 आयुर्वेदसर्वस्व 7 राजमृगाङ्क 8 विश्रान्तविद्याविनोद 9 शालिहोत्र (अश्वचिकित्सा)।

ज्योतिष- 10 आदित्यप्रतापसिद्धान्त 11 राजमार्ण्ड 12 राजमृगाङ्क 13 विद्वज्जनवल्लभ प्रश्नज्ञान।

शैवदर्शन- 14 सिद्धान्तसंग्रह 15 तत्वप्रकाश 16 शिवत्तरत्नकलिका।

वास्तुविद्या- 17 समराङ्गणसूत्रधार 18 युक्तिकल्पतरु।

धर्मशास्त्र एवं नीति शास्त्र- 19 चाणक्यनीति 20 चारुचर्या 21 व्यवहारसमुच्चय 22 विविधविद्याचतुरा 23 सिद्धान्तसारपद्धति।

अन्यदर्शन- 24 राजमार्तण्ड (योगसूत्रवृति) 25 राजमार्तण्ड (वेदान्त) 26 द्रव्यानुयोगकर्तणा की टीका।

काव्य, कथा, चम्पू आदि- 27 चम्पूरामायण 28 नाममालिका (कोष) 29 विद्याविनोद (काव्य) 30 सुभाषित प्रधन्ध 31 कूर्मशतकम् 32 अवनिशतकम् 33 पारिजात मञ्जरी 34 श्रृंगार मञ्जरीकथा 35 कोदण्ड 36 अज्ञातनामप्राकृतकाव्य।

वस्तुतः काव्यशास्त्र के विषय में आचार्य भोजदेव के दो ग्रन्थ प्राप्त हुए[32] –

1. सरस्वतीकण्ठाभरण
2. श्रृङ्गारप्रकाश

सरस्वतीकण्ठाभरण में पाँच परिच्छेद हैं-

प्रथम परिच्छेद-

दोषाः पदानां वाक्यानां वाक्यार्थानां च षोडश।
हेयाः काव्ये कवीन्द्रैर्ये तानेवादौ प्रचक्ष्महे।।[33]

दोष एवं गुणों का विवेचन हैं। इसमें इन्होंने पद-वाक्य तथा वाक्यार्थ तीनों के 16-16 दोष तथा शब्द

एवं अर्थ के 24-24 गुणों का उल्लेख किया हैं।

द्वितीय परिच्छेद –

जातिर्गती रीतिवृत्तिच्छायामुद्रोक्तियुक्तयः
भणितिर्गुम्फना शय्या पठितिर्यमकानि च।।
श्लेषानुप्रासचित्राणि वाकोवाक्यं प्रहेलिका।
गूढ़प्रश्नोत्तराध्येयश्रव्यप्रेक्ष्याभिनीतयः।।
चतुर्विंशतिरित्युक्ताः शब्दालङ्कारजातयः।
अथासां लक्षणं सम्यक्सोदाहरणमुच्यते।।[34]

तृतीय परिच्छेद–

अलमर्थमलंकर्तु ये व्युत्पत्त्यादिवर्त्मना।
ज्ञेया जात्यादयाः प्राज्ञैस्तेऽर्थालङ्कारसंज्ञया।।
जातिविभावना हेतुरहेतुः सूक्ष्यमुत्तरम्।
विरोधः संभवोऽन्योन्यं परिवृतिर्निदर्शना।।
भेदः समाहितं भ्रान्तिवितर्को मीलितं स्मृतिः।
भावःप्रत्यक्षपूर्वाणि प्रमाणानि च जैमिनेः।।[35]

चतुर्थ परिच्छेद–

शब्देभ्यो यःपदार्थेभ्य उपमादिःप्रतीयते।
विशिष्टोऽर्थः कवीनां ता उभयालंक्रियाः प्रियाः।।
उपमा रूपकं साम्यं संशयोक्तिरह्नुतिः।
समाध्युक्तिःसमासोक्तिरूत्प्रेक्षाप्रस्तुतस्तुतिः।।
सतुल्ययोगितोल्लेखः ससहोक्तिःसमुच्चः।
साक्षेपोऽर्थान्तरन्यासः सविशेषा परिष्कृतिः।।
दीपकक्रमपर्यायातिशयश्लेषभाविकाः।
संसृष्टिरिति निर्दिष्टास्ताश्चतुर्विंशतिर्बुधैः।।[36]

पञ्चम् परिच्छेद–

इस परिच्छेद में मुख्य रूप से रस, भाव, पञ्चसन्धि तथा वृत्तिचतुष्टयों का वर्णन किया है।[37]

श्रृंगारप्रकाश- आचार्य भोजदेव अतीब विशाल यह दूसरा ग्रन्थ इसमें कुल 36 प्रकाश हैं।

प्रथम आठ प्रकाशों में शब्द तथा अर्थ सिद्धान्तों का व्याकरण की दृष्टि से निरूपण किया गया है। नवम्-दशम प्रकाश में दोष-गुण-समीक्षा, एकादश-द्वादश प्रकाश में महाकाव्य और नाटक का विवेचन तथा शेष 24 प्रकाशों में रसों का सोदाहरण सूक्ष्म एवं विशद वर्णन किया गया है।

जैसा कि ग्रन्थ के नाम से ही प्रतीत होता है कि श्रृङ्गार रस को ही प्रधान रस माना गया है।

शृङ्गारवीरकरुणाद्भुतरौद्रहास्य बीभत्सवत्सलभयानकशान्तनाम्नः।
आम्नासिषुर्दशरसान् सुधियो वयन्तु शृङ्गारमेव रसनाद्रसमामनामः।।
वीराद्भुतादिषु च येह रसप्रसिद्धः वटयक्षवदाविभाति।
लोके गतानुगतिकत्व-वशादुपेतामेतां निवर्तयितुमेष परिश्रमो नः।।[38]

किन्तु आचार्य भोजदेव का यह शृङ्गार सामान्य शृङ्गार नहीं है, अपितु इसमें धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष चारों पुरुषार्थों का समावेश हो जाता है।

अथ भोजनृपादीनां मतमत्र प्रकाश्यते। रसो वै सः इति श्रृत्वा रस एकःप्रकीर्त्तिः। अतो रसः स्याच्छृङ्गार एक एवेतरे तु न।। धर्मार्थकाममोक्षाख्यभेदेन स चतुर्विधः[39]

वस्तुतः आचार्य श्रीभोजदेव ने संस्कृत काव्यशास्त्रीय ग्रन्थों के साथ ही साथ विभिन्न विषयों में अपनी उत्कृष्ट रचनाओं के माध्यम से सभी विद्वत् आचार्यों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। आचार्य भोजदेव के दो काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ 'सरस्वतीकण्ठाभरण' तथा 'शृङ्गारप्रकाश' विद्वानों के कण्ठहार समतुल्य माने जाते हैं।

सन्दर्भ -

1. सरस्वतीकण्ठाभरण 2/138-139
2. काव्यालङ्कार 1/18-19
3. सरस्वतीकण्ठाभरण 1/2
4. भामह काव्यालङ्कार 1/6
5. काव्यादर्श 1/10
6. अग्निपुराण 2/5
7. रुद्रट काव्यालङ्कार 7/1
8. वामन काव्यालङ्कार 1/1/1
9. हेमचन्द्रानुशासन पृष्ठ 16
10. काव्यप्रकाश 1/1
11. तदेव, पृष्ठ 24
12. प्रतापरुद्र पृष्ठ 42
13. सरस्वतीकण्ठाभरण पृष्ठ 4
14. सरस्वतीकण्ठाभरण 1/59
15. तदेव, 5/8
16. तदेव, 5/26
17. तदेव, 5/163-164
18. नाट्यशास्त्र, 6/1-6
19. दशरूपक, 4/35
20. काव्यप्रकाश, 4/47
21. सरस्वतीकण्ठाभरण, द्वितीय भाग पृष्ठ, 415
22. काव्यालङ्कार, 12/3

23. तदेव, 12/4
24. भारतीय वास्तुशास्त्र, वास्तुविद्या एवं पुरनिवेश, लखनऊ 1955, पृष्ठ 1
25. विश्वेश्वरनाथ रेल, राजाभोज हिन्दुस्तानी एकेडमी, उत्तर प्रदेश, 9-इलाहाबाद, 1932, पृष्ठ 9
26. सरस्वतीकण्ठाभरण, पृष्ठ 1
27. तदेव, पृष्ठ 3
28. राजतरङ्गिणी, 7/259
29. विक्रमाङ्कदेवचरितम्, सर्ग 18, श्लोक 48
30. सरस्वतीकण्ठाभरण, पृष्ठ 5
31. प्रबन्ध चिन्तामणि, पृष्ठ 50
32. संस्कृत वाङ्मय का बृहद् इतिहास, अष्टम खण्ड, काव्यशास्त्र, पृष्ठ 201
33. सरस्वतीकण्ठाभरण, 1/3
34. तदेव, 2/5
35. तदेव, 3/3
36. तदेव, 4/4
37. संस्कृत वाङ्मय का बृहद् इतिहास, अष्टम खण्ड, काव्यशास्त्र, पृष्ठ 202
38. तदेव, पृष्ठ 582
39. मन्दारमरन्दचम्पू, बिन्दु 7, पृष्ठ 107

Judicial approach on development of Hindi through Sanskrit

· Prof. Rakesh Kr. Singh*

Abstract :

A national language is required to bring together, diverse cultures and ethnicities under a single roof so that a nation can develop easily and speedily with least friction. A close knit and integrated society develops at a faster rate as compared to a disintegrated society. Therefore, more internal conflicts imply slow social transformation and mono-lingualism goes to a great extent in minimizing internal conflicts. Therefore, now time has come to install Hindi as National language with the help of Sanskrit as enshrined under Constitution of India.

Key terms: National Language, constitution, Rajyabhasha, Supreme Court, N.E.P. 2020.

I. Introduction :

The provisions made in the Constitution have not settle the language problem once and for all. There is ample scope for conflicting interpretation. It is neither the fault of the Constitution makers nor even of the administrators that the larger issue still exists. In a country like India, where several dominant languages having their own characteristic culture, it is inevitable that such conflict frequently arises. Broadly speaking, there are four major groups of Indian languages:

1. Indo-Aryan: Sanskrit, Hindi, Marathi, Bengali, Oriya, Assamese, Kashmiri, Nepali, Konkani, Punjabi and Urdu.
2. Dravidian: Telugu, Tamil, Kannada, Malayalam and Tulu.
3. Mongoloid: Manipuri, Tripura, Garo, and Bodo.
4. Tribal Language and Dialects: Gond, Oraon, Santal, Mundari, etc.[1]

However, our Constitution makers had tried to evolve a compromise formula to settle language issue. The conflict on the issue of language has been quite expected among the regional language groups in course of their gradual politicization in the present democratic set-up. Indian judiciary was confronted with highly complex and controversial issue of language policy for the country and it has to balance the claim of

*Professor and Ex. Head & Dean, Faculty of Law, University of Lucknow, Lucknow-226031 (U.P.)

political expediency, people's emotional sensitivity and linguistic activities. Indian Judiciary by making different interpretation at different times though circulated blood in empty vessel of Constitutional provisions but ultimately puts its own stamp to balance the competing claim of Hindi as Official Language of Union and upholding the retention of English as language of administration and courts. Also, opting for national language brings about uniformity in the society. In Indian context use of a single language in executive and judicial functions can help to bring about uniformity and integrity in the country. Explaining the importance of a national language, the President of Constituent Assembly said :

"There is no other item in the whole Constitution which will be required to be implemented from day to day, from hour to hour, I may almost say from minute to minute in practice. Even if we succeed in getting a particular proposition passed by a majority, if it does not meet with the approval of any considerable section of the people in the country whether in the north or in the south, the implementation of the Constitution would become the most difficult problem."[2]

II : Constitutional Provision regarding Directive for Development of Hindi through Sanskrit (Article 351) :

At the time of the framing of Constitution, an argument used for having a long transitory period for change-over from the English to the Hindi language was that it was an underdeveloped language and that it needs to be developed before it could be ready to take the place of the English language. Therefore, Art.351 placed the Central Government under an obligation to take steps to promote the spread and development of Hindi[3].

According to the Language Commission, 'other language' means all other language and not necessarily the language of India specified in the Constitution. Hence, in the process of development and enrichment of the Hindi language, there is no inhibition as to draw from any language including the English language.[4]

Purists desire to draw upon Sanskrit, and Sanskrit alone, for new words necessary to develop Hindi as a language of administration and education, while the liberalists want to use all regional languages and also Hindustani for the purpose. There is no doubt however that Hindi developed on the lines laid down in Art.351 would be very different from its present form. The idea of assimilating terms from regional languages into Hindi is expedient as it would allay apprehension and misgiving of those linguistic groups whose languages do not have a Sanskrit base.

This Article thus defines Hindi, the official language of the Union, and in so doing touches the various aspects of the language problem, such as its form, its styles, its relationship with the seventeen languages specified in VIII Schedule and the need to develop it and to enrich it to make it fit for use as the official language of the Union.

Since the enrichment of the Hindi language is to be achieved by assimilation of

forms and styles of the Hindustani and other languages including Hindi mentioned in VIII Schedule, it has been argued at some length that the Hindi envisaged in the Constitution as the official language of the Union is to be different from the Hindi adopted by Hindi State as their official language, for Hindi cannot be enriched by 'Hindi; Hindi cannot assimilate forms, styles, etc., from Hindi. In other words, the Union Hindi is to be different in form and content from the regional Hindi or Hindi States. The regional Hindi of VIII Schedule has been termed as 'High Hindi' serving the needs of a region, whereas the Hindi or Art.351 has been termed as Hindi serving as a common medium of all peoples of India. It has been further argued that the Union Hindi is meant to serve public men, leaders, ministers, ambassadors, newspapers, etc., in fact, all others when they meet in a conference. This Hindi, it has been sought to make out, will be inclusive and extensive, not exclusive and intensive.

It has to be simple as against the Sanskritised and pedantic Hindi of the Hindi States. Thus a controversy about 'two Hindis' has been sought to be raised in certain quarters. The Union Hindi has been described as RASTRABHASHA (राष्ट्रभाषा) as against the RAJYABHASHA (राज्यभाषा) of the States.

This interpretation is, to say the least, most unsound and Art.351 is being given an import far from the intentions of the Constitution makers. It has only to be remembered that every language has two forms-one used for literary purposes and the other for common parlance. The literary language gives expression to moods, thoughts, the musings and fancies of the best minds, the other form is something to which ever one speaking that language contributes. It is like a city to which every human being bring a stone in the words of Emerson. This is true not only of any foreign language but also of an indigenous language, be it Hindi or any regional language. It should not be forgotten that the development of a language depends solely upon it gifted writers and literary geniuses. Then a language develops by usage. It develops in response to the requirements of a society for communication and intercourse. Hindi and also other regional languages were used in the past for an almost all purposes at village, tahsil and even district levels. These languages were also capable of being used in the higher administration. They, however, fell into disuse. For over a hundred year now English has been the official language both at the Central and in the States. The deficiencies from which Hindi or, for that matter, any other regional language at present suffers, can be removed only by bringing them into actual use for purposes of State and Union administration. The first thing, therefore, that need to be done is to develop Hindi vocabulary. In the adoption of new words we have to give up for good any purist attempt to exclude words, idioms etc., on the ground that they do not belong to the source from which the language is derived. In Hindi we find not only Sanskrit words but also words from languages having their origin in Arabic, Persian, Latin, French, Spanish, Dutch etc. We have to absorb within the genius of the Hindi form,

the style and expressions of all the languages. Once we have built up a large store of rich words, subtle distinctions in meanings and interpretation could be more easily expressed. A language has to be developed and its literature enriched to enable it to become a fit vehicle of expression by all elements of a composite culture. This can best be done by building upon the foundation of existing forms and style of the language and also by fortifying it with all that can easily be adopted from other sister languages.[5]

According to the H.M.Seervai, it may seem strange that Art.351 should indicate that new words should be chosen primarily from Sanskrit and secondarily from other language but a history of this provisions enables us to understand this definition even though it may not justify it. The reference in Art.351 to Sanskrit, and its inclusion in Schedule VIII as one of the language of India, requires a brief explanation.[6]

Art.351 no doubt suggests that a language can be built-up by resorting to Sanskrit lexicons and substituting a Sanskrit word for an English equivalent. But language can not be made to order, and unless the word used 'come home to men's business and bosoms' they will secure no hold on the minds or the hearts of men.[7]

This explains why Art.351 has been incorporated in the Constitution. It is not so much a question of two Hindis as a question of improving and developing the form and style of the present Hindi to enable it to fulfill the role of the Union language.

III : Indian Judiciary and development of Hindi through Sanskrit :

Justifying the promotion of Hindi, Supreme Court held in Dalavai Case that Hindi, was essential to maintain the unity and integrity of the country. In the instant case arising from Madras, the Supreme Court struck down a pension scheme for anti-Hindi agitators formulated by the Government of Tamil Nadu on the grounds that the executive act contravened Art. 351 of the Constitution of India. The court held that the scheme was violative of Art. 351 and consequently, unconstitutional. The observations of Ray, C.J., are worth quoting:

"in our opinion the pension scheme.... contains the vice of disintegration and fomenting fissiparous tendencies. If any State will be engaged in exciting emotion against Hindi or any other language, such provision has to be nipped in the bud because their are anti-national and anti-democratic tendencies."[8]

In order to develop skill in Hindi, the Central Government provided in-service training to its employee under 45 years of age. This objective received a booster in the Supreme Court decision in Union of India Vs. Murasoli Maran Case.[9] The respondent Murasoli was a Member of Parliament. He on his own behalf, and another who was a postal employee, both non-Hindi speaking, challenged the compulsory 'in service training in Hindi' project for the benefit of the Central Government employees. The learned Chief Justice declared as under :

(a) The official language of the Union would be Hindi, although Art343 permitted the

use of English during the first fifteen year ending 25th January, 1965. After the cut-off date the use for English could be permitted by Parliament, by law.

(b) It was clear that continuing duty of the Central Government to promote the spread of Hindi language. The direction issued by the department of government under the Presidential order, 1960 would be effective even after 26th January, 1965.

(c) Art. 344 established the machinery and procedure for the lingual changeover.

(d) The operation of the Official Language Act and Presidential Order were in different field, and had different purposes. The two were not inconsistent with one another.

(e) It would be strange if the steps necessary for the lingual change-over would be given up at the expiry of the first fifteen years.

In this case, the Court also pointed out that training in Hindi was being provided free and cost and during office time and no penalty was attached for failing to complete the training.[10]

After the Morasoli Maran case, it appeared that gradually several High Court had also change their conservative approach towards Hindi and adopted liberal approach towards Hindi. It has been proved in later case decided by Allahabad High Court. In the instant case[11] Justice M.N.Shukla and Gopi Nath clarified the status of Art.348(2) in which Governor's power to notify use of Hindi or any other language as official language of the State. Justice M.N.Shukla obviously stated that one the Governor issued such a notification, an individual acquired a legal right to use the language prescribed by the notification for writing a petition under Art.226. This provision meant that the Governor's power under Art. 348 (2) to introduce any language other than English could not extend to judgment, decrees or order passed by the High Court. But because of the opening word of Art.348 (1), it was competent for the Union Parliament to override this proviso. That has been done by Sec.7 of the Official Language Act, 1963, which enables a High Court to use a language other than English in its judgment etc. This power had been exercise by the U.P. Government. In the result, it was open to a judge of the Allahabad High Court to pass his judgment etc., in Hindi however, he cannot be compelled to do so.[14] Justice O.P. Garg in same High Court, in an instant case observed that the Allahabad High Court Rules, 1952 have been suitably amended with a view to promote the use of Hindi in this court.[13]

In Santosh Kumar Vs. Secy. Ministry of Human Resources and Development,[14] Supreme Court emphasized the importance of Sanskrit in the spread and development of Hindi as envisaged under Art.351.

"indeed our Constitution requires giving fill up to Sanskrit because of what has been stated in Article 351, in which while dealing with the duty of the Union to promote the spread of Hindi, it has been provided that it would draw, whenever necessary or desirable, for its vocabulary, primarily on Sanskrit. Encouragement of Sanskrit is also

necessary because of its being one of the language included in the English Schedule."[15]

Stating the importance of Sanskrit, Justice B.L. Hansaria concluded his judgment by saying that in view of importance of Sanskrit for nurturing our cultural heritage, because of which even the official education policy had highlighted the need of study of Sanskrit, making of Sanskrit alone as an elective subject while not conceding this status to Arabic and or Persian, would not in any way militate against the basic tenet of secularism.

However, two northern High Court decision, has turned the table related to language related issue. Rajasthan High Court in Munnoram Vs. Hariram case,[16] in which a submission was made that the judgment of the lower courts were in Hindi and the documents were also in Hindi and the poor litigants should not be made to suffer by asking them to supply the translation of the same, because of the transfer policy implemented by the government. It may be noted that proviso to the section 47 of the Rajasthan High Court Ordinance provided that where a judge hearing a case is not familiar with the Hindi language, the proceedings may be conducted by him in English.[17]

In this case, Vaidya, J., has held that the State Government which was custodian of the interest, more particularly, of the poor litigants should have to adopt itself to the transfer policy by seeking that the court proceeding were not held up for want of translation and the litigants was not divided cheap and expeditions justice on the ground of language problem alone, by seeking that the relevant document and the judgments of the court below was translated into English. The State of required to thank, decide and do anything pursuant thereto, the common man of the country and his right under Constitution should be the only and foremost consideration. If this was not done, it would create many problems both for the administrative of justice and for the litigants approaching this institution for getting Justice.[18]

In Dr. Amaresh Kumar Vs. Lakshmibai National College of Physical Education, Gwalior,[19] the petitioners has submitted that since Hindi has been declared as national language and Lakshmibai National College of Physical Education, Gwalior was under the Control of Union of India, the student be permitted to write their Examination paper in National language. It was contended that the prospectus of the course was issued before the admission of the student and it had been made very clear in the prospectus that medium of instruction should be English only. The student joined the institution knowing fully well that the medium of instruction was English and at the time of Examination they could not complain about the medium of instruction.

In this case, respondent's counsel Mr. Roman contended that the matter was related to policy of imparting instructions in English and so according to decision of Hindi Hitrakshak Samiti, no writ could be issued against the respondents. Learned counsel also mentioned English Medium Parents Association case in which Supreme Court considered the importance of Article 350–A and held that the facilities for instruction in mother

tongue at primary stage should be endeavoured of every State and by every local authority within the State to provide adequate facilities for instruction in the mother tongue at the primary stages of education to children.

In this case Justice S.S. Jha of Madhya Pradesh High Court strongly came forward for supporting of Hindi and lashout to English by saying that :

"though India won its independence on 15th August, 1947, yet we could not overcome the mental slavery till today. It is well known that very little percentage of Indian population knows English, yet vested interest of majority of people who had advantage of being in higher post on account of knowledge of English, never wanted this Article i.e., Article 342(1) should came into force. They have a feeling of superiority an account of the knowledge of English. It is well-known that child learns the language of his mother and understand the same. On account of imposition of English majority having better knowledge cannot achieve the expected result on account of their failure to express or write their views in English had given an impression that we were still under the clutches of the British Rule with the result those, who have knowledge of English, yet less intelligent had become superior to majority of students who have little or no knowledge of English. With the result the language English as imposed in doing more harm in development of intellect of the child."[20]

Further, the court went on to say that the framer of the Constitution were aware of this fact but few people's vested interest had stalled development of official language and regional languages of India. The citizens of India were still forced to face the trauma of the past period of English dominion over India by the imposition of English upon them. The act of imposition of English had given an impression that we were still under the clutches of the British Rule.

The Court further observed that the pious intention of the framers of the Constitution was to get rid of English, to wash away bitter memories of British Rule over India. But the officials, who have negligible percentage have a feeling that abolition of English cause disappearance of their superficial superiority over others.[21]

S.S.Jha, J., concluded his judgment by saying that the officers could not ignore Constitutional obligation of Union of India and its employees were bound to implement notification under Art.351 and citizens of India be allowed to forget the bitter past of British Rule over India.

It appeared from the above judgment that Court has recognised the status of Hindi as official language and exhorted that Art.351 is obligatory clause for every citizen and Govt. official to promote Hindi.

Recent Judgments :

What harm will learning Hindi do : Madras High Court ask Tamilnadu Govt.[22]

"What harm will learning Hindi do? Many have lost the opportunity of getting

central government jobs without knowing Hindi," the Madras High Court said on 24-01-2022. The first bench of acting Chief Justice Munishwar Nath Bhandari and Justice P D Audikesavalu made the observation while hearing a public interest writ petition seeking implementation of the National Education Policy (NEP) 2020 in Tamil Nadu. Responding to the observation, TN advocate-general R Shunmugasundaram said, "The Tamil Nadu government follows two-language policy and not three-language policy as it would be overburdening students." Moreover, no one is stopped from learning Hindi in the state. "There are institutions like the Hindi Prachar Sabha where one can learn Hindi," he added.

To this, the court said, "Learning is different from teaching". The court then admitted the plea moved by Arjunan Elayaraja of Cuddalore and directed the state to respond within four weeks. 'Learning only mother tongue won't be helpful'

According to the petitioner, learning only a person's mother tongue would not be helpful. The language has to go hand in hand with other Indian languages, particularly Hindi and Sanskrit, he said :

"...the authorities must take concerted effort in implementing NE and also in upholding the constitutional mandates and the directions of the Supreme Court," the petitioner said. One has to shudder over what would be the consequence if every state would take a stand like Tamil Nadu.

Actually, NEP does not impose either Hindi or Sanskrit. It only offers multiple languages and introduces a three-language policy with emphasis on mother tongue, he said. "But considering the constitutional mandate and the judgments of the Supreme Court the state has to make Hindi compulsory and may be, Sanskrit optional," the petitioner claimed.

Step-motherly treatment to 'Sanskrit' by Uttar Pradesh : Allahabad High Court[23]

Recently Allahabad High Court rebukes Uttar Pradesh Government for Step-motherly treatment to 'Sanskrit'. On January 20, 2022 The Allahabad High Court has pulled up the Uttar Pradesh government on the recruitment of Sanskrit teachers in schools, stating that the state government cannot treat Sanskrit, one of the oldest languages of Indian civilization, as a stepmother.

A Single-Judge Bench of Justice Rohit Ranjan Agarwal passed this order on January 7, 2022 while hearing a petition filed by one Badri Nath Tripathi, challenging his removal from the District Institute for Education and Training (DIET, Bansi, Siddharth Nagar, where he was teaching as Guest Lecturer. According to the instant Writ Petition, Tripathi was teaching Sanskrit in DIET, Bansi from 2012. Since there was no post of lecturer of Sanskrit in the institute, the petitioner was appointed on a contractual basis.

The plea said the Director of DIET, on July 14, 2021, wrote to various institutions situated at Mainpuri, Bijnore, Saharanpur, Hardoi, Lakhimpur Khiri, Chandauli, Sonbhadra, Maharajganj, Deoria, Kushinagar, Chittrakoot and Siddhartha Nagar,

